पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
सतना (म.प्र.)

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## नवम पुष्प : 2025-2026





























# हमारे प्रेरणास्त्रोत



पं. नीलकंठ मिश्र (दाऊ)
जन्म : भाद्रपद शुक्ल 7, वि.सं.1938
निर्वाण : चैत्र शुक्ल 11, वि.सं. 2020



श्रीमती इंद्रा बाई (बुआजी)
जन्म : श्रावण शुक्ल 3, वि.स. 1958
निर्वाण : भाद्रपद शुक्ल 12, वि.स. 2043



पं. गणेश प्रसाद मिश्र



श्रीमती शांति मिश्रा



ॐ

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## नवम पुष्प : (सत्र : 2025-2026)


**न्यासी मंडल**

डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष)
श्रीमती आशा रावत (सचिव)
श्रीमती मालती मिश्रा (न्यासी)
श्रीमती रेखा अवस्थी (कोषाध्यक्ष)
डॉ. रचना मिश्रा,
श्रीमती प्रमिला मिश्रा व संकल्प मिश्र



**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

नेह निकुंज, बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)
नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)

# अनुक्रम


1. पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व 7
2. ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति मां शांति मिश्रा 9
3. अध्यक्षीय मनोगत : 12
4. कार्यक्रम विवरण :
   1. श्रीरामनवमी शोभा यात्रा एवं गंगाजल वितरण 17
   2. धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा 20
   3. सुंदरकांड पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा 22
   4. अष्टम पुष्प लोकार्पण 25
   5. 44वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 27
   6. सुंदरकांड पाठ एवं अष्टम पुष्प लोकार्पण 29
   7. वृक्षारोपण अभियान 32
   8. वृक्षारोपण अभियान 33
   9. वृक्षारोपण अभियान 34
   10. वृक्षारोपण अभियान 35
   11. चलता फिरता मुफ्त अस्पताल 36
   12. चलता फिरता मुफ्त अस्पताल 37
   13. नेजा सम्मान समारोह 39
   14. चलता फिरता मुफ्त अस्पताल 40


| | | |
|---|---|---|
| 15. | वृक्षारोपण अभियान | 41 |
| 16. | ऑपरेशन सिंदूर पर धन्यवाद समारोह | 42 |
| 17. | संस्कृत पाठशाला में सामग्री वितरण | 44 |
| 18. | चलता फिरता अस्पताल, स्वास्थ्य शिविर | 45 |
| 19. | तिरंगा यात्रा | 47 |
| 20. | वृक्षारोपण अभियान | 49 |
| 21. | वृक्षारोपण अभियान | 50 |
| 22. | डॉ. राकेश मिश्र जी का स्वागत-वंदन-अभिनंदन | 51 |
| 23. | हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला प्रशिक्षण कार्यशाला | 55 |
| 24. | 45वें स्वास्थ्य शिविर हेतु बैठक | 58 |
| 25. | 'समिधा' पुस्तक का लोकार्पण | 61 |
| 26. | परम पूज्य दद्दा जी की जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा | 65 |
| 27. | चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल | 66 |
| 28. | दद्दा जी की जन्म जयंती समारोह | 68 |
| 29. | 45वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर | 70 |
| 30. | 45वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय दिवस) | 74 |
| 31. | श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर वृद्धजन सम्मान | 77 |
| 32. | सतना हाफ मैराथन हेतु बैठक | 80 |
| 33. | स्वतंत्रता दिवस समारोह | 83 |
| 34. | सतना हाफ मैराथन : 2025 | 85 |
| 35. | हरा भरा सतना अभियान | 95 |
| 36. | 'स्वास्थ्य शिविर' चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | 96 |
| 37. | श्रद्धांजलि सभा एवं सुंदरकांड पाठ | 98 |
| 38. | 46वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर | 101 |
| 39. | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल | 103 |

40. एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर 104
41. नवम व्याख्यान माला (राष्ट्रीय सुरक्षा) 106
42. एकपात्रीय नाट्य मंचन (आदि शंकराचार्य जी) 110
43. एकपात्रीय नाट्य मंचन (योद्धा संन्यासी) 113
44. 47वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 117
45. 77वाँ गणतंत्र दिवस 122
46. गणतंत्र दिवस समारोह 124
47. दंडी साधुओं का सम्मान 125
48. एक शाम शहीदों के नाम 127
49. 48वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 128
50. महाशिवरात्रि (शिव–पार्वती विवाह) 133
51. वृक्षारोपण अभियान 135
52. स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल) 136
53. स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल) 138
54. स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल) 140
55. स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल) 142
56. स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल) 144
57. श्रीरामनवमी शोभायात्रा 146
58. वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन (प्रथम दिवस) 150
59. वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन (द्वितीय दिवस) 154

5. मुद्रित सामग्री 158

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व

## स्व. गणेश प्रसाद जी : एक तपस्वी जीवन




**जन्मतिथि : 18.07.1924 ( श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 1981 )**
**स्मृतिशेष : 01.11.2016 ( कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 2073 )**

नौगाँव नगर के निकट ग्राम धवर्रा निवासी पं. गणेश प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के कार्यकर्ता रहे। उनको चार पुत्रियाँ एक पुत्र, पुत्रवधू व पौत्र हैं। पोस्ट मास्टर से जीवन के कॅरियर की शुरुआत कर झाँसी में संघ प्रचारक बने। सन् 1948 में महात्मा गांधी हत्या के आरोप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध के समय छह माह का कारावास हुआ। आपातकाल में भूमिगत रहकर 18 माह सक्रिय रहकर कार्य किया। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के प्रकांड विद्वान पं. गणेश प्रसाद मिश्र एक मुदुभाषी, अनुशासनप्रिय व्यक्ति ये। उन्होंने कृषि कार्य में रुचि रखते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में 'वैद्य' की उपाधि प्राप्त की। पुराने लोग उन्हें आज भी 'बड़े डॉक्टर साहब' के नाम से जानते हैं। 'दद्दाजी' के नाम से सुविख्यात वे तृतीय वर्ष शिक्षित होकर आजीवन संघ के सक्रिय स्वयंसेवक रहे। शिक्षक के नाते अनेक संघ शिक्षा वर्गों में एक-एक माह शिक्षक बनकर जाते रहे। शिक्षादान जैसे कार्य में उनकी विशेष रुचि होने से उन्होंने गणित, अंग्रेजी संस्कृत के विषय में बी.ए., एम.ए. के अनेक छात्र-छात्राओं को सदैव ज्ञानोपार्जन कराया। सरस्वती शिशु मंदिर नौगाँव में आचार्य से लेखापाल तक उनका शानदार प्रदर्शन रहा। वे आजीवन गौसेवा में रत रहे। अपने अंतिम समय में पाँच गायों की सेवा -सुश्रूषा ही उनका मुख्य कार्य हो गया था। संभाग में जब कोई प्राइवेट आई.टी.आई. नहीं थी तो उन्होंने कंपनी बाग ईसानगर रोड नौगाँव में आई.टी.आई. प्रारंभ की, जो उत्तरोत्तर उन्नति करती गई। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि का ही परिणाम था कि उन्होंने अपनी चारों पुत्रियों को

मास्टर डिग्री तथा बी.एड. तक शिक्षित कराया। वहीं एक पुत्री व पुत्र को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कराई। सभी पुत्रियाँ भी शिक्षकीय कार्य में हैं। वहीं पुत्र संघ के प्रचारकों की श्रेणी में आकर अ.भा. विद्यार्थी परिषद् के प्रांत अध्यक्ष, प्रांत प्रमुख व प्रांत संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत के दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। डॉ. राकेश मिश्र भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी के कार्यकारी सचिव के रूप में दिल्ली में कार्यरत रहे हैं। वर्तमान में भाजपा मुख्यालय में अनेक दायित्वों का वहन कर रहे हैं।

श्री मिश्र जी ने अयोध्या आंदोलन में, 1990 की कार सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 1992 में विवादित ढाँचा विध्वंस में छतरपुर जिले के दो कार सेवकों में से वे एक थे, जो वहाँ पहुँच सके। 1990 की कश्मीर की 'एकता यात्रा' में डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में यात्रा के समापन में लाल चौक पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए गए। भारत भ्रमण व संस्कृति परिचय में उनकी गहन रुचि रही। लेह-लद्दाख में सिंधु दर्शन यात्रा रही हो या अमरनाथ की यात्रा, वे हर जगह सपत्नीक सहभागी रहे। अरुणाचल प्रदेश का परशुराम कुंड हो या कन्याकुमारी में धनुषकोटि तथा गंगोत्तरी में गौमुख तक की दुर्गम यात्रा या गंगासागर का पवित्र जल, सभी दुर्गम स्थानों पर आम पर्यटक की तरह उन्होंने यात्राएँ की। अपने अनुभवों का लेखन साझा किया। साधनों की शुचिता व नैतिकता के पक्षधर श्री मिश्र ध्येय के प्रति समर्पित, दृढ़ निश्चयी व कठोर परिश्रमी रहे। जब लोग त्योहारों में प्रसन्नता मनाते, वे अपने कार्य में मौन रूप से लगे रहकर दीन-दु:खियों के साथ सेवा में लगे रहते थे।

93 वर्ष को आयु में वे पूर्ण स्वस्थ थे। 16 अप्रैल, 2016 को अचानक हुए मस्तिष्क आघात में वे कोमा में चले गए। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) व डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में तीन माह तक गहन चिकित्सा हुई। न्यूरो वैज्ञानिकों के लिए इतनी उम्र का यह पहला केस था, जिसमें रोगी इतनी तीव्र गति से ठीक होकर पुन: नौगाँव अपने घर पर ही विश्राम करने लगा। डॉक्टरों का मत था कि इनकी गौसेवा, खानपान, दिनचर्या से ही इनका जीवन प्रेरणादायी है। 1 नवंबर, 2016 को प्रात: 6.30 बजे वे इस लोक से मुक्ति पाकर गोलोक धाम को प्रस्थान कर गए। अंतिम संस्कार में देश-विदेश की महान् हस्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। संपूर्ण जिले के प्रमुख व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली से लेकर गाँव तक शोक की लहर दौड़ गई।

**ऐसे महान् प्रेरक व्यक्तित्व को प्रणाम और विनम्र श्रद्धांजलि!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**

# ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति माँ शांति मिश्रा

## पति : स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र ( दद्दाजी )




**जन्मतिथि : 02.08.1927 ( श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत् 1984 )**
**स्मृतिशेष : 15.04.2017 ( वैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत् 2074 )**

ममता की मूर्ति, करुणामयी, सौम्य, मृदुभाषी एवं शांत, यथानाम तथागुण माँ 'शांति देवी' ने हमेशा कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए अपने नाम को चरितार्थ किया। 2 अगस्त, 1927 को सिंगरावन कलाँ (मायका) में पुराने जमींदार की बेटी के रूप में जन्म लेकर बड़े ही लाड़-प्यार में पली थी। मात्र तेरह वर्ष की उम्र में विवाह-बंधन में बंधकर एक अत्यंत सामान्य परिवेश में आ गईं और उनकी परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो गया।

पति स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में रचे-बसे, घर-बार छोड़कर देशसेवा हेतु चले जाने के पश्चात् पतिपारायण होकर दोनों कुलों की मर्यादाओं का निर्वहन बड़ी दृढ़ता के साथ किया। पाक कला में निपुणता, ससुराल की अकेली बहू द्वारा सभी का मान-सम्मान आदि दायित्वों का निर्वहन करते हुए वे ससुराल में अपनी बड़ी ननद (स्व. इंद्रा बाई), जो माँ तुल्य थीं, की प्रिय बन गई।

सन् 1948 में पति झाँसी में पोस्टमास्टर की सेवा से त्याग-पत्र देकर संघ कार्य में प्रचारक हो गए। गांधीजी की हत्या के समय पति के छह माह जेल में रहने पर उन्होंने बड़े साहस के साथ अपने वृद्ध सास-ससुर एवं ननद का सहयोग किया। वे बड़ी धर्मपरायण, कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी एवं स्पष्ट बोलने वाली थीं। संपूर्ण परिवार को एक सूत्र में बाँधने की कला में निपुण थीं, जिससे हर व्यक्ति अपने आपको उनसे जुड़ा हुआ पाता था।

विवाह के लगभग 10–12 वर्ष की कठिन परिस्थितियों के पश्चात् उन्होंने क्रमशः चार पुत्रियों (आशा, मालती, रेखा व डॉ. रचना) तथा एक पुत्र (डॉ. राकेश) को जन्म दिया। उन परिस्थितियों में भी उन्होंने पति व ननद के सहयोग से पुत्रियों को बेटों जैसा लालन–पालन व शिक्षा–दीक्षा प्रदान की। अपने पुत्र–पुत्रियों में भेद न करते हुए उन्होंने सभी का समान लालन–पालन कर उन्हें संस्कारों का धनी बनाया, जिसकी वजह से आज उनकी जीवन–बगिया हरी–भरी और खुशहाल है।

धर्म में उनकी गहन रुचि थी। प्रत्येक तीज–त्यौहार को व्यवस्थित एवं पूरे मनोयोग से मनाती थीं। सोते समय 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का पाठ जरूर करती थीं। लोक–कथाओं का उनके पास अथाह भंडार था, जिसका वे समय व परिस्थिति को देखते हुए उपयोग करके बच्चों का मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन कर उनका ज्ञानवर्धन भी करती थीं। शिक्षा के प्रति गहन रुचि होने के कारण उन्होंने पति (दद्दाजी) के सहयोग से अपने आपको पढ़ने–लिखने में पूर्णरूपेण दक्ष कर लिया। पुस्तकें व दैनिक समाचार–पत्र उनकी नियमित दिनचर्या के भाग थे।

उनमें नेतृत्व के भी गुण थे। धवर्रा गाँव में वार्ड मेंबर का चुनाव वे हमेशा निर्विरोध जीतीं और उप–प्रधान के पद पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्यों को भी बखूबी निभाया। पग–पग पर उन्होंने अपने पति का साथ दिया। आपातकाल के दौरान अठारह महीने तक जब दद्दाजी भूमिगत रहे, तब उन्होंने माँ एवं पिता की भूमिका बखूबी निभाई और दद्दाजी के देशहित के कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया।

भारत–भ्रमण एवं संस्कृति–परिचय में भी उनकी गहन रुचि रही। दद्दाजी के साथ चारों धाम की तीर्थयात्रा, लेह–लद्दाख में सिंधुदर्शन, अमरनाथ एवं गौमुख जैसी दुर्गम यात्राओं में भी सहभागी रहीं। जटाशंकर धाम एवं अबार माता के दर्शन उनके जीवन का महत्त्वपूर्ण पड़ाव था। गौसेवा के प्रति उनका विशेष रुझान था। जब भी समय मिलता, वे गौसेवा में लग जाती थीं।

स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सदैव सतर्क रहतीं एवं अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखती थीं। उनके इस व्यवस्थित जीवन के कारण उनकी स्मृति तीक्ष्ण थी एवं दाँत मजबूत थे। वे बिना चश्मे के लिख–पढ़ लेती थीं। छोटी–मोटी घरेलू दवाइयाँ व नुस्खे उन्हें खूब आते थे। गाँव में वे अनेक महिलाओं व बच्चों की देसी दवाई भी कर देती थीं। इसलिय लोग 'बाई का बटुआ' पूछते रहते थे।

90 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में अपने पुत्र डॉ. राकेश मिश्र के निवास पर अचानक हृदयाघात के कारण उन्हें डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में ले जाया गया। पुत्रवधू प्रमिला एवं संकल्प (पौत्र) ने वरिष्ठ चिकित्सकों से

उचित चिकित्सीय परामर्श किया; किंतु विधि की नियति के अनुसार वे स्वर्गवासी हो गई। पूरे परिवार में अचानक हुई इस दु:खद घटना से शोक की लहर दौड़ गई।

उस समय उनके पुत्र डॉ. राकेश मिश्र भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में थे। यह खबर मिलते ही वहाँ श्रीमती शांति मिश्रा के लिए शोक सभा एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंतिम संस्कार में देश-विदेश के कई महान् व्यक्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख व्यक्तियों, राजनेताओं एवं अधिकारियों ने स्वयं अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस वर्ष 2 अगस्त, 2026 से इस पुण्यात्मा का जन्मशती वर्ष प्रारम्भ होने वाला है। इसमें इन्हें समर्पित करते हुए विविध कार्यक्रमों का आयोजन साल भर किया जाएगा।

**माँ, दादी, परदादी, नानी एवं परनानी सभी रिश्तों को प्रेरणा प्रदान करनेवाली महान् व्यक्तित्व की धनी स्व. शांति मिश्रा को शत-शत नमन एवं वंदन!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**

# अध्यक्षीय मनोगत :

## सेवा न्यास का प्रयास : समाज का हो समग्र विकास

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास 'सेवा परमो धर्म:' के मूल मंत्र के साथ चलते हुए नौ वर्ष का कालखंड पूरा किया है। इस अवधि में सेवा न्यास का एक ही प्रयास रहा है कि समाज का समग्र विकास कैसे हो?

भारत के हृदय भाग में विराट व्यक्तित्व और महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की स्मृतियों को संजोने, उनके सेवाभावी संदेश से समाज को सशक्त बनाने तथा दया, करुणा और ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति मिश्रा जी की प्रेरणा से 2017 में पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के नाम पर स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए हैं। सेवा न्यास का प्रयास रहा है कि समाज का समग्र विकास हो। न्यास के लिए यही संतुष्टि का आधार है और प्रेरणा का स्रोत है। स्थापना के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं और हर वर्ष सेवा न्यास सेवा भावी होकर समाज को सशक्त बनाने के लिए क्रियाशील रहा। विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया। स्थापना के बाद से ही न्यास की ओर से स्थायी एवं सामयिक कार्यों की लंबी सूची है। न्यास द्वारा 48 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, किसानों की समृद्धि के लिए किसानों को सब्जी का प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराना, प्रतिभा सम्मान समारोह, धार्मिक यात्रा, चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल, मैराथन का आयोजन, माघ मेला, महाकुंभ में विशाल शिविर, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया। न्यास के सेवा कार्यों को संकलित कर प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी 'नवम' पुष्प प्रकाशित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। दद्दा जी जैसे विराट व्यक्तित्व स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए ही जन्म लेते हैं। समाज और राष्ट्र के लिए उनमें जो सेवा और समर्पण का भाव था, उससे वे महान साधक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे और चिरस्मरणीय बनाने हेतु सेवा न्यास कार्य कर रहा है। सेवा न्यास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को भी समझकर और उसके समाधान का प्रयास किया जाता रहा है।

इस बात के लिए भी सुखद अनुभूति हो रही है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने अपनी स्थापना के नौ वर्ष की यात्रा में समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लिए वह कर दिखाया है, जिसकी कल्पना सामान्यतया नहीं की जा सकती है। समाज की

सेवा हो या संस्कृति का संरक्षण, समृद्ध और सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग हो या बुन्देलखंड की बुलंद विरासत को बचाने की बात, सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार और कन्या के विवाह में आर्थिक सहयोग हो या सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, पर्यावरण की रक्षा हो या स्वच्छता अभियान, स्वस्थ समाज का निर्माण हो या प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का अवसर देना। हर दृष्टि से "सेवा परमो धर्मः" और "नर सेवा नारायण सेवा" को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मानवता की सेवा के लिए एक ऐसी लकीर खींच दी है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। सर्वे भवन्तु सुखिनः को साकार करने के उद्देश्य के साथ नित्य प्रतिदिन सेवा न्यास ने मानवता की जो सेवा की है, उससे महज एक क्षेत्र विशेष नहीं, बल्कि राष्ट्रीय क्षितिज पर हमने अपनी पहचान बना ली है।

देश के विविध शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन कर समाजसेवा, संस्कृति संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में न्यास के इस एक वर्ष के कार्यों का लेखा जोखा के साथ हमें न्यास द्वारा प्रकाशित नवम पुष्प को प्रकाशित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। मानवता की सेवा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग, प्रतिभाओं का प्रोत्साहन, बौद्धिक संवर्धन एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों का संकलन इसमें प्रस्तुत किया जा रहा है।

**(1) सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया :** स्वस्थ्य समाज का निर्माण के लिए न्यास निरंतर सक्रिय रहा है। न्यास की ओर से अब तक 48 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सतना, मैहर, छतरपुर, प्रयागराज, महोबा जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जा चुका है, जिसमें गरीब लोगों को मुफ्त उपचार, दवाइयाँ, ऑपरेशन व आवागमन की सुविधा भी प्रदान की जाती रही है। अभी तक लगभग दो लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के हजारों मरीजों की विभिन्न बीमारियों की हजारों रुपए में होने वाली जाँचें पूर्णतः निःशुल्क की गईं। इसी तरह आंख एवं कान मरीजों के बीच चश्मा एवं श्रवण यंत्रों का वितरण किया गया। प्रयागराज माघ मेले में भी साधु संतों सतना एवं मैहर जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया गया। इससे ग्रामीण क्षेत्र में असमर्थ लोग अपने उपचार के बाद भाव विह्वल हो गए।

**(2) अपना सपना-हरा भरा सतना :** न्यास ने पर्यावरण संरक्षण के लिए "अपना सपना, हरा भरा सतना" का अभियान चलाया, जिसके तहत सतना एवं मैहर जिले में कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण करते हुए धरती पर हरियाली लाने का प्रयास चल रहा है। इसके तहत विभिन्न गाँवों में वृक्षारोपण किया गया। लगाये गए पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए नियमित ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन किया जाता

है। लोगों को न्यास की ओर से विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित भी किया जाता है। वृक्षारोपण हेतु हजारों की संख्या में फलदार पौधे विभिन्न अवसरों पर वितरित किए गए। "पॉलीथीन मुक्त भारत" अभियान के तहत न्यास की ओर से अब तक दो लाख से अधिक कपड़े के थैले वितरित किए गए हैं और यह अभियान निरंतर जारी है। प्लास्टिक का चूरा बनाने वाली मशीन सेवा न्यास ने धवर्रा गाँव के स्वसहायतता समूह को दान में दी है।

**( 3 ) उन्नत खेती, समृद्ध किसान :** सेवा न्यास कृषकों की आर्थिक उन्नति, उन्नत वैज्ञानिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ हेतु राज्य सरकारों से पहल करके विभिन्न प्रकार के विभागों की प्रदर्शनी का आयोजन और संचालन में सहयोग प्रदान करता रहा है। आत्मनिर्भर गाँव बने इस दिशा में दस हजार किसानों को सब्जियों के बीच वितरित किए गए। गाँव एवं हर खेत तक बिजली पहुँचाकर न्यास ने इस क्षेत्र की तस्वीर बदलने में महती भूमिका निभाई है।

**( 4 ) प्रतिभाओं को प्रोत्साहन :** सेवा न्यास सांस्कृतिक क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों में पुस्तकें, कॉपी, पेन, छाता, घड़ी, पेंसिल, ड्रेस, बस्ते, ट्रॉफी, क्रीड़ा, उपकरण, कलेंडर के वितरण के साथ-साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम, स्वदेशी एवं समरसता का भाव भी जाग्रत करता है। मेधावी एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहनस्वरूप नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान करता है। सतना एवं मैहर जिले में स्कूल बैग एवं घड़ियों का वितरण जरूरतमंद छात्रों के बीच निरंतर किया जा रहा है। अब तक हजारों छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है।

**( 5 ) पेयजल :** स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से कैट कंपनी द्वारा अभी तक एक सौ बीस शासकीय विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों को बिना बिजली के चलने वाले पोर्टेबल आर.ओ. दिए जा चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक हैं। विद्यालयों में 500 लीटर की दो सौ टंकियों के वितरण व फिटिंग करके न्यास ने बालिकाओं के पेयजल एवं शौचालय हेतु पानी उपलब्ध कराया है।

**( 6 ) सामूहिक विवाह एवं कन्या विवाह में आर्थिक सहयोग :** न्यास की ओर से सामूहिक विवाह का आयोजन एवं पुत्री के विवाह में आर्थिक मदद की जाती है। इसमें अब तक सैकड़ों जोड़ियों का विवाह धूम-धाम से आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से भी निर्धन लोगों की पुत्री के विवाह में लोगों को आर्थिक मदद भी दी गई है।

**( 7 ) धर्मो रक्षति रक्षित :** न्यास की ओर से धर्म नगरी प्रयागराज में माघ महात्म्य कथा, श्री राम कथा एवं श्रीमद्भागवद कथा का आयोजन प्रतिवर्ष किया

जाता है। इसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन, संगीतमय भागवत–रामायण कथा, श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ, रामलीला मंचन, भजन–कीर्तन, सत्संग, पूजा–पाठ, गौ–सेवा, भोजन, भंडारों के साथ–साथ धार्मिक पुस्तक वितरण जैसे कार्यों को करते हुए सनातन धर्म के उत्थान, सत्कर्म हेतु प्रेरित कर संस्कृति एवं सभ्यता का प्रचार–प्रसार करता है। प्रयागराज में माघ मेले में इस वर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष माघ माह में बुंदेलखंड एवं विन्ध्य क्षेत्र के पाँच सौ श्रद्धालुओं ने संगम तट पर कल्पवास किया।

**( 8 ) सामूहिक उपनयन संस्कार :** पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास धर्म व सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करता है। सेवा न्यास का उद्देश्य भूले हुए संस्कारों को पुनः स्थापित करने के लिए कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाता रहा है। जिसमें विधि–विधान पूर्वक बसंत पंचमी को संपन्न किया गया। सेवा न्यास धार्मिक संस्कारों को बढ़ावा देने हेतु यह कार्यक्रम हर वर्ष करता है। माघ मेला परिसर में संत महंतों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम की अपनी महत्ता है। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से निर्धन लोगों के पुत्र के उपनयन में आर्थिक मदद दी गई।

**( 9 ) संस्कृत भाषा की उन्नति के लिए कार्य :** न्यास की ओर से संस्कृत भाषा के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाते रहते हैं। संस्कृत पाठशाला भीमकुंड में वैदिक पाठ का आयोजन किया जाता है। संस्कृत के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप दस हजार रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। अब तक 90 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

**( 10 ) ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन :** "अपना सपना–हरा भरा सतना" पेड़ों के वृक्षारोपण एवं संरक्षण हेतु एक सर्वसुविधा युक्त एँबुलेंस तैयार की गई है। न्यास की ओर से लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन सतना में प्रतिदिन किया जाता है। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए पौधों की देखभाल की जाती है। न्यास की ओर से इस साल जो पेड़ लगाये गये हैं वह सब जीवित हैं। अब तक 15000 पेड़ों का निःशुल्क वितरण भी किया है।

**( 11 ) स्वच्छता अभियान :** न्यास की ओर से विशेष अवसरों पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। सुरक्षित मासिक धर्म के लिए महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया जाता है। सतना जिले का यह अभियान अत्यंत लोक प्रिय हो गया है।

**( 12 ) मैराथनों का आयोजन :** न्यास की ओर से खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए बुन्देलखंड मैराथन एवं सतना हाफ मैराथन का पाँच बार आयोजन किया

गया। इसमें देश के लगभग सभी राज्यों के 11,432 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन काफी उपयोगी और लोकप्रिय रहा। मैराथन देखने जहाँ लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी वहीं विभिन्न समाचार चैनलों की ओर से सीधा प्रसारण किया गया। जिसे देश ही नहीं दुनिया के लोगों ने भी देखा।

**( 13 ) वैचारिक गोष्ठियाँ :** समाज के बौद्धिक विकास के हेतु समसामयिक विषयों पर सेवा न्यास विभिन्न प्रकार की विचार गोष्ठियाँ भी आयोजित करता है। हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया, जिसमें विशेष विषयों पर हुई इन परिचर्चाओं में राष्ट्रीय वक्ताओं ने अपना व्याख्यान दिया।

**( 14 ) चलता फिरता मुफ्त अस्पताल :** दद्दाजी जी की जन्म शताब्दी वर्ष में "आपके द्वार–आपका अस्पताल" जनता को समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत सर्व सुविधा युक्त "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" 23 प्रकार की जाँचें एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही है। जाँच के लिए आधुनिकतम एटीएम एवं टेलीमेडिसीन सुविधा उपलब्ध है, जिससे प्रख्यात चिकित्सकों से सीधा संवाद होता है। इस चलता फिरता अस्पताल के द्वारा इस वर्ष 1850 लोगों की जाँच की गई एवं दवाइयाँ दी गई। अब तक 62 बस्तियों में 2420 लोगों की जाँच की गई एवं नि:शुल्क दवाइयाँ दी गई।

इस वर्ष 01 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026 तक न्यास की ओर से किए गए सेवा कार्यों एवं अन्य गतिविधियों का संकलन नवम पुष्प के रूप में आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

शुभकामनाओं सहित।

दिनांक : 31.03.2026

**—डॉ. राकेश मिश्र**
(अध्यक्ष)

## कार्यक्रम : श्रीरामनवमी शोभा यात्रा एवं गंगाजल वितरण

**दिनांक : 07 अप्रैल, 2025 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर के सभी नगर वासियों को महाकुंभ प्रयागराज संगम का गंगा जल वितरण किया गया। सेवा न्यास की बहिनें अमृत कलश लेकर यात्रा में शामिल हुईं। श्रद्धालुओं व भक्त जनों ने अपने-अपने दरवाजे पर गंगाजल के अमृत कलश का पूजन किया।

### गंगा जल पाकर नगर वासियों के चेहरे खिल उठे :

डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा ऐसे परिवारों के लिए लिया गया, जो महाकुंभ 2025 में प्रयागराज जाकर गंगा स्नान नहीं कर पाए, उन्हें गंगाजल वितरण की कार्य योजना बनाई गई थी। श्रीराम नवमी शोभायात्रा में नगर वासियों के लिए गंगाजल प्रदान किया गया। पूरे चल समारोह शोभा यात्रा में हर-हर गंगे-जय माँ गंगे एवं गंगा मैया की जय के जय कारों से पूरा नगर गूंज उठा।

इस दौरान प्रमुख रूप से सेवा न्यास के कार्यकर्ताओ ने सभी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में पहुँचकर गंगाजल भेंट किया।

### गंगाजल वितरण अभियान डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा अद्‌भुत कार्य : श्री योगेश ताम्रकार ( महापौर )

नगर निगम सतना के महापौर योगेश ताम्रकार ने शोभायात्रा में गंगाजल वितरण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा हर घर गंगाजल अभियान बहुत ही सराहनीय कार्य है। यह वास्तविक समाज के उत्थान के लिए किया जा रहा कार्य है। हम इसकी सराहना करते हैं और अन्य समाजसेवियों से भी आग्रह करते हैं कि इसी तरह के कार्य समरसता, सामाजिकता, सर्वजन हिताय के कार्य डॉ. राकेश मिश्र से प्रेरणा लेकर करते रहें, जिससे कि सामाजिक उत्थान में सबकी सहभागिता हो सके।

**श्री मणिकान्त माहेश्वरी जी** ने कहा कि सेवा न्यास की प्रयागराज महकुंभ-दिव्य कुंभ-भव्य कुंभ का दर्शन, चलता फिरता मुफ्त अस्पताल एवं ग्रीन एम्बुलेंस सहित तीनों झाँकियाँ आकर्षण व प्रेरणा का केंद्र रहीं। शहर में नए-नए प्रयोग डॉ. राकेश मिश्र जी करते रहते हैं। उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।




*कलश को सिर पर उठाकर चलते हुए श्रीमती वंदना बागरी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी एवं अन्य कार्यकर्ता*



*सुभाष पार्क में संतो के साथ डॉ. राकेश मिश्र जी*






*श्रीरामनवमी शोभा यात्रा में गंगाजल कलश धारण किए न्यास की बहिनें*
*एवं श्री रामदरबार का पूजन करते डॉ. राकेश मिश्र, श्री नितिन मिश्र*





*श्री राजीव व्यास एवं डॉ. राकेश मिश्र रामदरबार का पूजन करते हुए*





*शोभा यात्रा में पर्यावरण संदेश देते सेवा न्यास कार्यकर्ता 'अपना सपना हरा-भरा सतना'*

## कार्यक्रम : धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा

**दिनांक : 11 अप्रैल, 2025 से 14 अप्रैल, 2025 तक**

**कार्यक्रम स्थल : नौगाँव से अयोध्या, वाराणशी,विंध्याचल, मिर्जापुर ( उ.प्र. )**

### पं गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने श्री रामलला के किए पुण्य दर्शन

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सतना एवं नौगांव से प्रस्थान की। यात्रियों को अयोध्या, वाराणसी एवं विंध्याचल में विविध धार्मिक स्थलों का दर्शन कराया गया। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने तीन प्रमुख तीर्थ स्थलों की यात्रा करते हुए न्यास के प्रति आभार प्रकट किया। श्रद्धालुओं का पहली टोली सतना से न्यास मुख्यालय नेह निकुंज बम्हनगवाँ, रीवा रोड सतना से 11 अप्रैल (शुक्रवार) की शाम छह बजे प्रस्थान की। दूसरी टोली श्री गणेश आईटीआई नौगांव से प्रस्थान की। वातानुकूलित बस के द्वारा यात्रियों को ले जाया गया। श्रद्धालुगण 12 अप्रैल (शनिवार) को अयोध्या में सरयू स्नान, हनुमानगढ़ी में हनुमान जी के दर्शन, कनक भवन के दर्शन एवं जन्मभूमि में भगवान् श्रीराम के दर्शन तथा शाम में सरयू आरती में शामिल हुए। 13 अप्रैल (रविवार) को वाराणसी में अस्सी घाट में गंगा स्नान, बाबा विश्वनाथ, कालभैरव एवं संकटमोचन हनुमान जी का दर्शन के बाद गंगा आरती में भाग लिया। इसके बाद विंध्याचल के लिए रवाना हो गए तथा वहाँ माँ विंध्यवासिनी का दर्शन किया। इसके बाद वापसी यात्रा हुई और 14 अप्रैल (सोमवार) की सुबह सतना और नौगाँव वापस आ गए। इस यात्रा के दौरान सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र भी साथ रहे।



*सतना से बस द्वारा अयोध्या, वाराणसी एवं विंध्याचल की धार्मिक यात्रा से प्रस्थान करते सतना के कार्यकर्त्ता*




*नौगाँव से बस द्वारा धार्मिक यात्रा में प्रस्थान करते कार्यकर्त्ता*






लता मंगेशकर चौक पर तीर्थ यात्री





गंगा नदी में नौका विहार पर भ्रमण करते सेवा न्यास पदाधिकारी



सरयू मैया की आरती में नौगाँव सतना के कार्यकर्त्ता गण

## कार्यक्रम : सुंदरकांड पाठ एवं श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 17 अप्रैल, 2025 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम', धवर्रा ( नौगाँव ) महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्त्रोत व संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्रा (बाई जी) की अष्टम पुण्यतिथि पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समाज सेवा एवं धार्मिक क्रियाकलापों पर आधारित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन डॉ. राकेश मिश्र जी के पैतृक गाँव 'नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा' में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह जी (अध्यक्षता), भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार जी, विशिष्ट अतिथि श्री राकेश गोस्वामी, श्री मानवेंद्र सिंह भंवर राजा, श्री पुष्पेंद्र प्रताप सिंह जी, श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक एवं श्री बालेन्दु सिंह जी दिल्ली ने की। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में पूज्य दद्दा जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं गाँव के विकास कार्यों का जायजा लिया। सभापति कुँवर मानवेंद्र सिंह जी ने कहा कि यह वही धवर्रा है जिसमें कभी बिजली नहीं होती थी, न ही पानी। डॉ. राकेश मिश्र के विशेष प्रयासों से आज यहाँ विकास की गंगा बह रही है। इससे हम सबको प्रेरणा लेना चाहिए। इसके पश्चात अतिथियों ने सेवा न्यास द्वारा चलाई जा रही चलता फिरता अस्पताल एवं उसके द्वारा सतना जिले में की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया। सर्वप्रथम भारत माता, दद्दा एवं बाई के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। सुंदरकांड पाठ में बुंदेलखंड के टीकमगढ़ जिले से आई टीम ने प्रस्तुति दी। कई जिलों से आए हुए भक्त जनों के द्वारा राम धुन का गायन हुआ। टीकमगढ़ की भजन मंडली ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। ग्रामीण जन भाव विभोर हो गए।

सुंदरकांड पाठ के पश्चात् विशाल प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। उपस्थित नागरिकों, महिलाओं को श्रद्धांजलि सभा के उपरांत एवं ग्रामीणों के बीच उपयोगी सामग्री कपड़ा साड़ी, पैन, डायरी, कलैंडर का वितरण किया गया।

### कलयुग के श्रवण कुमार हैं डॉ. राकेश मिश्र जी : डॉ. वीरेन्द्र कुमार ( केंद्रीय मंत्री भारत सरकार )

भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार जी ने कहा कि हमारे यहाँ ऐसा कहा जाता है कि इस धरती पर साक्षात लाने वाले हमारे माता-पिता ही बच्चों के लिए ईश्वर होते हैं। इसी भाव को चरितार्थ करते हुए आज के भौतिकवादी युग में ऐसे माता-पिता के भक्त डॉ. राकेश मिश्र ही हैं। मैं राकेश जी के माता पिता से कई

बार मिला और उनसे हमेशा अनेकों अच्छी शिक्षा मिलतीं थीं। माताजी प्रेम से भोजन कराती थी और वह कहती थीं भैया बहुत अच्छा काम कर रहे हो।

**कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति रही :** मा. कुंवर मानवेन्द्र सिंह (सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश), डॉ. वीरेन्द्र कुमार (केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, भारत सरकार), श्री बाबूराम निषाद (सांसद राज्य सभा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उ.प्र.), श्री राकेश गोस्वामी (विधायक महोबा), श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर (सदस्य, विधान परिषद एवं पूर्व जिलाध्यक्ष महोबा), श्री ब्रजभूषण सिंह, गुड्डू राजपूत (विधायक चरखारी), श्री मानवेन्द्र सिंह (पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश), श्रीमती रेखा यादव (पूर्व विधायक बड़ा मलहरा), श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक बिजावर), श्री सिद्ध गोपाल साहू (पूर्व मंत्री उ.प्र.), श्री वैभव अरजरिया (चेयरमैन नगर पालिका कुलपहाड), श्री सुधीर सिंह (क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा उ.प्र.), श्री बालेन्द्र सिंह, (चेयरमैन नैक्स्ट आई ए.एस. एवं मेड इजी संस्थान दिल्ली), श्री पद्म सिंह (फिल्म निर्माता व अभिनेता मुंबई), श्री अनूप तिवारी (चेयरमैन नगर पालिका नौगाँव), श्री पुष्पेन्द्र सिंह गुड्डू (पूर्व जिला अध्यक्ष छतरपुर), श्री रमेश यादव (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महोबा), श्री विवेक चतुर्वेदी, (पूर्व अध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक टीकमगढ़), श्री स्वामी शंकर्षणाचार्य जी (महाराज भीमकुंड), श्री रघुवंश तिवारी (पूर्व प्रांत अध्यक्ष महाकौशल विद्यार्थी परिषद), श्री विजय सिंह (ब्लाक प्रमुख तालबेहट ललितपुर), श्री अजय बिश्नोई (पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश) सहित देश भर के राजनेता, नौकरशाह एवं शिक्षा क्षेत्र की बड़ी हस्तियों की उपस्थिति रही।



*पूज्य पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते कुं. मानवेंद्र सिंह (सभापति विधान परिषद, उ.प्र.) श्री जितेंद्र सिंह सेंगर (विधायक), श्री राकेश गोस्वामी (विधायक महोबा), पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ( गुड्डू), श्री सिद्ध गोपाल साहू (पूर्व मंत्री), श्री सुभाष दीक्षित (भगारी), श्री रघुवंश तिवारी (रायपुर) एवं सेवा न्यास के पदाधिकारी।*



*श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मालती, डॉ. रचना मिश्रा, श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं डॉ. राकेश मिश्र पुष्पांजलि करते हुए*







*सुंदरकांड पाठ, भजन मंडली टीकमगढ़ द्वारा*





*डॉ. वीरेन्द्र कुमार केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (भारत सरकार), ने पूज्य शांति मिश्रा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की*

## कार्यक्रम : अष्टम पुष्प लोकार्पण

**दिनांक : 17 अप्रैल, 2025 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम', धवर्रा ( नौगाँव ) महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत व संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्रा (बाई जी) की अष्टम पुण्यतिथि पर डॉ. राकेश मिश्र जी के पैतृक गाँव 'नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा' में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अष्टम् पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा वर्ष (2024-25) में आयोजित कार्यक्रमों स्वास्थ्य, समाजसेवा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण, धार्मिक, शैक्षिक, नारी सशक्तिकरण समेत विविध क्षेत्रों के लिए आयोजित सभी गतिविधियों पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुँवर मानवेन्द्र सिंह जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार जी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राकेश गोस्वामी, श्री मानवेंद्र सिंह भंवर राजा, श्री पुष्पेंद्र प्रताप सिंह जी, श्रीमती रेखा यादव (पूर्व विधायक), श्री बाबूराम निषाद (सांसद राज्य सभा) श्री जितेंद्र सिंह सेंगर, श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक एवं श्री बालेन्दु सिंह जी उपस्थित थे। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने अष्टम पुष्प के विषय में जानकारी दी।




*अष्टम पुष्प का लोकार्पण करते कुंवर मानवेंद्र सिंह (सभापति विधान परिषद), श्री बाबूराम निषाद (सांसद राज्य सभा हमीरपुर), श्री मानवेंद्र सिंह (पूर्व विधायक एवं मंत्री), श्री बालेन्द्र सिंह (चेयरमैन नैक्स्ट आई ए.एस. एवं मेड इजी संस्थान दिल्ली), श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक विजावर), श्रीमती रेखा यादव (पूर्व विधायक), श्री राकेश गोस्वामी (विधायक,महोबा), श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर (सदस्य, विधान परिषद), श्री पुष्पेन्द्र सिंह गुड्डू (पूर्व जिला अध्याक्ष छतरपुर)*




*'चलता फिरता मुफ्त अस्पताल' का अवलोकन करते अतिथिगण 'आपका अस्पताल-आपके द्वार' को लोकप्रिय सफलता की प्रशंसा करते सभापति श्री मानवेन्द्र सिंह जी*



*कार्यक्रम में उपस्थिति क्षेत्रीय गणमान्य प्रबुद्ध महानुभाव*

## कार्यक्रम : 44वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 17 अप्रैल, 2025 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम', धवर्रा ( नौगाँव ) महोबा ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्रोत व संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्रा (बाई जी) की अष्टम पुण्यतिथि पर डॉ. राकेश मिश्र जी के पैतृक गाँव 'नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा' में स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए संकल्पित एवं सक्रिय पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 44वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें आँखों के 177 मरीजों की जाँच करके 149 चश्मे वितरित किए गए। 57 मरीजों को दवाई दी गई एवं मोतियाबिंद के 22 मरीजों को ऑपरेशन हेतु सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट भेजा गया।

एल्प्स इंटरनेशनल लि. नई दिल्ली की डॉक्टरों की टीम ने कान के 76 मरीजों की जाँच करके, बहरे 25 रोगियों को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।




*डॉ. वीरेन्द्र कुमार केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (भारत सरकार), श्री ब्रजभूषण शरण सिंह, गुड्डू राजपूत, (विधायक चरखारी), न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं न्यास के कार्यकर्ता गण*






*जाँच कराते पुलिस कर्मी एवं कान की मशीन बांटते हुए कुंवर मानवेंद्र सिंह (सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश)*





चलता फिरता मुफ्त अस्पताल में 23 जाँचो की जानकारी लेते कुंवर मानवेंद्र सिंह

मरीजो को कान की मशीन बांटते कुंवर मानवेंद्र सिंह (सभापति विधान परिषद)



डॉ. वीरेन्द्र कुमार केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (भारत सरकार), डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष), श्री विवेक चतुर्वेदी (पूर्व चेयरमैन नगरपालिका, टीकमगढ़), श्री अनुराग वर्मा जी, श्रीमती आशा रावत (सचिव), श्रीमती उमा गंगेले, श्रीमती मालती मिश्रा (उपाध्यक्ष), श्री पदम सिंह (फिल्म एक्टर), श्रीमती रेखा अवस्थी (कोषाध्यक्ष), श्रीमती रचना मिश्रा, श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं श्री संकल्प मिश्र



पुस्तक भेंट करते डॉ. राकेश मिश्र एवं संकल्प मिश्र, श्री रघुवंश भूषण तिवारी (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अ.भा.वि.प.)

## कार्यक्रम : सुंदरकांड पाठ एवं अष्टम पुष्प लोकार्पण

**दिनांक : 20 अप्रैल, 2025 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणा स्रोत व संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्रा (बाई जी) की अष्टम पुण्यतिथि की स्मृति में सुंदरकांड पाठ, श्रद्धांजलि एवं सामाजिक-सांस्कृतिक व सेवा कार्यक्रमों के संकलन 'अष्टम पुष्प' (2024-25) के लोकार्पण कार्यकम हुआ। सेवा न्यास मुख्यालय में 'अष्टम पुष्प' विमोचन समारोह में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की विशेष उपस्थिति में, मुख्य अतिथि श्री योगेश ताम्रकार जी (महापौर), अध्यक्षता पं. श्री पीयूष दास जी महाराज (महंत डॉलीबाबा आश्रम), विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय माहेश्वरी जी (निदेशक, बिड़ला अस्पताल सतना), विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील अग्रवाल जी (सार्थक हॉस्पिटल), ने सर्वप्रथम सेवा न्यास की प्रेरणा स्रोत एवं संस्थापिका श्रीमती शांति मिश्रा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सेवा न्यास की गतिविधियों व आगामी कार्य योजना का विस्तार से विवरण देते हुए कहा कि हमारे स्थानीय नगर के समाजसेवियों के द्वारा सेवा न्यास के विभिन्न प्रकल्पों में सहयोग प्राप्त हो रहा है।

**डाली बाबा आश्रम के महंत पं. पीयूष दास जी महाराज जी** ने कहा कि 'अपना सपना हरा भरा सतना' एवं 'चलता फिरता मुफ्त अस्पताल' अभियान सतना के लिए वरदान साबित हो रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण के लिए सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे कार्य अमिट छाप छोड़ रहे हैं। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की संस्थापिका पूज्य शांति मिश्रा जी को शत् शत् नमन करता हूँ व मैं अपनी तरफ से हर संभव सहयोग प्रदान करूँगा।

### डॉ. राकेश मिश्र जी ने सतना में पर्यावरण व स्वास्थ्य सेवा का बहुत बड़ा कार्य किया है : डॉ. संजय माहेश्वरी

बिरला हॉस्पिटल सतना के डायरेक्टर डॉ. संजय माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा पेड़ों का संरक्षण ग्रीन एम्बुलेंस के द्वारा किया जा रहा है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। पेड़ लगाना आसान है लेकिन संरक्षण करना बहुत कठिन कार्य है जो सेवा न्यास ग्रीन एम्बुलेंस के द्वारा किया जा रहा है। मैं देखता हूँ कि हर दिन सतना में यह गाड़ी पानी डालते हुए दिखती है व पेड़ भी दिख रहे हैं।

हमारा जो भी सहयोग डॉ. राकेश मिश्र जी सेवा कार्यों में लेना चाहें हम तैयार हैं।

## “चलता फिरता मुफ्त अस्पताल से जिले के मरीजों को मिल रहा है लाभ : डॉ. सुनील अग्रवाल”

सार्थक हॉस्पिटल सतना के डायरेक्टर डॉ. सुनील अग्रवाल जी ने कहा कि चलता फिरता अस्पताल नगर की ऐसी सेवा बस्तियों में जाकर अपनी सेवाएँ दे रही हैं जहाँ वास्तविक इस सेवा की आवश्यकता है। डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण मिश्र जी कर रहे हैं। जिसमें जरूरतमंद मरीजों को बहुत बड़ा लाभ मुफ्त में मिल रहा है। हमारा सब प्रकार का सहयोग पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को मिलता रहेगा।

## सतना में हर दिन पर्यावरण, चिकित्सा, संस्कार व सेवा के पर्याय हैं डॉ. राकेश मिश्र : श्री योगेश ताम्रकार

सतना नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार जी ने महाकुंभ के दौरान सेवा न्यास ने लाखों लोगो को आश्रय दिया, 108 श्रीमद्भागवत कथाओं का आयोजन, यज्ञोपवीत संस्कार, सांस्कृतिक गतिविधियाँ तो अद्वितीय हैं। लेकिन जो लोग वहाँ नहीं पहुच सके उनके लिए घर बैठे गंगाजल वितरण करना अत्यंत प्रसन्नता भरा काम है। सेवा न्यास के कार्यों हेतु हर जगह टीम बनाकर काम में लगाना भी राकेश जी से सीखना चाहिए। सेवा न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेवा न्यास द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए सतना में किए जा रहे कार्य प्रेरणादायक है। जिसमें स्वास्थ्य शिविर, मैराथन, व विभिन्न मरीजों को देश भर के अस्पतालों में निःशुल्क मदद करना बहुत बड़ा काम है। आज राकेश जी के माता पिता जहाँ भी होंगे वह धन्य होंगे कि उनके पुत्र व परिवार ने सेवा न्यास के माध्यम से बहुत बड़ा वर्ग तैयार कर दिया है। यह हम सब के लिए गौरव का विषय है कि सतना को डॉ. राकेश जी ने अपनी कर्मभूमि बनाया है।

**इनकी उपस्थिति रही :** श्री राजेश पालन चतुर्वेदी (स्पीकर नगर निगम), श्री संजय शाह, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री राजीव व्यास, सुनील यादव, प्रो. एस.के. राय प्राचार्य, डॉ. क्रांति मिश्रा, श्री अनंत सोनी, श्री सुधीर रिछारिया, श्री के.डी. गौतम, विष्णु पाण्डेय, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्रीमती सीलम सैनी, श्री शिवनारायण पाण्डे, श्री आदित्य पाण्डे, श्री अशोक मिश्रा, श्री नितिन मिश्र, श्री अनिल सैनी, श्री राज़ेश नीलू, श्री सचिन त्रिपाठी, श्री हरीश अग्रवाल, श्रीमती चंदा शर्मा जी, श्रीमती वंदना बागरी, श्री करूणेश अनुरागी, श्री जय प्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में माताएँ बहिनें श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु पहुँचे।





*सुंदरकांड का पाठ करते डॉ. राकेश मिश्र एवं न्यास के कार्यकर्ता*





*पुस्तक विमोचन करते श्री डाली बाबा के महंत श्री पीयूष दास जी महाराज,
श्री योगेश ताम्रकार, डॉ. संजय जी, श्री संजय शाह एवं डॉ. राकेश मिश्र*



*श्रद्धांजलि अर्पित करते डॉ. राकेश मिश्र*



*कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डॉ. राकेश मिश्र*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 24 अप्रैल, 2025 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : गांधी पार्क, शीतला माता मंदिर,**
**नई खोवा मंडी अस्पताल रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्री मनोज गुप्ता जी (सौरभ विद्या केंद्र) के द्वारा अपने माता-पिता जी की पुण्यतिथि पर पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।




*वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता श्री विजय सिंह पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', श्री राजीव व्यास, श्री अनिल सैनी*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 25 अप्रैल, 2025 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : गांधी पार्क, शीतला माता मंदिर,**
**नई खोवा मंडी अस्पताल रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्री सुरेश कुमार गुप्ता जी (निधि प्रोविजन स्टोर) के द्वारा स्वर्गीय श्रीमती सुधा गुप्ता (पत्नी) की पुण्यस्मृति पर पौधारोपण किया।




*वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता श्री सुरेश कुमार गुप्ता जी (निधि प्रोविजन स्टोर) के द्वारा स्वर्गीय श्रीमती सुधा गुप्ता (पत्नी) की पुण्यस्मृति पर पौधारोपण*



*श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', श्री रवि नामदेव श्रीमती बंदना बागरी, श्रीमती संचिता सैनी, श्री संतोष गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 26 अप्रैल, 2025 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री व्यंकटेश मंदिर, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती प्रमिला मिश्रा जी के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम पौधारोपण व्यंकटेश मंदिर परिसर में किया गया।

श्रीमती प्रमिला मिश्रा पत्नि डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास) के जन्मदिवस पर व्यंकटेश मंदिर सतना में कदम के पौधे का वृक्षारोपण किया गया।

आइए आप भी अपने जन्मदिन पर वृक्ष लगाकर प्रकृति को हरा भरा बनाएँ।




*श्रीमती प्रमिला मिश्रा जी के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण करते न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्री रवि द्विवेदी, श्री राजीव व्यास, श्री विमल नामदेव, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', श्री विजय सिंह पटेल आदि*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 29 अप्रैल, 2025 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : व्यंकटेश मंदिर मुख्तयारगंज, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्रीमती मनीषा सिंह जी के द्वारा पौधारोपण किया गया।







*वृक्षारोपण करते श्रीमती मनीषा सिंह, श्री अनिल सैनी,*
*श्री रवि द्विवेदी एवं बालीवाल खिलाड़ी तथा न्यास के कार्यकर्ता*







*श्री अनिल सैनी, श्री महेन्द्र तिवारी, श्री शिवम शुक्ला, श्रीमती मनीषा सिंह,*
*श्रीमती रश्मि सैनी, श्री विजय सिंह पटेल*

## कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ्त अस्पताल

**दिनांक : 02 मई, 2025 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : वार्ड नं. 01 की सेवा बस्ती निकट ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के पास**
**शेरगंज, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'आपका अस्पताल आपके द्वार' योजना अंतर्गत सेवा बस्ती शेरगंज में निवास करने वाले लोगों को व्यक्तिगत रूप से जानकारी देते हुए अधिक-से-अधिक संख्या में शिविर में पहुँचे व लाभ उठाया।



*चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के माध्यम से जाँच कराते मरीज*




*मुफ्त दवाएँ प्राप्त करती जरूरत मंद माताएँ व बहिने*

**कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ्त अस्पताल**

दिनांक : 02 मई, 2025 ( शुक्रवार )
कार्यक्रम स्थल : वार्ड नं. 01 की सेवा बस्ती निकट ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के पास
शेरगंज, सतना-485001 ( म.प्र. )

## श्रीराम नवमी शोभा यात्रा में गंगाजल वितरण के लिए हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का हुआ सम्मान

हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह का आयोजन सरस्वती आवासीय विद्यापीठ उतैली में किया गया।

श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा महाकुंभ प्रयागराज त्रिवेणी संगम गंगाजल का वितरण शोभायात्रा में सम्मिलित सभी धर्म स्वावलंबियों समाज सेवियों को प्रदान किया गया।

शोभा यात्रा में सेवा न्यास की बहिनों के द्वारा अमृत कलश लेकर नगर वासियों को अमृत स्वरूप गंगाजल भेंट किया गया। जगह-जगह पर यात्रा का व्यापारियों के द्वारा स्वागत किया गया।

## सेवा और समर्पण भाव से डॉ. राकेश मिश्र कर रहे हैं गरीबों की सेवा : श्री उत्तम बनर्जी ( प्रांत कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के संदर्भ में श्री उत्तम बनर्जी ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा सेवा और समर्पण भाव के साथ नगर के ही नहीं संपूर्ण जिले वासियों के लिए जरूरतमंदों के लिए नि:स्वार्थ भाव से मानवता सेवा में कार्य कर रहे हैं। चाहे वह पर्यावरण का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य का क्षेत्र हो। कृषि का क्षेत्र हो या रोजगार का क्षेत्र हो, डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए उनका आज हम अभिनंदन करते हैं।

ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि डॉ. राकेश मिश्र जी को और गतिशील बनाते हुए संपूर्ण प्रदेश व देश स्तर पर सेवा न्यास की गतिविधियों का संचालन हो। जिससे कि समस्त देशवासी लाभान्वित हों।

शोभा यात्रा में इस अनोखे अभिनव कार्य के लिए हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा धार्मिक सनातनी कार्यक्रम के लिए हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री मणिकान्त माहेश्वरी, महापौर श्री योगेश ताम्रकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह श्री उत्तम बनर्जी द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

हिंदू पर्व समन्व्य समिति के अधिकारी श्री मणिकान्त माहेश्वरी जी (अध्यक्ष) श्री कमल जीत सिंह सेठी जी, श्री रामावतार चमडिया जी, श्री जितेंद्र जैन जी, श्री मनमोहन माहेश्वरी जी, श्री योगेश ताम्रकार जी (महापौर) सतना, सोहावल बड़ा आखाड़ा के प्रमुख आचार्य श्री धरणीधराचार्य जी।

इस दौरान प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्री अनिल सैनी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा एवं सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने उपस्थित होकर सम्मान प्राप्त किया।



*हिंदू पर्व समन्वय समिति के अध्यक्ष श्री मणिकान्त माहेश्वरी, श्री योगेश ताम्रकार (महापौर) श्री उत्तम बनर्जी, (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत कार्यवाह), श्री पी.के. जैन, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्री अनिल सैनी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा एवं सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू'*



*श्री अनिल सैनी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', श्रीमती मनीषा सिंह, श्री नितिन मिश्रा, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी,*

## कार्यक्रम : नेजा सम्मान समारोह

**दिनांक : 05 मई, 2025 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : ओम रिसॉर्ट, सतना ( म.प्र. )**

### 'पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास उत्कृष्ट समाज सेवा पुरस्कार से सम्मानित'

ओम रिसॉर्ट, सतना में आयोजित नेजा बिजनेस एवार्ड 2.0 का आयोजन किया गया। बिजनेस एवं समाज सेवा कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवी एवं बिजनेसमैन को उनके द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए व चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के लिए नेजा बिजनेस अवार्ड 2.0 में सेवा न्यास के कार्यों की सराहना हुई। 'अपना सपना हरा भरा सतना' एवं 'चलता फिरता मुफ्त अस्पताल' के द्वारा सतना में विभिन्न स्थानों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए सेवा न्यास का हुआ सम्मान

आयोजकों ने बताया कि सेवा न्यास के द्वारा विगत कई वर्षों से पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सांस्कृतिक, उन्नत खेती, गरीब कन्याओं का विवाह जैसे उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। सेवा न्यास के कार्यों से समाज में नई चेतना का उदय हुआ है।



*श्री शंकर लाल तिवारी (पूर्व विधायक), श्री सिद्धार्थ कुशवाहा (डब्बू) (विधायक), श्री विजय पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू' और आर.टी.ओ. संजय श्रीवास्तव पुरस्कार ग्रहण करते हुए*

## कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ्त अस्पताल

**दिनांक : 06 मई, 2025 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : वार्ड नं. 10 सरकारी स्कूल के पास बर्दाडीह, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे जनसेवा अभियान '**आपका अस्पताल-आपके द्वार**' योजना के अंतर्गत आम नागरिकों को उनके घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क जाँच, परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं, जिससे समाज के सभी वर्गों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।



*चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के माध्यम से 23 प्रकार की जाँचें कराते मरीज*



*चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के माध्यम से जाँच कराते एवं निःशुल्क दवाएँ प्राप्त करते ग्रामीण जन*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 06 मई, 2025 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : व्यंकटेश मंदिर मुख्तयारगंज, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्रीमती लता सिंह जी के द्वारा अपनी नातिन कुं. यशस्वी सिंह के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर पौधारोपण किया।




*श्रीमती लता सिंह जी एवं न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण श्री राजीव व्यास, श्री विजय सिंह पटेल, श्री करुणेश अनुरागी, श्री एल.एल. शुक्ला जी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती मनीषा सिंह, नितिन मिश्रा, राजेश त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : ऑपरेशन सिंदूर पर धन्यवाद समारोह

**दिनांक : 07 मई, 2025 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर, करके पाकिस्तान को मुँहतोड़ जवाब दिया है। सेना के इस ऑपरेशन से पूरे देश में खुशी का वातावरण निर्मित हो गया है। ऑपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने नगर के नेह निकुंज बम्हनगवाँ रीवा रोड स्थित कार्यालय में मिष्ठान खिलाकर मुँह मीठा कराया।

**'भारत माता की हुई जय जयकार डॉ. राकेश मिश्र ने मोदी जी को दिया धन्यवाद'**

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि नारी शक्ति के माथे का सिंदूर मिटाने वाले व आतंकी घटनाओं को अंजाम देने वालों की सजा यही होगी। डॉ. मिश्र ने आगे कहा की जिन आतंकवादियों के द्वारा हमें छेडा गया तो उसका जवाब देकर रहेंगे। देश की बेटियों का सिंदूर उजाड़ने वालों को मोदी जी ने बता दिया सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और अब भारत की बेटियों की मांग ऑपरेशन सिंदूर निर्णायक स्ट्राइक, भारतीय सेना के प्रति अपना समर्थन प्रकट करें। उपस्थित लोगों ने जय जवान-जय हिंदुस्तान-जय हिंद के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

**इनकी उपस्थिति रही :** श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्री उत्कर्ष वत्स, श्री उत्कर्ष द्विवेदी, श्री निखिल मिश्र, श्री विकास तिवारी, श्री ओम प्यासी, श्री प्रकाश पाण्डे, श्रुति सिंह, सुधा सिंह, श्री हिमांशु उर्मलिया, श्री अभिषेक तिवारी, श्री रवेंद्र वर्मा, श्री पंकज, श्री भूपेश सिंह चंद्रनगर, श्री सौरभ सिंह कोठरा, श्री संदीप पाण्डे, श्री सुभाष त्रिपाठी, श्री दीपक, श्री मोनू द्विवेदी, श्री शिवम बड़ौलिया, श्री अनिल सैनी, श्री विजय सिंह पटेल एवं सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी नीलू उपस्थित रहे।



*भारतीय सेना के पराक्रम से अभिभूत होकर तिरंगा यात्रा में शामिल न्यास के कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, शिवम बड़ोलिया, श्री विजय पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी एवं अन्य कार्यकर्ता।*



## कार्यक्रम : संस्कृत पाठशाला में सामग्री वितरण

**दिनांक : 12 मई, 2025 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भीमकुंड बाजना, छतरपुर ( म.प्र. )**

### 'संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच जन्मदिन मनाकर किए उपहार वितरित : डॉ. राकेश मिश्र'

शिक्षाविद एवं समाजसेवी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने अपना जन्मदिन श्री नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भीमकुंड बाजना, छतरपुर में मनाया। पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों ने स्वस्ति वाचन करके मंगलकामना की। इस मौके पर रुद्राभिषेक भी किया गया। अध्यनरत बच्चों ने संस्कृत भाषा के वेद मत्रों के साथ भक्ति भाव विभोर होकर स्वागत किया।

डॉ. राकेश मिश्र ने 90 विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग, कलम, पेंसिल बॉक्स तथा भगवान श्रीराम का चित्र वितरण किया। साथ ही 10 कमरों के लिए घड़ी तथा बिजली बचाने वाले वल्ब का वितरण किया। डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच आकर मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं अपने बचपन में लौट आया हूँ। यहाँ का प्राकृतिक वातावरण सबके लिए प्रेरणादायी है।

यहाँ के बच्चों की दिनचर्या प्रात: से लेकर रात्रि विश्राम तक शास्त्र अनुरूप शिक्षा दी जा रही है। हमें प्रतिदिन पूजा पाठ हवन करना चाहिए। मंत्रों का जाप करना चाहिए प्रतिदिन वेद पुराणों का पढ़ना चाहिए और योग को अपनाना चाहिए क्योंकि ऐसा कहा गया है कि स्वस्थ शरीर में ईश्वर का वास होता है।




*विद्यार्थियों के बीच स्कूल बैग, कॉपी कलम, पेंसिल बॉक्स, टीशर्ट तथा भगवान श्रीराम का चित्र वितरण करते डॉ. राकेश मिश्र*



*अबार माता में सर्वकल्याण की प्रार्थना करते हुए क्षेत्रीय पदाधिकारी*

## कार्यक्रम : चलता फिरता अस्पताल, स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 12 मई, 2025 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : हरिजन बस्ती, कृपालपुर, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर कृपालपुर में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित किया गया।

कृपालपुर क्षेत्र के मटेहना, बढ़ेरा, माद, सर्वहना, सकरिया, माधवगढ़, सरिया टोला, कटिया, वैरिहा, सिजाहटा, बेलहटा आदि गाँव के निवास करने वाले प्रबुद्ध जन और नागरिकों को नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से कपड़े का थैला व आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि का चित्र सभी मरीजों को सेवा न्यास द्वारा भेंट किया गया।

### डॉ. राकेश मिश्र जी की दूर दृष्टि सोच है चलता फिरता मुफ्त अस्पताल : ब्रिगेडियर डॉ. देवेन्द्र सिंह जी

ब्रिगेडियर डॉ. देवेन्द्र सिंह जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी की दूर दृष्टि सोच का परिणाम है चलता फिरता मुफ्त अस्पताल। जो की बहुत ही सराहनीय कार्य है जन-जन की सेवा का संकल्प डॉ. राकेश मिश्र जी ने लिया है। हम सब डॉ. राकेश मिश्र जी के साथ हैं, हमारी जहाँ भी आवश्यकता होगी हम उपलब्ध रहेंगे।

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा हो रही है मरीजों की नि:स्वार्थ सेवा : श्री विपिन मिश्रा

वरिष्ठ समाजसेवी विपिन मिश्रा ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा चलता फिरता मुफ्त अस्पताल योजना नि:स्वार्थ भाव के साथ मरीजों की सेवा की जा रही है। आज सैकड़ों की संख्या में हमारे क्षेत्र के मरीजों की 23 प्रकार की जाँचों के उपरांत नि:शुल्क दवाइयाँ दी गई है। आप सभी से आग्रह है कि अपने इष्ट मित्रों,परिवारजनों के साथ शिविर का लाभ उठाएँ, यह निरंतर चल रही है।

### 128 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 98 मरीजों को दी गई मुफ्त में दवाइयाँ

सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया है कि आज के स्वास्थ्य शिविर में 128 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। 98 मरीजों को दी गई मुफ्त में दवाइयाँ दी गई।

**इनकी रही उपस्थिति :** ब्रिगेडियर डॉ. देवेन्द्र सिंह जी, श्री अतुल सिंह, श्री नारायण प्रसाद तिवारी, श्री विपिन मिश्रा, पूर्व पार्षद श्री शैलेन्द्र दहिया, श्री राजेश तिवारी मतेहना, बाबूपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री अग्निवेश शुक्ला, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती वंदना अभिमन्यु बागरी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्री अजय दुबे, श्री दीपू केवट, श्री बिहारी केवट, श्री शारदा प्रसाद दुबे, श्री रघुराई प्रजापति, श्री सोनेलाल प्रजापति, श्री रामप्रवेश केवट, श्री सुखलाल कुशवाहा, श्री रिंकू गर्ग, श्री मुन्ना सेन एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जन समाजसेवी उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।













*ग्राम वासियों को प्लास्टिक मुक्ति का संकल्प दिलाकर*
*कपड़े का थैला वितरण करते न्यास पदाधिकारी*

## कार्यक्रम : तिरंगा यात्रा

**दिनांक : 17 मई, 2025 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : श्री गुरु नानक दरबार, सिटी कोतवाली के पीछे सतना ( म.प्र. )**

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा निकली तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सेवा न्यास कार्यकर्ता

नगर के प्रथम नागरिक महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. राकेश मिश्र ने नई दिल्ली से ऑनलाइन जुड कर सफल कार्यक्रम आयोजन हेतु राष्ट्र भक्तों को धन्यवाद दिया।




*न्यास के कार्यकर्ता द्वारा तिरंगा यात्रा में सम्मलित सेवा*





*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत*



## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 24 मई, 2025 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : अमृत पार्क, हवाईपट्टी, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्री विश्वनाथ प्रधान जी के द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय चंद्रलेखा गुप्ता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर चार पौधे रोपित किए गए।




*श्री विश्वनाथ प्रधान जी के द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय चंद्रलेखा गुप्ता जी की पुण्यतिथि के अवसर पौधा रोपण करते गुप्ता परिवार के समस्त बच्चे*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 24 मई, 2025 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : गांधी पार्क, शीतला माता मंदिर, खोवा मंडी, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्री रामेश्वर सेवा समिति (श्री छोटेलाल गुप्ता जी) के द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अभियान से प्रेरित होकर पाँच पौधे रोपित किए।




*श्री रामेश्वर सेवा समिति (श्री छोटेलाल गुप्ता जी) के द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अभियान से प्रेरित होकर पाँच पौधे रोपित किए*



## कार्यक्रम : डॉ. राकेश मिश्र जी का स्वागत-वंदन-अभिनंदन

**दिनांक : 09 जून, 2025 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सतना रेलवे स्टेशन ( म.प्र )**

इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के उपरांत डॉ. राकेश मिश्र जी का आनंद विहार-रीवा सुपरफास्ट से प्रथम नगर आगमन पर जिले के समस्त खिलाड़ियों द्वारा ढोल नगाड़े व मिठाई वितरण कर खुशियों का इजहार करते हुए स्वागत किया गया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी का स्वागत-वंदन-अभिनंदन करने के लिए रेलवे स्टेशन पर स्वागत करने योगेश ताम्रकार( महापौर), अशोक गुप्ता, संजय अग्रवाल (खिल्लू भैया), पन्नालाल अवस्थी, बालकृष्ण शुक्ला (बेटा भैया) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके पश्चात् खिलाड़ियों व युवा शक्ति के द्वारा शहर में तिरंगा लेकर बाइक रैली निकाली गई।

### सर्व समाज, प्रिंटर एसोसिएशन विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स की सहयोगी संस्थाओं ने किया पुष्प वर्षा : कमलेश्वर अग्रवाल

अजय मिश्र (सचिव) (सतना कार्पोरेशन एथलेटिक्स एसोसिएशन) ने बताया कि सर्व समाज, प्रिंटर एसोसिएशन विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स की सहयोगी संस्थाओं के अलावा जिले की बास्केटबॉल, बॉलीबॉल, जूडो कराते, बूशू, एथलेटिक, क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबॉल, मार्शल आर्ट, इत्यादि सभी खेल संगठन के सदस्य उपस्थित होकर पुष्प वर्षा करते हुए खुशी का इजहार किया।

### 'सतना हाफ मैराथन, बॉक्सिंग व बॉलीबाल टीमों ने तिरंगा ध्वज लहराते हुए किया स्वागत : राजीव व्यास'

राजीव व्यास (पूर्व क्रीड़ा अधिकारी) ने बताया कि सतना हाफ मैराथन, बॉक्सिंग व बॉलीबाल टीमों ने तिरंगा ध्वज लहराते हुए स्वागत किया और नगर के विभिन्न मार्गो पर स्थित प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों के संचालकों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### बॉक्सिंग फेडरेशन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय, नेह निकुंज बम्हनगवाँ रीवा रोड में बॉक्सिंग फेडरेशन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नगर भ्रमण कार्यक्रम में उमडा खिलाड़ियों का हुजूम : विष्णु नारायण पाण्डे

वॉलीबॉल संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी विष्णु नारायण पाण्डे ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी को बॉक्सिंग एसोसिएशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होने पर समस्त देशवासियों, संपूर्ण प्रदेश, जिले गाँव देहात के खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। सिमरिया चौराहा पर बाबा साहब आंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उनका आज प्रथम नगर आगमन हुआ जो कि रेलवे स्टेशन से वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता के द्वारा, उचेहरा के खिलाड़ियों ने गोकुल सिंगरौल के नेतृत्व में, जयस्तंभ चौक पर अनिल सैनी, महेन्द्र अग्रवाल गुड्डा ने, बिहारी चौक पर नवीन अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता एवं व्यापारी संगठनों द्वारा, पन्नीलाल चौक पर विजय गुप्ता की टीम द्वारा, पुराना पावर हाउस चौक पर अशोक अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल टीम ने, पुराना नगर निगम चौक पर केशव माखीजा टीम ने, करुणेश अनुरागी, राजेश नामदेव व उनकी टीम के द्वारा खोवा मंडी में, अस्पताल चौक पर व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने हरिओम गुप्ता, संजय अग्रवाल की टीम ने व ओबीसी युवा मोर्चा के अध्यक्ष विक्रम सिंह बिसेन, सांसद प्रतिनिधि के.के. त्रिपाठी के द्वारा इंदिरा कन्या महाविद्यालय, जिले के खेल प्रेमी अशोक नामदेव, दीपक गोलवानी, महेन्द्र चौरसिया, जावेद खान के द्वारा, प्रेम नर्सिंग होम में वालीबाल टीम ने, सर्किट हाउस चौक पर अनिल सैनी, रश्मि सैनी, सतना टेंट हाउस पर अग्रवाल समाज ने, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष जेपी गुप्ता ने होटल प्रताप पर, राजेश तिवारी वरिष्ठ समाजसेवी एवं उनके मित्र मंडली के द्वारा भरहुत नगर मोड पर, पार्क होटल, क्राइस्ट ज्योति स्कूल, रीवा रोड-के.बी. कॉम्प्लेक्स, रीवा रोड-सेमरिया चौक पर सुधीर रिछारिया, रवि द्विवेदी, अनिल चौरसिया ने, सिंधु स्कूल के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने पुष्प वर्षा की, देवेन्द्र महेश्वरी टीम के द्वारा माहेश्वरी स्वीट्स, सुधा रेफ्रिजरेशन, होटल अपार रेजीडेन्सी-नेह निकुंज, बम्हनगवाँ में मिष्ठान वितरण व आतिशबाजी किया गया।

## 'वरिष्ठ समाजसेवी हरीश अग्रवाल के नेतृत्व में जैतवारा रेलवे स्टेशन में डॉ. राकेश मिश्र जी का हुआ भव्य स्वागत'

जैतवारा रेलवे स्टेशन पर नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी का स्वागत वरिष्ठ समाजसेवी हरीश अग्रवाल जी के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों ने स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री बेटा शुक्ला, श्री अशोक गुप्ता, श्री अनंत सोनी, श्री मौसम ताम्रकार, श्री जयदेव ताम्रकार, श्री महेन्द्र अग्रवाल, श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्री अशोक पाण्डे, श्री महेन्द्र तिवारी, श्री

शिवनारायण शुक्ला, श्री गोकुल सिंगरौल, श्री विष्णु पाण्डे, श्री रवि द्विवेदी, श्री आदित्य पाण्डे, श्री भुवनेश दुबे, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री अंबुज सिंह, श्री कामता पाण्डे, श्री अनिल सिंह, श्री राजेश पाण्डे, श्री केशव माखीजा, श्री देवेन्द्र माहेश्वरी, श्री महेश तिवारी, श्री हरिओम द्विवेदी, शैलेन्द्र अग्रवाल, श्री राम बहादुर दोहर, श्री राम निरंजन दोहर, श्री शशि भूषण तिवारी, श्री सजल गुप्ता आदि कार्यकर्ताओं ने रेलवे स्टेशन पहुँचकर भव्य स्वागत किया।



*श्री जय ताम्रकार अभिनंदन करते हुए*





*श्री संजय अग्रवाल 'खिल्लू भईया, श्री बालकृष्ण शुक्ला 'बेटा भैया', श्रीमती रश्मि सैनी,*
*श्री अजय मिश्रा श्री जय ताम्रकार, श्री विवेक अग्रवाल सहित*
*बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन पहुँचकर स्वागत किया*




*महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी, श्री महेन्द्र तिवारी, श्री अशोक गुप्ता, श्री मौसम ताम्रकार, श्री बालकृष्ण शुक्ला, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्री महेन्द्र अग्रवाल 'गुड्डा', श्री चन्दन कश्यप ने पुष्पगुच्छ एवं मालाओं से स्वागत किया*



## कार्यक्रम : हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला प्रशिक्षण कार्यशाला

**दिनांक : 09 जून से 11 जून, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

विश्व गुरु भारत जो अपनी संस्कृति, धर्म और कला के लिए जाना जाता रहा है। वर्तमान में हमारी संस्कृति और धर्म को युवा पीढ़ी समझती तो है लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भ्रमित हो रही है। संस्कृति को आत्मसात् नहीं कर पा रही है। आवश्यकता है कि राष्ट्र की यह पीढ़ी पहले अपनी संस्कृति को जाने, समझे एवं इसको आत्मसात करे। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नेह निकुंज सतना में आयोजित की गई।

डॉ. राकेश मिश्र जी ने दीप प्रज्वलित कर सोमवार 9 जून को उद्घाटन किया। जिसमें नृत्य के माध्यम से राष्ट्र की सेवा, धर्म और संस्कृति के प्रति युवा पीढ़ी की जागरूकता बढ़े, जिससे वह कला को भी आजीविका के रूप में चयनित कर सकते हैं। तनाव मुक्त जीवन के लिए नृत्य कला को भी अपने जीवन में शामिल करना चाहिए।

### हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न : सुश्री ऋतंभरा

कार्यक्रम संयोजक कु. ऋतंभरा सिंह ने विषय वस्तु में नृत्य का उद्भव,चारों वेदों में नृत्य का वर्णन एवं पंचम वेद का परिचय, रामायण, महाभारत, गीता, शिव पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण एवं अन्य पुराणों में नृत्य का वर्णन का सजीव चित्रण किया व छात्राओं को बारीकी से प्रस्तुत किया।

उन्होंने महाकवि कालिदास, मीराबाई आदि की रचनाओं में नृत्य का वर्णन एवं नृत्य साधना पर युवा कलाकारों को जानकारी दी।

### प्रशस्ति पत्र से सम्मान पाकर नृत्यांगनायें प्रसन्न हुईं : श्रीमती नीलम कुशवाहा

तीन दिवसीय कार्यशाला का बुधवार सायंकाल समापन के अवसर पर कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर श्री राजीव व्यास, श्रीमती मनीषा सिंह, नीलम कुशवाहा, शीलम सैनी, प्रिया त्रिपाठी, रश्मि सैनी, रेणु यादव, राजेश त्रिपाठी नीलू सहित शहर के अभिभावक गण उपस्थित रहे।



*नृत्य कला प्रशिक्षण में सहभागी महिलाएँ एवं स्कूली बच्चों की टीम*




*हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला में श्री के.डी. गौतम, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री राजीव व्यास जी, डॉ. राकेश मिश्र के साथ मंचासीन*




*प्रमाण पत्र प्राप्त करती छात्राएँ*




*नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएँ*

## कार्यक्रम : 45वें स्वास्थ्य शिविर हेतु बैठक

**दिनांक : 15 जुलाई, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने मुख्यालय, नेह निकुंज, बम्हनगवाँ में 45वें स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों व व्यवस्थाओं की बैठक का आयोजन किया।

सेवा न्यास कार्यकर्ताओ से संवाद करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि एक्शन कैंसर हॉस्पिटल नई दिल्ली और श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टिट्यूट द्वारा 45वाँ हेल्थ चेकअप कैंप आगामी 26 एवं 27 जुलाई को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में होना निश्चित हुआ है। आधुनिकतम मशीनों व विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कैंसर की भी जाँच की जाएगी।

### विगत वर्ष 70 गंभीर मरीजों का कराया नि:शुल्क इलाज : डॉ. राकेश मिश्र

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि विगत वर्ष आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आए हुए 70 गंभीर मरीजो का नि:शुल्क इलाज हेतु सेवा न्यास द्वारा सहयोग किया गया। डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि गर्भाशय कैंसर की पूर्व जाँच, मुँह, गले, एवं स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा किया जाएगा। पुरुषों के कैंसर की स्क्रीनिंग भी नि:शुल्क की जाएगी।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि विंध्य क्षेत्र व बुंदेलखंड के सभी जिलों के दूर दराज ग्रामीण देहातों व सेवा बस्तियाँ में निवास करने वाले मरीजो द्वारा उत्साहित होकर अपना पंजीयन करवा रहे हैं।

आप सभी से भी आग्रह है कि समय से पूर्व अपना-अपना पंजीयन www.nyas.gpmseva nyas.org पर करा लें एवं अधिक-से-अधिक संख्या में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएँ।

### मल्टी स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप के लिए कार्यकर्ताओं को दायित्व विभाजित :

मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ चेकअप कैंप के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व प्रदान किए गए जिसमें से प्रमुख रूप से अतिथि आमंत्रण राजीव व्यास, मीडिया एवं सोशल मीडिया राजेश त्रिपाठी नीलू एवं शिवम् शुक्ला, अतिथि स्वागत एवं मंच व्यवस्था अजय मिश्रा, चंदन कश्यप, बालकृष्ण शुक्ला, पंजीयन व्यवस्था में श्रीमती मनीषा सिंह, तरुणेश कुमार मिश्रा, शिवम बड़ोलिया, सचिन त्रिपाठी, श्रीमती विजय

श्री सिंह, श्रीमती अंजना तिवारी, श्री उत्तम अहिरवार, सुश्री वैष्णवी सिंह, मरीज प्रबंधन रवि शंकर द्विवेदी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, अनिल द्विवेदी, अनुराग तिवारी, श्रीमती वंदना बागरी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, विमल नामदेव, श्रीमती मधु वाल्मीक,आदित्य पाण्डे, जे.पी. गुप्ता, उद्घोषक विष्णु नारायण पाण्डे, भोजन व्यवस्था में अनिल सैनी, श्रीमती पूनम यादव, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, लवकुश सिंह बघेल कार्यालय व्यवस्था विजय सिंह पटेल, नितिन मिश्रा, कोष व्यवस्था कमलेश्वर अग्रवाल, डॉक्टर आवास एवं परिवहन सुनील यादव, रवि शंकर द्विवेदी, श्रीमती मनीषा सिंह, यातायात व्यवस्था महेन्द्र तिवारी, अंकित सिंह, चक्रेश यादव, पवन कोल, शिवम विश्वकर्मा को दायित्व प्रदान किए गए।




*श्री राजीव व्यास, श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, अनिल सैनी, श्री विजय पटेल सहित न्यास कार्यकर्ता*



*प्रचार रथ को रवाना करते डॉ. राकेश मिश्र*




*45वें स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था बैठक में श्री सुनील यादव, श्री बालेन्द्र गौतम,*
*श्रीमती मनीषा सिंह, श्री महेन्द्र अग्रवाल, श्री आदित्य पाण्डे,*
*श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती शीलम सैनी*



## कार्यक्रम : 'समिधा' पुस्तक का लोकार्पण

**दिनांक : 17 जुलाई, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली-110001**

### 13वीं पुण्यतिथि पर प्रो. बाल आपटे जी को अर्पित भावपूर्ण श्रद्धांजलि

शिक्षाविद डॉ. राकेश मिश्र की सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'समिधा' का लोकार्पण 17 जुलाई, 2025 ( गुरुवार) को देश की राजधानी दिल्ली में संसद मार्ग स्थित एनडीएमसी के कन्वेंशन सेंटर में सम्पन्न हुआ। पुस्तक का लोकार्पण मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह मा. दत्तात्रेय होसबाले जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी ने की। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रकाशित पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली के द्वारा किया गया। महान राष्ट्रवादी चिंतक, प्रख्यात विधिवेत्ता एवं पूर्व सांसद श्रद्धेय बाल आपटे जी की पुण्य स्मृति दिवस को देखते हुए इसी तिथि को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लेखक डॉ. राकेश मिश्र 10 वर्षों तक स्वर्गीय आपटे जी के सहायक के रूप में उनके साथ रहे। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती निर्मला बलवंत आपटे जी स्वास्थ्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सकीं, लेकिन उन्होंने डिजिटल माध्यम से आशीष वचन देकर डॉ. राकेश मिश्र के एवं प्रो. आपटे जी की निकटता की चर्चा की।

### उपयोगी आलेखों का संग्रह है समिधा : दत्तात्रेय होसबाले जी

डॉ. राकेश मिश्र द्वारा लिखी गई पुस्तक का लोकार्पण करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह मा. दत्तात्रेय होसबाले जी ने कहा कि इस पुस्तक में संकलित सभी 50 आलेख अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की प्रमुख बातों को बेहद ही रोचक तरीके से दर्शाया गया है। प्रो. बाल आपटे जी को लेकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी को लेकर, सरदार वल्लभभाई पटेल सहित कई सामाजिक पहलुओं पर लिखी गई यह पुस्तक चेतना जागृत करेगी। विभिन्न विषयों पर चिंतन कर उसको पुस्तक का रूप देना एक बड़ी उपलब्धि है। इस संकलन के लिए डॉ. राकेश मिश्र के प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनके सामाजिक एवं सांगठनिक कार्यों की भी चर्चा की।

श्री होसबाले ने प्रो. बाल आपटे जी के जीवन के कई पहलुओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि मनुष्य के अंदर आलस, अहंकार, नफरत और स्वार्थ जैसे प्रदूषण को भी ठीक करने की जरूरत है क्योंकि अगर पर्यावरण को बदलने की बात है तो मनुष्य को भी अपनी जीवन शैली में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने एक अच्छे मित्र की आवश्यकता को बताते हुए कहा कि—

पापान्निवारयति योजयते हिताय गुह्यं निगूहति गुणान् प्रकटीकरोति।
आपद्गतं च न जहाति ददाति काले सन्मित्रलक्षणमिदं प्रवदन्ति सन्तः॥

अर्थात अच्छे मित्र के ये छह लक्षण बताएँ हैं। ये छह लक्षण जिसके अंदर होते हैं। वही सही अर्थों में मित्र कहलाने के योग्य है, जो पापों से बचाए, पाप कर्म करने से बचाए और अच्छे कर्मों में लगा दे। छिपाने योग्य बातों को छुपाए और हमारे गुणों को समूह में प्रकट करे। आपत्तियाँ आने पर कभी साथ ना छोड़े और समय आने पर भरपूर सहयोग करें। संत लोग अच्छे मित्रों के यही लक्षण बताते हैं।

**समग्रता का प्रतीक है समिधा : श्री भूपेन्द्र यादव जी ( केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार )**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने डॉक्टर राकेश मिश्र को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने विचारों को पुस्तक के रूप में प्रतिपादित किया है, जो बताता है कि डॉ. राकेश मिश्र जी की राजनीतिक समझ और सामाजिक उपलब्धियाँ बहुत बड़ी हैं। उन्होंने कहा कि समिधा का अर्थ है अग्नि को लकड़ी, सुगंधित पदार्थ इत्यादि समर्पित करना। माननीय आपटे जी हमारे लिए बहुत आदर्श एवं श्रेष्ठ व्यक्ति थे। वह अपने समय के बहुत ही पाबंद व्यक्ति थे। श्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि आपटे जी के साथ रहकर सीखने के लिए बहुत कुछ सीखा और यह वह व्यक्ति थे, जिन्होंने भाजपा को संवारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राकेश जी ने पुस्तक में पर्यावरण को लेकर भी चर्चा की है और आज के दौर में पर्यावरण अपने आप में बहुत बड़ी चुनौती है। पिछले 10 वर्षों में भारत ने कई कदम उठाए हैं, जैसे इंटरनेशनल सोलर हब बनाया जिसका मुख्यालय गुड़गाँव में है। इसमें 137 देश सहभागी हैं। हम एक पेड़ लगाकर धरती द्वारा जो जीवन हमें दिया गया है उसको हम थोड़ा बहुत जस्टिफाई कर सकते हैं। प्रकृति के प्रति हमारा कुछ कृतज्ञता है और उसी श्रृंखला में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम जो अभियान चलाया उसके माध्यम से आज 140 करोड़ पेड़ पूरे देश भर में लगाये गए हैं। डॉ. राकेश मिश्र सतना में अपना-सपना हरा भरा सतना अभियान चला रहे हैं। पेड़ सुरक्षित रहें, इसलिए उनकी देख-रेख के लिए ग्रीन ऐम्बुलेंस से उनका रख-रखाव कर रहे हैं।

**नई पीढ़ी को विरासत से अवगत कराएगी यह पुस्तक : डॉ. राकेश मिश्र**

पुस्तक के लेखक डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि इस पुस्तक में राष्ट्रवादी विचारधारा के चिंतकों के व्यक्तित्व और कृतित्व को संकलित किया गया है। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, महान राष्ट्रवादी चिंतक पं. दीनदयाल उपाध्याय जी, भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी, प्रो. बाल आपटे, श्रद्धेय मदन दास देवी एवं श्री गोपाल जी व्यास के व्यक्तित्व पर केन्द्रित आलेख हैं। भगवान परशुराम, भगवान धन्वंतरि एवं महात्मा बुद्ध का स्मरण किया

है। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद किया है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व और कार्यों एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वर्तमान में देश के कुशल गृहमंत्री अमित शाह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को भी आलेख के माध्यम से रेखांकित कराने का प्रयास किया है।

छात्रशक्ति, युवाशक्ति एवं नारी शक्ति की महत्ता, योग एवं पर्यावरण के महत्त्व, देवभाषा संस्कृत और राष्ट्रभाषा हिंदी को लेकर आलेख इस पुस्तक में संकलित है। इस अवसर अपने तपस्वी पूज्य पिता पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी) एवं माता श्रीमती शांति मिश्रा जी को याद करते हुए भावुक होते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि उन्हीं के मिले आशीर्वाद से यह कार्य सम्पन्न हो सका है।

एडवोकेट संकल्प मिश्र ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों की कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है।

इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज, प्रभात प्रकाशन के प्रभात जी, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता, डॉ. महेश चन्द्र शर्मा (पूर्व राज्य सभा सदस्य), श्री राजकुमार भाटिया जी (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. महेश शर्मा (सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री), हास्य कवि श्री सुरेन्द्र शर्मा जी, डॉ. अनिल सहस्त्रबुद्धेजी, श्रद्धेय अजय भाई जी, श्री वी. सतीश जी, श्री सतीश उपाध्याय (विधायक), अशोक गोयल देवरहा (विधायक), अनेक मंत्री, सांसद, विधायक एवं अभाविप कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रमुख गणमान्य जन भी उपस्थित रहे।




*कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन करते श्री भूपेंद्र यादव जी (केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री, मा. दत्तात्रेय होसबाले जी (सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ), श्री प्रभात कुमार जी (प्रभात प्रकाशन), डॉ. राकेश मिश्र (लेखक)*







*'समिधा' का लोकार्पण करते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह मा. दत्तात्रेय होसबाले जी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जी एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्री प्रभात कुमार जी*






*डॉ. महेश चंद्र शर्मा जी, सुश्री बांसुरी स्वराज जी (सांसद नई दिल्ली), श्री सुरेन्द्र शर्मा जी (हास्य कवि)*

## कार्यक्रम : परम पूज्य दद्दा जी की जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 18 जुलाई, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मार्गदर्शक परम पूज्य दद्दा जी की जन्म जयंती पर 18 जुलाई, 2025 को 101वीं जयंती के अवसर पर सेवा न्यास मुख्यालय 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ रीवा रोड, सतना में सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की।




*परम पूज्य दद्दा जी की जन्म जयंती पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पण श्री अनिल सैनी, श्री विजय पटेल, श्री करूणेश अनुरागी सहित अन्य कार्यकर्ता।*

## कार्यक्रम : चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल

**दिनांक : 18 जुलाई, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : हवाई पट्टी के सामने सेवा बस्ती, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मार्गदर्शक परम पूज्य दद्दा जी की जन्म जयंती पर 18 जुलाई 2025 को चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल, आप के द्वार-आप का अस्पताल योजना अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सेवा न्यास द्वारा किया गया है।




*मरीजों की 23 प्रकार की जाँचे करते हुए डॉक्टर*



*महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की सम्पूर्ण जाँच निःशुल्क कराई*






दद्दा जी की जन्म जयंती पर न्यास द्वारा चलाया गया अभियान चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल में जाँच कराते ग्रामीण महिला पुरुष






## कार्यक्रम : दद्दा जी की जन्म जयंती समारोह

**दिनांक : 20 जुलाई, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : धवर्रा, सतना, दिल्ली**

महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी की जन्म जयंती पर धवर्रा, सतना व नई दिल्ली में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### किसानों, युवाओं और मजदूरों को आर्थिक स्वावलंबी बनाने के लिए दद्दा जी का जीवन रहा समर्पित : डॉ. राकेश मिश्र

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर में दद्दाजी जी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में श्री राकेश गोस्वामी (विधायक महोबा), श्रीमती अर्चना चिटनिस (पूर्व मंत्री एवं विधायक), बालेन्द्र गौतम, मनीषा पाठक (जिला उपाध्यक्ष रीवा), श्रीमती अंजना तिवारी सतना, श्री सुनील यादव, श्रीमती मनीषा सिंह सतना, डॉ. राजेश सर्वज्ञ मुंबई, श्रीमती मालती मिश्रा छतरपुर, श्री दुर्गा दीक्षित (टीकमगढ़), श्री गोपाल राय (टीकमगढ़) सहित देश के सुप्रसिद्ध समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। उनके जन्म दिवस पर उनके द्वारा किए गए समाज सेवा के क्षेत्र में जो नए कीर्तिमान अर्जित किए हैं उनको स्मरण किया।

### सतना में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन :

**127 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 98 मरीजों को दी गई मुफ्त दवाइयाँ :** परम पूज्य दद्दा जी की जन्म जयंती पर हवाई पट्टी के पीछे सेवा बस्ती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ऐसे मरीजों के लिए है जो आर्थिक अभाव के कारण बड़े अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करने में सक्षम नहीं है।डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा आपका अस्पताल-आपके द्वार योजना के अंतर्गत प्रतिदिन सेवा बस्तियों में निवास करने वाले मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।

चलता फिरता मुक्त अस्पताल के माध्यम से 127 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें सामान्य रोगों के 102 मरीजों को मुफ्त में दवाइयाँ प्रदान की गईं।

### अमृत पार्क सतना में हुआ पौधा रोपण

परम पूज्य दद्दा जी की जन्म जयंती पर हवाई पट्टी के पास अमृत पार्क में "अपना सपना हरा भरा सतना अभियान" के अंतर्गत पौधारोपण करते हुए पर्यावरण

प्रेमियों ने अपने जन्म दिवस व अपने माता–पिता के जन्म दिवस पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया।

## जरूरतमंदों की सेवा के लिए दद्दा जी ने अपना संपूर्ण जीवन किया समर्पित : श्रीराम रिछारिया

सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्री राम रिछारिया ने बताया कि दद्दा जी की जन्मस्थली में उनके जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। हमारे परम पूज्य दद्दा जी पर्यावरण संरक्षण के लिए व जरूरतमंदों की सेवा के लिए उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी भाव को लेकर हम सब सेवा न्यास के कार्यकर्ता उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।




*दिल्ली निवास पर श्रद्धांजलि एवं समिधा पुस्तक का भेंट स्वरूप वितरण*





*श्री राकेश गोस्वामी (विधायक महोबा) एवं श्रीमती अर्चना चिटनिस (पूर्व मंत्री एवं विधायक) ने दिल्ली निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं समिधा पुस्तक भेंट*

## कार्यक्रम : 45वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 26 जुलाई 2025**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, नई दिल्ली द्वारा 45वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य उद्घाटन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में हुआ। दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री रमेश सिंह जी (डायरेक्टर स्टार ग्रुप), विशिष्ट अतिथि श्री योगेश कुमार ताम्रकार (महापौर नगर निगम सतना) व संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष मणिकान्त महेश्वरी एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने भारत माता व सेवा न्यास के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

**इस अवसर पर लोगों ने सेवा न्यास एवं डॉ. राकेश मिश्र के कार्यों की जमकर सराहना की**—डॉ. राकेश मिश्र की सद्य: प्रकाशित पुस्तक 'समिधा' की सराहना करते हुए विशिष्ट जनों ने कहा कि यह पुस्तक आने वाली पीढ़ी के लिए पथ प्रदर्शक सिद्ध होगी। पिछले 17 जुलाई को नई दिल्ली में सम्पन्न लोकार्पण समारोह में राष्ट्रीय स्तर की ख्याति प्राप्त विभूतियों एवं राजनीतिक दिग्गजों की मौजूदगी की चर्चा करते हुए लोगों ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र का व्यक्तित्व राष्ट्रीय फलक पर है, लेकिन अपनी भूमि के प्रति वे समर्पित रहते हैं।

### क्षेत्र वासियों की नि:स्वार्थ सेवा कर रहे हैं डॉ. राकेश मिश्र : श्री रमेश सिंह जी

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टार आटोमोबाइल ग्रुप के डायरेक्टर रमेश सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी जिस प्रकार नि:स्वार्थ भाव से क्षेत्र वासियों की सेवा कर रहे हैं, उससे हमारे सतना एवं अन्य जिलों के लोगों को लाभ पहुँच रहा है। डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों मरीजों को लाभ प्राप्त हुआ है। डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों के माध्यम से समाज में नई चेतना का जागरण हुआ है।

### सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान हम सबके लिए प्रेरणापुंज : श्री योगेश ताम्रकार

सतना नगर निगम के महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की लंबी श्रृंखला है। देश के कई प्रदेशों में अपने सेवा भाव के साथ हर क्षेत्र में नागरिकों की सेवा कार्य में हर क्षण लगे हुए

हैं। मेरा स्वयं का अनुभव यह कहता है कि डॉ. राकेश मिश्र जी हर एक मिनट में एक जरूरतमंद की सेवा करते हैं, जो कि समाज सेवा की दृष्टि से अपने आप में बहुत बड़ा उदाहरण है। श्री ताम्रकार ने कहा कि परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई जी के श्री चरणों में नमन करता हूँ, जिन्होंने ऐसे पुत्र को जन्म दिया।

## निरंतर सेवा कार्य में लगे हैं डॉ. राकेश मिश्र जी : श्री मणिकान्त माहेश्वरी

संस्कार भारती के प्रदेश अध्यक्ष मणिकान्त माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य से हमारे सतना जिले एवं महाकौशल प्रांत को लाभ मिल रहा है। यहाँ निवास करने वाले लोगों के लिए यह सौभाग्य का विषय है। डॉ. राकेश मिश्र जी की ऊर्जा को देखकर हमें अत्यंत प्रसन्नता होती है, जो कि अपना अमूल्य समय समाज सेवा के लिए समर्पित भाव से दे रहे हैं। उनके सेवा भाव को देखकर हम सबको प्रेरणा मिलती है।

## शिविर में मरीजों की आठ प्रकार की महँगी जाँचें मुफ्त हो रही हैं : डॉ. राकेश मिश्र

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने सेवा न्यास की संपूर्ण गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन एँबुलेंस का संचालन देश का पहला प्रयोग है। 'चलो चलें हम पेड़ लगाएँ, धरती पर हरियाली लाएँ' पर्यावरण संरक्षण के लिए 'अपना सपना-हरा भरा सतना' अभियान के माध्यम से पेड़ लगाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है।

सेवा न्यास के द्वारा ब्लड प्रेशर, ई.सी.जी., सुगर, PFT (फेफड़ों की जाँच), BMD जाँच यानि बोन मिनरल डेंसिटी, महिलाओं के लिए पैप स्मीयर जाँच यानि गर्भाशय कैंसर की पूर्व जाँच, पुरुषों के लिए PSA यानि प्रोस्ट्रेट कैंसर की पूर्व जाँच, मुँह गले एवं स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग की गई।

## पहले दिन 566 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण 496 सामान्य मरीजों को दी गई मुफ्त में दवाइयाँ

45वें स्वास्थ्य शिविर में 566 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें हृदय संबंधित रोग के 88 मरीज, श्वसन रोग के 90 मरीज, पेट संबंधी रोग के 93 मरीज, स्त्री रोग के 78 मरीज, हड्डी एवं जोड रोग के 80 मरीज, किडनी रोग के 74 तथा कैंसर रोग के 63 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के पश्चात् 496 सामान्य मरीजों को मुफ्त में दवाइयाँ भी दी गईं। इस शिविर में पहुँचे मरीजों ने डॉ. राकेश मिश्र एवं उनकी टीम के प्रति आभार जताया।

इस दौरान कार्यक्रम के अतिथियों के साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती

सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, व्यवस्थापक श्री प्रदीप ताम्रकार, सह व्यवस्थापक श्री देवेन्द्र महेश्वरी, कोषाध्यक्ष श्री विकास पाण्डे जी, विद्यालय प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद मिश्रा जी ने भी शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। बड़ी संख्या में भारी बरसात के बावजूद महिलाओं एवं बुजुर्गों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।



*श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री मणिकान्त माहेश्वरी जी (प्रदेश अध्यक्ष संस्कार भारती महाकौशल) श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार,( जिला पंचायत उपाध्यक्ष) सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, व्यवस्थापक श्री प्रदीप ताम्रकार, सह व्यवस्थापक श्री देवेन्द्र महेश्वरी, कोषाध्यक्ष श्री विकास पाण्डे जी, श्री गणेश प्रसाद मिश्रा जी (विद्यालय प्राचार्य)*




*उद्घाटन सत्र में मंचासीन अतिथिगण*



*श्रीयुत रमेश सिंह जी (चेयरमैन स्टार आटो मोबाइल) अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए साथ में शहर के गणमान्य महानुभाव।*




चलता फिरता मुफ्त अस्पताल का अवलोकन करते पदाधिकारी



बालाजी एक्शन हॉस्पिटल की टीम कपड़े के थैले एवं सामग्री भेंट करते
अतिथि गण एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता




सद्यः प्रकाशित पुस्तक समिधा का लोकार्पण करते श्री मणिकान्त माहेश्वरी जी,
श्री योगेश ताम्रकार जी, श्री रमेश सिंह जी, डॉ. राकेश मिश्र

## कार्यक्रम : 45वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय दिवस)

**दिनांक : 27 जुलाई, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर, सतना ( म.प्र. )**

### 'डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा समाज का उन्नयन किया जा रहा : डॉ. संजय माहेश्वरी'

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन समारोह के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिरला विकास हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय माहेश्वरी, विशिष्ट अतिथि अजय अग्रवाल डायरेक्टर दैनिक भास्कर, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के व्यवस्थापक प्रदीप ताम्रकार रहे एवं सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सर्वप्रथम भारत माता व सेवा न्यास के मार्गदर्शन व प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन किया व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

डॉ. राकेश मिश्र जी ने सेवा न्यास के द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक्शन बालाजी कैंसर हॉस्पिटल के 20 डॉक्टरों की टीम द्वारा आज 627 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सेवा न्यास की मातृ शक्ति की टीम के द्वारा महिला स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

### डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा समाज का उन्नयन किया जा रहा : श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा सेवा न्यास के माध्यम से किए जा रहे कार्यों से समाज का उन्नयन हो रहा है। डॉ. राकेश मिश्र जी बहुत ही विशिष्ट काम कर रहे हैं इनके द्वारा किए जा रहे कार्य समाज सेवा की लंबी श्रृंखला है।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने आगे कहा की मैं सेवा न्यास कार्यकर्ताओं को नमन करता हूँ जो कि दिन-रात एक करके जरूरतमंदों की सेवा कर रहे हैं। शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने आगे कहा की चिकित्सा के क्षेत्र में मेरी बेटी दामाद डॉक्टर हैं मैं समझ सकता हूँ डॉक्टर की व्यस्तता क्या होती है।

बड़े डॉक्टरों को दिल्ली से लाकर सतना में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाना

अपने आप में उत्कृष्ट उदाहरण है।

डॉ. राकेश मिश्र जी को इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना विंध्य क्षेत्र ही नहीं पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है : डॉ. संजय माहेश्वरी

बिरला विकास हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय माहेश्वरी ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी को इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना हमारे विंध्य क्षेत्र ही नहीं प्रदेश का मान सम्मान गौरव बढ़ा है।

डॉ. संजय माहेश्वरी ने आगे कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यंत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है।सेवा न्यास के सभी स्वास्थ्य शिविरों में मुझे आने का अवसर मिल रहा है। मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूँ।

डॉ. संजय माहेश्वरी ने आगे कहा की सामूहिक प्रयास जो हम कर सकते हैं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन में कैंसर स्क्रीनिंग विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वार किया गया। इस प्रयास के लिए डॉ. राकेश मिश्र जी को साधुवाद देता हूँ।

### व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित : श्रीमती मनीषा सिंह

सेवा न्यास द्वारा इस शिविर में लगे हुए सभी कार्यकर्ताओं व अतिथियों को सम्मानित किया गया।उन्होंने प्रमाणपत्र, कपड़े का एक थैला, सब्जियों के बीज, पैन एवं पुस्तक प्रदान की गई। अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर घड़ी भी दी गई। सेवा न्यास की अष्टम पुस्तक भी सभी को प्रदान की गई।

**इनकी रही उपस्थिति :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह मा. उत्तम बनर्जी, चित्रकूट विधानसभा के विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. बी.के. गांधी, श्री जयदेव ताम्रकार, श्री संजय अग्रवाल, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा, इंजी रमेश जैन, श्री हरिओम गुप्ता, सर्व समाज के अध्यक्ष श्री संजय शाह, श्रीमती वर्षा त्रिपाठी, मेजर सुधीर रिछारिया, श्री रोहित अग्रवाल, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री पन्नालाल अवस्थी, श्री संत कुमार त्रिपाठी, श्री अरविंद मिश्र, श्रीमती क्रांती मिश्रा, श्री देवदत्त सोनी, इंजीनियर एस.बी. त्रिपाठी, श्री मौसम ताम्रकार, श्री मुकेश तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में सेवा न्यास कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।



*संबोधन : डॉ. राकेश मिश्र*




*मंचासीन डॉ. संजय माहेश्वरी जी (डायरेक्टर, बिरला विकास हॉस्पिटल),*
*श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह जी (अध्यक्ष, सरस्वती विद्यालय),*
*श्री अजय अग्रवाल (डायरेक्टर, दैनिक भास्कर), श्री प्रदीप ताम्रकार जी (व्यवस्थाक)*



*चिकित्सक दल के सदस्यों का सम्मान करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर वृद्धजन सम्मान

**दिनांक : 7 अगस्त, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : वृद्धाश्रम मैहर, जिला-मैहर ( म.प्र. )**

### डॉ. राकेश मिश्र जी ने बड़ा अखाड़ा मैहर में पहुँचकर महाराज जी का सम्मान अंग वस्त्र एवं सेवा न्यास की पुस्तक भेंट कर लिया आशीर्वाद

भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी आज बड़ा अखाड़ा मैहर में पहुँचकर श्री सीताबल्लभ शरण जू महाराज जी का सम्मान अंग वस्त्र एवं सेवा न्यास की समस्त गतिविधियों पर आधारित पुस्तक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर डॉ. राकेश मिश्र जी ने बड़ा अखाड़ा महाराज जी व संस्कृत विद्यालय में अध्यनरत छात्रों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ गौशाला में गौ पूजन आरती के उपरांत प्रसाद वितरण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### श्री शारदा प्रबंधक समिति वृद्धाश्रम मैहर में हुआ पौधा रोपण एवं वृद्ध जनों का लिया आशीर्वाद

श्री शारदा प्रबंधक समिति वृद्धाश्रम में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र मैहर प्रवास के दौरान वृद्ध जनों को फल वितरण कर एवं अंग वस्त्र भी दिए व कुशल क्षेम पूछ कर वृद्ध जनों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### अमरपाटन में संतोष तिवारी जी के निवास पर हुआ प्रबुद्ध जनों से संवाद

डॉ. राकेश मिश्र अमरपाटन प्रवास के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी संतोष तिवारी के निज निवास पर प्रबुद्ध जनों से संवाद करते हुए कहा कि सतना हाफ मैराथन : 2025 को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए आप सभी खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा है इस बार यह आयोजन 7 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक 1 धवारी खेल के मैदान में आयोजन किया गया है। इस आयोजन में अधिक-से-अधिक संख्या में अपना पंजीयन ऑनलाइन अवश्य कर ले।







*वृद्धाश्रम में वस्त्र व फल वितरण*



*वृक्षारोपण करते सेवा न्यास कार्यकर्ता श्री देवेन्द्र पाण्डेय जी, मनोज शुक्ला जी, श्री नितिन मिश्र, विजय सिंह, राकेश त्रिपाठी व अन्य*



*बड़ा अखाड़ा मैहर, में आयोजित संत सम्मान करते डॉ. राकेश मिश्र एवं न्यास कार्यकर्ता*



*गौमाता को चारा देते बड़े महंत जी, श्री देवेन्द्र पाण्डेय जी, श्री राजेश त्रिपाठी जी एवं डॉ. राकेश मिश्र जी*

## कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन हेतु बैठक

**दिनांक : 08 अगस्त, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर की सतना हाफ मैराथन : 2025 षष्टम् संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सेवा न्यास के लोगो (Logo) को विगत दिनों डॉ. संजय माहेश्वरी जी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदीप नेमा ने जारी किया है। शा. उत्कृष्ट व्यंकट क्रमांक एक के खेल मैदान धवारी में आगामी 7 सितंबर, 2025 को प्रात: 6:00 बजे से प्रारंभ होकर, उसी स्थान में समापन होगा।

देश के सभी राज्यों के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी दौड़ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए आनलाइन पंजीयन जारी है।

### सतना मैराथन बनाएगी नए कीर्तिमान : श्री राजीव व्यास

इस राष्ट्रीय स्तर की हाफ मैराथन में हर उम्र की प्रतिभाएँ अपना-अपना पंजीयन ऑनलाइन करवा रही है। पंजीयन शुल्क 500 रुपए 21 किमी., 300 रुपए 10 किमी. हेतु एवं 200 रुपए 5 किमी. के लिए निर्धारित किया गया है।

### सतना हाफ मैराथन का छठाँ संस्करण 7 सितंबर रविवार को : श्री रवि शंकर द्विवेदी

सतना हाफ मैराथन : 2025 षष्टम् संस्करण के संयोजक रवि शंकर द्विवेदी ने बताया है कि खेल प्रतियोगिता जीतने वाले प्रतिभागियों को चार लाख रुपए से अधिक तक नगद पुरस्कार के साथ डिजिटल विब कार्ड, अलग-अलग रंगों की टीशर्ट, एनर्जी ड्रिंक, सुबह का स्वल्पाहार, आवास एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे।

ज्ञात हो कि सतना हाफ मैराथन रजिस्टर्ड मैराथन प्रतियोगिता है। जिसमें देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भारत सरकार की भावना खेलो इंडिया के अंतर्गत सतना हाफ मैराथन 2025 षष्टम् संस्करण का आयोजन किया जा रहा है।

### प्रतियोगिता में जीतने वाले धावको को मिलेंगे चार लाख से अधिक के इनाम : श्री अजय मिश्रा

तीन स्तरीय प्रतियोगिता में 21 किमी., 10 किमी. एवं 5 किमी. की दौड में देश विदेश के खेल प्रेमी शामिल होंगे। इनको महिला व पुरुष वर्गों के अलग-अलग पुरस्कार दिये जाएँगे। पिछले वर्षों में पाँच हजार पुरुष व महिला धावकों ने रिकॉर्ड स्थापित किए

हैं। लाइव प्रसारण के माध्यम से घर बैठे हाफ मैराथन का आनंद ले सकते हैं। दुनिया भर में सतना हाफ मैराथन का सीधा प्रसारण करोडों लोग देख सकेंगे।

## सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता जीतने वाले खिलाड़ियों व छात्र-छात्राओं को दी जा रही महत्त्वपूर्ण जानकारी : सुनील यादव

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा गाँव देहात इलाकों में निवास करने वाले स्कूल कॉलेज में अध्ययनरत व खेल प्रेमियों के बीच प्रचार प्रसार करती व महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ दी जा रही है धावकों खिलाड़ियों में मैराथन में शामिल होने छात्र-छात्राओं ने मौके पर अपना पंजीयन करवाया जा रहा है।

## खिलाड़ियों व छात्र-छात्राओं का आनलाइन हो रहा पंजीयन : श्री विजय पटेल

सेवा न्यास की प्रचार प्रसार टीम ने प्रमुख रूप से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंधी कैंप, भुमकहर, कोठी, सोहावल, सी.एम. राइज स्कूल बगहा, व शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहिरा नाला में मैराथन की जानकारी देकर बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है।

सतना हाफ मैराथन को लेकर युवा धावको में भारी उत्साह के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जा रहा है।

सभी बच्चों को आवश्यक रूप से सुबह दौड़ की प्रैक्टिस करना चाहिए, साथ ही पौष्टिक आहार का सेवन करें। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में सही-सही जानकारियाँ दी जाएँ।

हाफ मैराथन दौड़ को पूरा करने वाले प्रतिभागियों को ही प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे। सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि असुविधा से बचने के लिए अपना पंजीकरण शीघ्र करायें। शा.उत्कृष्ट वेंकट क्रमांक एक का खेल के मैदान से प्राप्त कर लें।

बाहर से आने वाले प्रतिभागियों को नि:शुल्क आवास की व्यवस्था होगी।

**इनकी रही उपस्थिति**—मैराथन के प्रचार प्रसार में प्रमुख रूप से अजय मिश्रा, राजीव व्यास, रवि शंकर द्विवेदी, सुनील यादव, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, अनिल सैनी, विजय सिंह पटेल, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्य रूप से श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्री बालकृष्ण शुक्ला बेटा, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री पन्नालाल अवस्थी, श्री प्रदीप अवस्थी, श्री मेजर सुधीर रिछारिया, श्री विजय सिंह पटेल, श्री महेन्द्र तिवारी, श्री सुनील यादव, श्री विष्णु नारायण पाण्डे, श्री केडी गौतम, श्री शिवनारायण पाण्डे चंदन कश्यप, श्री क्रांति मिश्रा, श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती वंदना अभिमन्यु सिंह बागरी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी,

श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्री नितिन मिश्रा, श्री नंदकिशोर मिश्रा, श्री देवेन्द्र पाण्डे, श्री संजय जगवानी, श्री सुनील राय, श्री ज्ञानेंद्र सिंह परिहार, श्री जी.एल. चौरसिया, श्री इंदरजीत सिंह मैनी, श्री सुरेंद्र कुमार गर्ग, श्री सुरेंद्र कुमार मिश्रा, श्री ऋतुराज द्विवेदी, श्री भरत उपाध्याय, श्री अरुण पयासी, श्री रामनारायण द्विवेदी, श्री अरुण द्विवेदी, बृ श्री जभूषण मिश्रा जी, श्री मनोज शुक्ला, श्री पंकज मिश्रा, श्री पीयूष त्रिपाठी, श्री अरुण कुमार चतुर्वेदी, श्री संतोष सिंह तिवारी, श्री जितेंद्र सिंह, श्री अजय पटेल, श्री राजाराम त्रिपाठी, श्री नरेन्द्र अग्रवाल, ऊंचेहरा में श्री सोमचंद्र ताम्रकार, श्री अनुराग सिंह गुड्डा, श्री गोकुल सिंगरौल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सैकड़ो की तादाद में सेवा न्यास कार्यकर्ता खिलाड़ी धावक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



*खिलाड़ियों के साथ चर्चा में श्री राजीव व्यास एवं अन्य खेल जगत की हस्तियाँ*




*मैराथन लोगो जारी करते श्री अजय अग्रवाल (डायरेक्टर-दैनिक भास्कर), डॉ. संजय माहेश्वरी (डायरेक्टर, बिरला अस्पताल), श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, श्री प्रदीप ताम्रकार जी*

## कार्यक्रम : स्वतंत्रता दिवस समारोह

**दिनांक : 15 अगस्त, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : नेह निकुंज बम्हनगवाँ, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय नेह निकुंज बम्हनगवाँ में डॉ. राकेश मिश्र जी ने ध्वजारोहण किया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वज वंदन करते हुए तिरंगे को सलामी दी। तदोपरांत कार्यकर्ताओं व उपस्थित जन समुदाय को मिष्ठान वितरण किया गया।

अपने उद्बोधन में डॉ. राकेश मिश्र जी ने कहा कि सेवा न्यास की परंपरा के अनुसार हम सभी त्यौहार अपने परिवारजनों के साथ मनाए उसी तरह राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को भी हम समस्त परिवारजनों के साथ मनाते हैं हमारा परिवार समस्त देशवासी है। देश के लिए जीने की आवश्यकता है। आपरेशन सिंदूर की सफलता हमारे वीर जवानों का सम्मान करने का अवसर है।

### सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशव नगर व ज्ञानोदय चिल्ड्रन अकादमी विद्यालय धवारी में किया ध्वजारोहण

डॉ. राकेश मिश्र ने ध्वज फहराया व अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन केवल राष्ट्रीय उत्सव नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों के बलिदान और हमारी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है।

15 अगस्त, 1947 को, भारत ने सदियों की पराधीनता से मुक्ति पाई। लेकिन यह आजादी हमें मुफ्त में नहीं मिली। इसके लिए असंख्य वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का बलिदान, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का अदम्य साहस, महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा—इन सबने मिलकर स्वतंत्र भारत की नींव रखी।

देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की विदेश नीतियों के बदौलत विकसित भारत की परिकल्पना साकार हो रही है।विश्व में भारत ध्रुव तारे की तरह चमक रहा है।

हमारे देश के किसान अन्नदाताओं की बदौलत भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए अग्रसर है।




*सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा*



*'नेह निकुंज' मुख्यालय पर ध्वजारोहण*

## कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन : 2025

**दिनांक : 07 सितंबर, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : नेह निकुंज बम्हनगवां, सतना-485001 ( म.प्र. )**

**डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सतना हाफ मैराथन : 2025** संस्करण शुभारंभ के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह जी, विशिष्ट अतिथि योगेश कुमार ताम्रकार महापौर नगर निगम, मैहर विधानसभा के विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी, चित्रकूट विधानसभा के विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार, डॉ. सतीश कुमार एस. कलेक्टर, आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक, सतीश सुखेजा अध्यक्ष विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, रामखिलावन पटेल (पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन), पंडित भगवती प्रसाद पाण्डे (भाजपा जिलाध्यक्ष), राजा राम त्रिपाठी (पूर्व महापौर), अनंत सोनी (ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर), डॉक्टर सुनील अग्रवाल (सार्थक हॉस्पिटल के डायरेक्टर), पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक), अवधेश प्रताप सिंह (विश्वविद्यालय रीवा के डायरेक्टर), डॉ. राम भूषण मिश्रा, डॉ. संजीव मिश्रा, डॉ. संजय माहेश्वरी एवं फिल्म अभिनेता युवराज कुमार (मुंबई) एवं समाजसेवी संजय शाह ने सर्वप्रथम सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक परमपूज्य दद्दा जी बाई जी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हाफ मैराथन का शुभारंभ किया।

सूरज की पहली किरण में सफेद, केसरिया गुलाबी रंगों में पूरा शहर सराबोर दिख रहा है। सुबह-सुबह पूरा नगर लघु भारत नजर आ रहा है। जो कि इस बात को दर्शाता है कि हमारे देश के खिलाड़ियों में कितना जोश भरा हुआ है।

### डॉ. राकेश मिश्र जी खेल के माध्यम से बच्चों को दे रहे हैं संस्कार : राव उदय प्रताप सिंह ( स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री )

मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने उपस्थित धावकों खिलाड़ियों व जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा खेल के माध्यम से संस्कार भी दिए जा रहे हैं।

आज के युग में जहाँ पर बच्चे मोबाइल से खेल रहे हैं उन्हें शारीरिक व्यायाम के लिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बच्चों को खेल से जोड़कर अपने माता-पिता की सेवा करने उनका सम्मान करने का कार्य किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने आगे कहा कि हमारे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी हमेशा शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कार्य करते हैं। जब हमारा शरीर स्वस्थ होगा तो बाकी चीजें अपने आप स्वस्थ होगीं।

राव उदय प्रताप सिंह ने आगे कहा कि खेल और राजनीति दोनों एक समान रूप से साथ–साथ चलती है। पराजय ना मिले इस विषय के लिए सतर्कता से तैयारी करना चाहिए।

राव उदय प्रताप सिंह ने आयोजन एवं प्रशासनिक अधिकारी पुलिस प्रशासन नगर निगम प्रशासन के सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। जिन्होंने लगन मेहनत के साथ कार्य करके हाफ मैराथन को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुँचाया उनके लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

## सतना हाफ मैराथन प्रतियोगिता के षष्टम् संस्करण में 5332 धावको ने रचा इतिहास : डॉ. राकेश मिश्र

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे पिताजी परम पूज्य दद्दा जी की पुण्य स्मृति में सेवा न्यास द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और खेल के क्षेत्र में विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से सेवा भाव के साथ जनता जनार्दन की सेवा की जा रही है।

डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि 20 राज्यों के 85 जिलों से 5332 महिला/पुरुष धावक मैराथन में शामिल हुए हैं। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का यहाँ आना प्रतिभागियों की खेल भावना को दर्शाता है।

## डॉ. राकेश मिश्र जी व्यक्ति नहीं संस्था है : महापौर योगेश ताम्रकार

नगर के प्रथम नागरिक महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र व्यक्ति नहीं संस्था है।

इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए डॉ. राकेश मिश्र जी व सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान, खिलाड़ियों के बीच पहुँचकर प्रचार प्रसार में योजक चिह्न व प्रक्रिय की गई।



श्री राव उदय प्रताप सिंह जी (स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री, म.प्र.), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री भगवती पाण्डेय (जिलाध्यक्ष-भाजपा), श्री रामखेलावन पटेल (पूर्व मंत्री म.प्र.), श्री अनंत कुमार सोनी (चेयरमैन, ए.के.एस. यूनिवर्सिटी सतना) मैराथन का उद्घाटन करते हुए।





अतिथि गण, मैराथन का सीधा प्रसारण देखते हुए




*ध्वज दिखाकर तीनों मैराथन को रवाना करते मा. मंत्री जी एवं अतिथि गण*




*धावकों का उत्साह को देखकर सतना वासी दंग रह गए।*




*विजेताओं को पुरस्कार एवं चेक प्रदान करते शिक्षा मंत्री, श्री सुरेन्द्र सिंह गहरवार (विधायक चित्रकूट)*




*प्रसन्न मुद्रा में विजेता धावक महिला एवं पुरुष*


(म.प्र.)
10104
10067
10133
10111
10027
21018
21045
21039
21049

## सतना हॉफ मैराथन : 2025 की झलकियाँ






प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेव


तना हाफ मैराथन :202



# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001

सतना हाफ मैराथन:® 2025; षष्ठम संस्करण

## "विजेता सूची"

07 सितम्बर, 2025 (रविवार) ; समय : प्रातः 10.30 बजे
स्थान : शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्यंकट क्र.–1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.)

### 1. हाफ मैराथन : 21किमी

### I :18 से 45 वर्ष आयु (06 सितम्बर, 2007 से 06 सितम्बर, 1980 तक)

- **महिला** (18 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | संगीता पाल | 21003 | 01:21:46 | 25000 | 390934 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | श्रेया | 21035 | 01:27:35 | 15000 | 390935 | अमेठी | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | रूकमणी | 21032 | 01:27:55 | 11000 | 390936 | भिलाई | छत्तीसगढ़ |
| सांत्वना | पदमनीदास | 21026 | 01:41:16 | 1100 | 390937 | कानपुर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | भूमि नेगी | 21028 | 01:45:44 | 1100 | 390938 | दिल्ली | दिल्ली |
| सांत्वना | जयश्री भारती | 21044 | 02:01:17 | 1100 | 390939 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |

- **पुरुष**(18 से 45 वर्ष आयु) 06 सितम्बर , 2007 से 06 सितम्बर, 1980 तक)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | प्रिंसराज यादव | 21033 | 01:06: | 25000 | 390940 | अंबेडकरनगर | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | दिनेश | 21005 | 01:09 | 15000 | 390941 | कासगंज | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | जसपाल | 21049 | 01:12 | 11000 | 390942 | हापुड़ | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | महेश कुमार | 21034 | 01:15 | 1100 | 390943 | कौशांबी | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | उत्सव | 31017 | 01:18 | 1100 | 390944 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | सौरभ कुशवाहा | 31048 | 01:19 | 1100 | 390945 | सतना | मध्य प्रदेश |

### II: 45 वर्ष से अधिक आयु (06 सितम्बर , 1980 से पहले वाले)

- **महिला** (45 वर्ष से अधिक आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | विद्या धापोडकर | 21008 | 02:31.17 | 25000 | 390946 | नागपुर | महाराष्ट्र |
| द्वितीय | वन्दना सिंह | 21014 | 02:37:29 | 15000 | 390947 | देहरादून | उत्तराखण्ड |

- **पुरुष**(45 वर्ष से अधिक आयु) 06 सितम्बर , 1980 से पहले वाले)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | भास्कर कांबले | 21015 | 01:22 | 25000 | 390952 | वासिम | महाराष्ट्र |
| द्वितीय | गोर्धन मीना | 21013 | 01:24 | 15000 | 390953 | जयपुर | राजस्थान |
| तृतीय | सुंदरपाल | 21006 | 01:26 | 11000 | 390954 | पानीपत | हरियाणा |
| सांत्वना | गिरीश चन्द्र | 21012 | 01:40 | 1100 | 390955 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | अब्दुल फारूक | 21002 | 01:51 | 1100 | 390956 | गोंदिया | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | केशव आर सुसलेड | 21022 | 01:55 | 1100 | 390957 | नागपुर | महाराष्ट्र |

**2.युवा दौड़:10 किमी** (06 सितम्बर, 2013 से 06 सितम्बर, 1980 तक)

- **महिला** (12 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | अनामिका देवी | 10067 | 38:21 | 15000 | 390958 | कौशांबी | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | सोनी देवी | 10111 | 38:23 | 11000 | 390959 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | कोमल साहू | 10093 | 38:31 | 5100 | 390960 | सुल्तानपुर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | अंशिका पटेल | 10132 | 39:47 | 1100 | 390961 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | पूनम निषाद | 10133 | 40:20 | 1100 | 390962 | गोरखपुर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | रामिनी पटेल | 10106 | 42:14 | 1100 | 390963 | जबलपुर | मध्य प्रदेश |

- **पुरुष**(12 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | इन्द्रजीत | 10116 | 33:12 | 15000 | 390964 | अमेठी | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | अनुपम | 10130 | 33:17 | 11000 | 390965 | उन्नाव | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | शुभम पाल | 10113 | 33:21 | 5100 | 390966 | अंबेडकरनगर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | शिवप्रताप प्रजापति | 10025 | 34:20 | 1100 | 390967 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | मुकेश कुमार | 10054 | 35:32 | 1100 | 390968 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | राजवीर सिंह | 10094 | 35:36 | 1100 | 390969 | अमरोहा | उत्तर प्रदेश |

**II : 45 वर्ष से अधिक आयु** (06 सितम्बर, 1980 से पहले वाले)

- **महिला**

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | शोभा यादव | 10010 | 59:19 | 15000 | 390970 | नागपुर | महाराष्ट्र |
| द्वितीय | प्रमिला लंभकाने | 10027 | 01:02 | 11000 | 390971 | बांद्रा | महाराष्ट्र |
| तृतीय | शारदा एन भेवर | 10080 | 01:03 | 5100 | 390972 | नागपुर | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | विनीता शर्मा | 10034 | 01:09 | 1100 | 390973 | जबलपुर | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | सुनीता सूर्यवंशी | 10011 | 01:15 | 1100 | 390974 | नागपुर | महाराष्ट्र |

- **पुरुष**(06 सितम्बर 1980 से पहले वाले)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | गिरजा सिंह यादव | 10001 | 38:24 | 15000 | 390976 | गाजीपुर | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | मुकेश मिश्रा | 10076 | 38:49 | 11000 | 390977 | सीधी | मध्य प्रदेश |
| तृतीय | सुभाष चिनमोंकर | 10070 | 39:31 | 5100 | 390978 | बांद्रा मुंबई | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | विजेन्दर मलिक | 10002 | 39:32 | 1100 | 390979 | हिसार | हरियाणा |
| सांत्वना | प्रमोद यादव | 10109 | 41:17 | 1100 | 390980 | अंबेडकरनगर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | बसंत देसाई | 10020 | 41:34 | 1100 | 390981 | धुले | महाराष्ट्र |

### 3.अमृत दौड़ 05 किमी (सभी आयु वर्ग)

- **महिला (सभी आयु वर्ग)**

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | रूमन यादव | 50246 | 20:23 | 5100 | 390982 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश . |
| द्वितीय | मुस्कान साकेत | 50901 | 21:28 | 3100 | 390983 | सतना | मध्य प्रदेश |
| तृतीय | रेनू केव[ | 52982 | 23:07 | 2100 | 390984 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | अल्का सिंह | 50155 | 24:03 | 1100 | 390985 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | पूर्वी केवट | 50125 | 24:15 | 1100 | 390986 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | संजना आदिवासी | 50123 | 25:46 | 1100 | 390987 | सतना | मध्य प्रदेश |

- **पुरुष**(सभी आयु वर्ग)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | कुलदीप | 52954 | 14:03 | 5100 | 390988 | अम्बेडकर नगर | उत्तर प्रदेश . |
| द्वितीय | विकास यादव | 52013 | 15:46 | 3100 | 390989 | अमेठी | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | मान सिंह | 51963 | 15:50 | 2100 | 390990 | कौशांबी | उत्तर प्रदेश . |
| सांत्वना | आनंद यादव | 50243 | 15:52 | 1100 | 390991 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | आदर्श मिश्रा | 52501 | 16:11 | 1100 | 390992 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | मानिकंद्रा | 51946 | 16:34 | 1100 | 390993 | कौशांबी | उत्तर प्रदेश |



## कार्यक्रम : हरा भरा सतना अभियान

**दिनांक : 09 सितंबर, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : वी.एम.वी कॉलेज के बगल में प्रेम नगर मोड़, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा पितृ पक्ष के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी, परम पूज्य दद्दा जी की पुण्यतिथि पर पौधारोपण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




*वृक्षारोपण कराते श्री राजीव व्यास,*
*श्री राजेश त्रिपाठी, श्री विजय पटेल, श्री अजय मिश्रा एवं न्यास के कर्यकर्ता*



## कार्यक्रम : 'स्वास्थ्य शिविर' चलता फिरता मुफ्त अस्पताल

**दिनांक : 30 सितंबर, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : जे.पी. विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल महादेवा, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान आपका अस्पताल आपके द्वारा योजना अंतर्गत जे.पी. विद्यापीठ हायर सेकंडरी स्कूल महादेवा, में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुशीला शक्ति चेतना ट्रस्ट द्वारा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बच्चों व उनके परिजनों हेतु किया गया। जिसमें 137 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ एवं मौसमी बुखार सर्दी जुकाम के 105 मरीजों को मुफ्त में दवाइयाँ दी गई।

### डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा संचालित 'चलता फिरता मुफ्त अस्पताल' सराहनीय कार्य : डॉ. श्रवण तिवारी

डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा समाज सेवा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शिक्षाविद श्रवण तिवारी ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी की कर्मभूमि सतना है, डॉ. मिश्र जी के द्वारा समाज के उत्थान के लिए निरंतर उनकी टीम के द्वारा कार्य किया जा रहा है साथ ही चलता फिरता मुफ्त अस्पताल इस योजना के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए यह वरदान सिद्ध हो रही है।

### आपका अस्पताल आपके द्वार अभियान में हो रहा है स्वास्थ्य परीक्षण : दी जा रही है नि:शुल्क दवाइयाँ : एस.पी. सिंह

धवारी बस्ती में निवास करने वाले एसपी सिंह ने कहा कि आज हमने अपना सपरिवार स्वास्थ्य परीक्षण करवाया है साथ ही दवाइयाँ भी नि:शुल्क प्रदान की गई है यह योजना आगे भी निरंतर प्रगति करें, ईश्वर से यही कामना करते हैं। डॉ. राकेश मिश्र जी के प्रति हम अपना आभार व्यक्त करते हैं जिनके द्वारा आज कमजोर वर्गों व सेवा बस्तियों में निवास करने वाले मरीजों के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

इस स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. श्रवण तिवारी, डॉ. चंद शर्मा, श्रीमती वंदना अभिमन्यु बागरी, सुमन त्रिवेदी, वंदना शुक्ला, प्रियंका गुप्ता, कुंज बिहारी पाण्डेय, अरुण श्रीवास्तव, भोले साकेत, संदीप त्रिपाठी, सेवा न्यास मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







स्वास्थ्य परीक्षण में श्रीमती चन्द्रा शर्मा, वंदना बागरी, रश्मि सैनी आदि सहयोग करते हुए



## कार्यक्रम : श्रद्धांजलि सभा एवं सुंदरकांड पाठ

**दिनांक : 23 अक्तूबर, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम', धवर्रा ( नौगाँव ) महोबा ( उ.प्र. )**

### श्रद्धांजलि सभा में डॉ. राकेश मिश्र का संदेश

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा—"हमारे पूज्य पिताजी पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी) का जीवन समाज, शिक्षा, खेल और संस्कृति की सेवा के लिए समर्पित था। सेवा न्यास का उद्देश्य गरीबों, विद्यार्थियों, किसानों और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाना है, ताकि बुंदेलखंड आत्मनिर्भर बन सके।"

उन्होंने बताया कि "नीलकंठ धाम धवर्रा और नेह निकुंज सतना जैसे स्थलों से सेवा की यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी।"

### भजन मंडली ( सुंदरकांड पाठ टीम )

भक्ति रस से ओतप्रोत सुंदरकांड पाठ एवं भजन कार्यक्रम में मनोज तिवारी, अंतू तिवारी, रिंकू राठौर, अंकू राठौर, अनिल खरे, दिव्यांशु मिश्र एवं विनीत रावत ने मनमोहक प्रस्तुति दी। सुंदरकांड पाठ, भजन "श्रीराम जय राम जय जय राम" की गूंज से पूरा धवर्रा परिसर भक्तिमय हो उठा।

**विशिष्ट अतिथि और सम्मान समारोह**—कार्यक्रम में स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज (भीमकुंड), श्री पुष्पेन्द्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक), श्री संतोष गंगेले 'कर्मयोगी' (छतरपुर), पं. सुधीर शर्मा, डॉ. लक्ष्मी नारायण रावत, आलोक जायसवाल, अनूप तिवारी सहित अनेक अतिथियों को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शिविर सहयोगियों को भी स्मृति चिह्न भेंट किए गए।

**कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति**—कार्यक्रम में बॉबी असाटी, अंजुल सक्सेना, राकेश पाठक, सुशील द्विवेदी, धीरेन्द्र गुप्ता, रमाशंकर मनीषी, हरसू महाराज, प्रदीप मिश्र, सुलोक मिश्र, नीरज भार्गव, कन्हैया अग्रवाल, डॉ. पुरुषोत्तम गंगेले, मनोज तिवारी, नीरज रावत, सौरभ मिश्रा, आर.के. त्रिवेदी, ललित नायक, विजय सिंह, नरेन्द्र मिश्रा टिबलू, राधे शुक्ला, नरेश वर्मा (जिला कार्यवाह), सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम संचालन में अनूप मिश्र, श्रीराम रिछारिया, रिंकू राजा, बृजेश बाजपेई, मोहित मिश्रा, बबलू पाल, गौरव मिश्र, नारायण अनुरागी, देवी पाल, मुकेश राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

**आयोजक परिवार ने आभार व्यक्त किया**—डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला मिश्र, संकल्प मिश्र, श्रीमती आशा रावत, श्रीमती मालती मिश्र, श्रीमती रेखा अवस्थी, डॉ.

रचना मिश्र, विनीत रावत, दिव्यांशु मिश्र, डॉ. पल्लवी तिवारी ने सक्रिय भागीदारी निभाने वालों का आभार व्यक्त किया।



*श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक),*
*डॉ. राकेश मिश्र, श्री रामनरेश तिवारी (राष्ट्रीय मंत्री, किसान मोर्चा) एवं ग्रामवासी*



*श्रद्धांजलि अर्पित करते सेवा न्यास के पदाधिकारी, श्रीमती आशा रावत (सचिव),*
*श्रीमती मालती मिश्रा (उपाध्यक्ष), डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष)*
*श्री विनीत रावत, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, श्री दिव्यांशु मिश्रा, श्रीमती प्राची चतुर्वेदी,*
*डॉ. पल्लवी तिवारी, श्री संकल्प मिश्र*








*सुंदरकांड पाठ करते परिवारजन*

## कार्यक्रम : 46वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 23 अक्तूबर, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम', धवर्रा ( नौगाँव ) महोबा ( उ.प्र. )**

नौगाँव के सीमावर्ती ग्राम धवर्रा (जनपद महोबा, उ.प्र.) स्थित 'नीलकंठ धाम' की पावन भूमि पर स्वर्गीय पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी) की नवम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, सुंदरकांड पाठ, प्रसाद वितरण एवं 46वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भव्य रूप से संपन्न हुआ।

46वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर : 319 कान और नेत्र परीक्षण सहित व्यापक जनसेवा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में—कान परीक्षण एल्पस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा 56 को मिली मशीनें। नेत्र परीक्षण सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, जानकीकुंड चित्रकूट (सतना, म.प्र.) के विशेषज्ञों द्वारा 263 का किया गया।

ग्रामीणों के लिए निःशुल्क दवा वितरण, श्रवण यंत्र परीक्षण, मोतियाबिंद चयन, और नेत्र परामर्श की व्यवस्थाएँ की गईं।

सेवा न्यास द्वारा वस्त्र, ट्रैक सूट, बल्ब, बैग, साड़ी, कंबल, घड़ी व प्रभु श्रीराम का चित्र आदि भी वितरित किए गए, जिससे ग्रामीणों में अत्यंत हर्ष रहा।

### स्वास्थ्य शिविर के लाभार्थियों के विचार एवं अनुभव

**श्रीमती कमला देवी ( धवर्रा ) :** "पहले भी कई बार गाँव में इतने बड़े डॉक्टरों की टीम मिश्रा जी लेकर आये हैं। मेरे कान का इलाज हुआ और अब सुनने में बहुत राहत है।"

**श्री रामकुमार रावत ( नौगाँव ) :** "नेत्र परीक्षण में मोतियाबिंद की पहचान हुई। डॉक्टरों ने बताया कि अब ऑपरेशन चित्रकूट में निःशुल्क होगा, इसके लिए सेवा न्यास का बहुत-बहुत आभार।"

**श्रीमती सविता अनुरागी ( खमा ) :** "सेवा न्यास ने गरीबों के लिए जो किया, वह प्रेरणादायक है। गाँव में ऐसा आयोजन हर साल होना चाहिए।"

**युवा लाभार्थी आकाश दीक्षित( बिलहरी ) :** "स्वास्थ्य के साथ शिक्षा और खेल के क्षेत्र में भी सेवा न्यास का काम शानदार है।"

ग्रामीणों ने कहा कि "सेवा न्यास वास्तव में समाजसेवा का पर्याय बन चुका है जो बिना भेदभाव हर वर्ग के लोगों की मदद कर रहा है।"




स्वास्थ्य जाँच कराते नजदीक गाँवों से आए ग्रामवासी




स्वास्थ्य जाँच कराते स्वामी पूज्य शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुण्ड

## कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ्त अस्पताल

**दिनांक : 29 अक्तूबर, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : कृषि उपज मंडी, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'आपका अस्पताल आपके द्वार' योजना अंतर्गत कृषि उपज मंडी में मरीजों की जाँच की गई।



*स्वास्थ्य जाँच कराते किसान*



## कार्यक्रम : एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 21 नवंबर, 2025**
**कार्यक्रम स्थल : बढ़ईया टोला, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सिद्धार्थ नगर शिव मंदिर बढ़ईया टोला, सतना में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि चलता फिरता मुफ्त अस्पताल 'आपका अस्पताल-आपके द्वार' अभियान के अंतर्गत नगर की सभी सेवा बस्तियों में निवास करने वाले मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा हैं। मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत पीड़ित मरीजों को नि:शुल्क में दवाइयाँ भी दी जाती हैं।

### बढ़ईया टोला सतना में 59 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण : 41 सामान्य मरीजों को दीगई नि:शुल्क दवाई : कपसा शारदा तिवारी पार्षद

श्री कपसा शारदा तिवारी पार्षद ने सेवा न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि चलता फिरता मुफ्त अस्पताल आज हमारे वार्ड में ऐसे मरीजों के लिए आयोजित किया गया जो आर्थिक अभाव के कारण बड़े अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराने की स्थिति में नहीं है। उनके लिए यह योजना वरदान साबित हो रही है।

श्री तिवारी पार्षद ने बताया कि बढ़ईया टोला में 59 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं 41 सामान्य रोगियों को सर्दी, जुखाम बुखार, खांसी के मरीजों को नि:शुल्क दवाई दी गई।

### डॉ. राकेश मिश्र जी के प्रयासों से हमारी बस्ती को मिल रहा है लाभ : रामाधार वर्मा

बढ़ईया टोला सतना निवासी रामाधार वर्मा ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा निरंतर मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हमेशा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन से मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत नि:शुल्क में दवाइयाँ भी दी जाती हैं, जो की अत्यंत ही सराहनीय कार्य है।

**इनकी रही उपस्थिति :** पार्षद कपसा शारदा तिवारी, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी, अनिल सैनी, विजय सिंह पटेल, रामाधार वर्मा, महेन्द्र सिंह, रजनीश तिवारी, विश्वनाथ विश्वकर्मा, सेवा न्यास मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*सेवा बस्ती की महिलाओं को जागरुक करती न्यास की कार्यकर्त्ता बहिनें*




*मरीज का ब्लड प्रेशर व शुगर की जाँच करती डॉक्टर*



*नि:शुल्क दवाई वितरित करती श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी आदि*

## कार्यक्रम : नवम व्याख्यान माला (राष्ट्रीय सुरक्षा)

**दिनांक : 28 दिसंबर, 2025**

**कार्यक्रम स्थल : महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के निकट, छतरपुर ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा विषय पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की स्मृति में नौंवी व्याख्यान माला का आयोजन रविवार को छत्रसाल ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य वक्ता सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय थे। विशिष्ट अतिथि प्राचीन भारतीय इतिहासकार डॉ. कन्हैया लाल अग्रवाल थे, जबकि अध्यक्षता डॉ. विनोद रावत ने की। न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने प्रस्तावना रखी। उन्होंने सेवा न्यास के कार्यों पर भी प्रकाश डाला तथा आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया। कमलकान्त उर्फ बॉबी असाटी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। डॉ. रचना मिश्रा की पुस्तक "प्रबोध चंद्रोदय का सांस्कृतिक अध्ययन" का विमोचन किया गया। संचालन नीरज भार्गव ने किया।

प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक व ओजस्वी वक्ता श्री उपाध्याय ने कहा कि अंग्रेज और मुगल भारत में सत्ता हथियाने के लिए नहीं बल्कि धर्म को फैलाने आए थे। उन्होंने कहा कि लव जेहाद, लैंड जेहाद, घुसपैठियों की मदद, सब कन्वर्टेड हिंदू करते हैं। यानि भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा कन्वर्जन है। जिस कन्वर्जन को रोकने के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिए वह बीमारी घटी नहीं बल्कि बढ़ गई है। मुगल तलवार की दम पर करते थे और अंग्रेज कानून की दम पर। इसलिए इस देश में कन्वर्जन की सप्लाई रोकनी होगी।

श्री उपाध्याय ने कहा कि धर्मांतरण प्लांड क्राइम है। यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। धर्मांतरण एक तरह से आतंकी गतिविधि है। इसे रोकने के लिए राम नीति यानि भय बिनु होय न प्रीति और कृष्ण नीति यानि सठे साठयम समाचरेत, व्यवस्था लागू करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि कन्वर्जन रोकना है तो कानून बदलना पड़ेगा। इसलिए महीने में एक बार अपने सांसद, विधायक से जरूर मिलिए और सवाल कीजिए। आँकड़े देते हुए श्री उपाध्याय ने बताया कि साल में 5 लाख बेटियाँ लव जेहाद का शिकार होतीं हैं और रोजाना 1500 परिवारों का धर्मांतरण होता है। देश में 5 करोड़ घुसपैठिए आ चुके हैं। डेमोग्राफी का इंबैलेंस नहीं रुका तो 25 साल बाद भयानक बड़ा खतरा सामने आएगा। उन्होंने भारत को भ्रष्टाचार से भी बहुत बड़ा खतरा बताया। उन्होंने बताया कि भारत में 40 लाख एकड़ जमीन पर वक्फ बोर्ड और 40 लाख एकड़ पर मिशनरियों का कब्जा है। हमारा मठ मंदिर सरकार के कंट्रोल में जबकि एक भी मस्जिद कंट्रोल में नहीं। हलाल की 50 हजार करोड़ की अर्थव्यवस्था है। नकली दवाओं का पैसा, हवाला, ड्रग्स

का पैसा कन्वर्जन में जा रहा। सरकार को इन पर कंट्रोल करना होगा।

उन्होंने कहा कि भारत की डेमोग्राफी बदल जाने पर क्या रहेगा? ये परंपराएँ तक नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा कि भारत की एक भी समस्या न तो लाइलाज है और न विश्वव्यापी है। घूसखोरी, कमीशनखोरी, जमाखोरी, मिलावटखोरी, नक्सलवाद, जेहाद, जनसंख्या विस्फोट की समस्या केवल भारत में है और कहते हैं कलयुग है। जबकि सिंगापुर, जापान और आस्ट्रेलिया सहित दुनिया के कई देशों में आज भी सतयुग है। श्री उपाध्याय ने कहा कि जिस देश का सिस्टम अच्छा होता है वहाँ सतयुग और जिस देश का सिस्टम बिगड़ जाता है वहाँ कलयुग होता है। उन्होंने कहा कि हम कहते है भारत केवल संविधान से चलेगा। लेकिन संविधान की शपथ लेने वालों ने संविधान के साथ बहुत धोखा किया है। कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े जजों ने धर्म और मजहब में अंतर नहीं समझा। श्री उपाध्याय ने संविधान की पुस्तक दिखाते हुए कहा कि संविधान धर्म करने की इजाजत देता है धर्मांतरण की नहीं। उन्होंने साफ कहा कि देश में सारे सिस्टम गुलामी के चल रहे हैं। संविधान के आर्टिकल 30 के बारे में सबसे बड़ी गलती करते हुए व्याख्या की गई कि जो अल्पसंख्यक हैं उन्हें एजुकेशन इंस्टीट्यूट खोलने के अधिकार दिए। एक को मदरसा खोलने का अधिकार दे दिया। जबकि संविधान अनुमति ही नहीं देता। श्री उपाध्याय ने सवाल किया कि मजहब के आधार पर जब देश का विभाजन हो गया फिर मजहब के आधार पर तमाम योजनाएँ क्यों चल रहीं हैं।

### डॉ. रचना मिश्रा की पुस्तक 'प्रबोध चन्द्रोदय का सांस्कृतिक अध्ययन' का हुआ विमोचन : डॉ. कन्हैया अग्रवाल जी

विशिष्ट अतिथि इतिहासकार डॉ. कन्हैया लाल अग्रवाल ने बताया कि प्रबोध चंद्रोदय पुस्तक कृष्ण मिश्र ने लिखी। वे चंदेल राजाओं के काल में साहित्यकार थे। उन्होंने प्रतीक के रूप में अपनी कहानी कही है। इसमें राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक वर्णन है। इसके कुछ दृश्य खजुराहो के लक्ष्मण मंदिर में अंकित किए गए हैं। प्रबोध चंद्रोदय ग्रन्थ लिखा क्यों गया इसका वर्णन उन्होंने किया। उन्होंने बताया कि महोबा की स्थापना राजा नन्नू ने की। उसका जन्म देवेन्द्रनगर में हुआ। राज्य बढ़ाने वह महोबा पहुँचा और उसने वहाँ महोत्सव यज्ञ किया जिसका नाम बिगड़ कर महोबा हो गया।

### सेवा परमो धर्मः ही लक्ष्य है पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का : डॉ. राकेश मिश्र

न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने बताया कि विराट व्यक्तित्व और महान कर्मयोगी मेरे पिता पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी) की स्मृतियों को सँजोने, उनके सेवाभावी संदेश से समाज को सशक्त बनाने के लिए माता शांति मिश्रा जी की प्रेरणा से 2017 में

पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के नाम पर स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में जो निरंतर कार्य किए हैं। हर वर्ष सेवा न्यास ने सेवा भावी होकर समाज को सशक्त बनाने के लिए क्रियाशील रहा। विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया। स्थापना के बाद से ही न्यास की ओर से स्थायी एवं सामयिक कार्यों की लंबी सूची है। न्यास की ओर से भीमकुंड में सभा मंडपम का निर्माण, 46 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, किसानों की समृद्धि के लिए किसानों को सब्जी का प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराना, प्रतिभा सम्मान समारोह, मैराथन का आयोजन, माघ मेला, महाकुंभ में शिविर, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया। प्रयागराज में आयोजित माघ मेला में गंगा तट पर 3 जनवरी से 2 फरवरी तक सभी को निमंत्रण दिया।

**इनकी रही उपस्थिति**—कार्यक्रम में विधायक श्रीमती ललिता यादव, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, पुष्पेंद्र नाथ पाठक, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो राकेश सिंह, प्रो एस.पी. जैन, डॉ. एम.पी.एन. खरे, डॉ. सुनील चौरसिया, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह, डॉ. भरत पाठक जी, राधे शुक्ला जी, उपाध्यक्ष लखन द्विवेदी सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, डॉ. विज्ञान देव मिश्रा, पेंशनर्स संगठन के पदाधिकारी, राकेश पाठक, हिंदू संगठनों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन, बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शिक्षक, छात्र-छात्राएँ, गौ रक्षक, पत्रकारगण सहित जिले व शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।






श्री अश्विनी उपाध्याय (वरिष्ठ चिंतक एवं कानून विद), श्री प्रदीप खरे 'मंटू',
डॉ. के.एल. अग्रवाल एवं डॉ. विनोद रावत दीप प्रज्जवलन करते हुए





श्री नरेन्द्र मिश्रा (टिबलू), श्री कमलकान्त असाटी 'बॉबी'
श्री अश्विनी उपाध्याय जी एवं डॉ. राकेश मिश्र का सम्मान करते हुए




डॉ. रचना मिश्रा की पुस्तक 'प्रबोध चन्द्रोदय का सांस्कृतिक अध्ययन' का लोकार्पण करते
डॉ. अश्विनी उपाध्याय जी, डॉ. कन्हैया लाल अग्रवालजी

## कार्यक्रम : एकपात्रीय नाट्य मंचन (आदि शंकराचार्य जी)

**दिनांक : 10 जनवरी, 2026**
**कार्यक्रम स्थल : टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना (म.प्र.)**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना द्वारा टाउन हॉल में जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जी के जीवन, दर्शन एवं सनातन धर्म की रक्षा पर आधारित एक भव्य एकपात्रीय नाट्य मंचन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और राष्ट्रीय एकता के भाव से ओतप्रोत कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि योगेश ताम्रकार (महापौर, सतना), उत्तम बनर्जी (प्रांत कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), पं. पीयूष दास जी महाराज (महंत, डाली बाबा मंदिर), अनंत कुमार सोनी (चेयरमैन, ए.के.एस. विश्वविद्यालय) एवं डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास) द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी, सेवा न्यास के प्रेरणास्रोत पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्र के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर आर.एस.एस. के प्रांत कार्यवाह उत्तम बनर्जी ने कहा कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार हेतु किया गया यह आयोजन अत्यंत सार्थक, प्रेरणादायक एवं समाज को दिशा देने वाला प्रयास है। ऐसे आयोजनों से आने वाली पीढ़ी अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति जागरूक होगी।

### सनातन धर्म की रक्षा का संदेश देता आदि शंकराचार्य जी के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन : पीयूष दास जी महाराज

एकपात्रीय नाट्य मंचन में श्री दामोदर रामदासी जी महाराज ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से आदि शंकराचार्य जी द्वारा सनातन धर्म की रक्षा हेतु चार धाम बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, द्वारकाधीश एवं रामेश्वरम् की स्थापना का अत्यंत प्रभावशाली चित्रण प्रस्तुत किया। मंचन में यह दर्शाया गया कि गुरु आज्ञा के पालन में आदि शंकराचार्य जी ने अपना संपूर्ण जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और राष्ट्र की आध्यात्मिक एकता के लिए समर्पित कर दिया।

नाट्य प्रस्तुति में यह भी बताया गया कि बद्रीनाथ धाम वह पावन स्थल है जहाँ महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत एवं श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना कर उसे लिपिबद्ध किया, जो सनातन परंपरा की अमूल्य धरोहर है।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती मनीषा सिंह ने किया। अंगवस्त्र पहनाकर

स्वागत में राजीव व्यास, अजय मिश्र, नितिन मिश्र एवं प्रिया त्रिपाठी की सक्रिय भूमिका रही, जबकि आभार प्रदर्शन विजय पटेल द्वारा किया गया।

**इनकी रही प्रमुख उपस्थिति—**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री योगेश ताम्रकार (महापौर, सतना), श्री उत्तम बनर्जी, पं. पीयूष दास जी महाराज, श्री अनंत कुमार सोनी, डॉ. सुनील अग्रवाल, श्री विनोद यादव, श्री आशु चतुर्वेदी, श्री मनीष तिवारी, श्री मनोज चतुर्वेदी, श्री विवेक अग्रवाल, श्रीमती विमला पाण्डे, श्री दादोली प्रसाद पाण्डे, श्री पन्नालाल अवस्थी, श्री विजय तिवारी, श्री संजय तीर्थवानी, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. एस.सी. राय, प्रो. क्रांति मिश्रा जी, डॉ. तिवारी, रामनारायण त्रिपाठी, श्री रत्नेश यादव, श्री रामबाबू त्रिपाठी, श्री अभिषेक तिवारी, श्री धनराज गुप्ता जी एवं धर्मावलंबी समाजसेवी सेवा न्यास के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक उपस्थित रहे।




*मंचासीन पं. पीयूष दास जी महराज, श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री अनंत सोनी जी (चेयरमैन, ए.के.एस. यूनिवर्सिटी') श्री उत्तम बनर्जी जी (प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, महकौशल), डॉ. राकेश मिश्र संबोधित करते हुए।*



*कलाकार का सम्मान करते डॉ. राकेश मिश्र*




*नाट्य मंचन करते कलाकार श्री दामोदर रामदासी जी*

## कार्यक्रम : एकपात्रीय नाट्य मंचन (योद्धा संन्यासी)

**दिनांक : 11 जनवरी, 2026**
**कार्यक्रम स्थल : टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर नगर के टाउन हॉल, सिमरिया चौक में 'योद्धा संन्यासी' शीर्षक से एक भावपूर्ण एकपात्रीय नाट्य मंचन (मोनो प्ले) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व क्षेत्र संघ चालक श्री कृष्ण माहेश्वरी जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार जी ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय मेहरोत्रा (मेहरोत्रा बिल्डकॉन डायरेक्टर) एवं दुष्यंत सिंह (मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टार समूह) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद, परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

### 'योद्धा संन्यासी' मोनो प्ले ने दर्शकों को किया भाव विभोर : अजय मेहरोत्रा

स्वामी विवेकानंद जी के संपूर्ण जीवन पर आधारित इस एकल नाट्य प्रस्तुति में उनके जन्म से लेकर संन्यास ग्रहण, श्रीरामकृष्ण परमहंस से आध्यात्मिक जुड़ाव, शिकागो धर्म संसद में दिए गए ऐतिहासिक संबोधन तथा वेदांत दर्शन के वैश्विक प्रसार को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

नाटक के माध्यम से मानवता, आत्मबल और 'मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है' जैसे उदात्त विचारों को जीवंत रूप में दर्शकों के समक्ष रखा गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। नाट्य मंचन को देखने बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### डॉ. राकेश मिश्र समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं : योगेश ताम्रकार ( महापौर )

सतना महापौर योगेश ताम्रकार जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा स्वास्थ्य शिविरों, सामाजिक जागरूकता अभियानों एवं विभिन्न सेवा प्रकल्पों के माध्यम से समाजहित में अनुकरणीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र के नेतृत्व में सेवा न्यास समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहा है। हर दिन नया कार्य इनकी विशेष पहचान बन गई है।

## सेवा एवं परमार्थ के क्षेत्र में युवाओं को डॉ. राकेश मिश्र से प्रेरणा लेना चाहिए : दुष्यंत सिंह

स्टार समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर दुष्यंत सिंह ने कहा कि सेवा एवं परमार्थ का कार्य अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है, किंतु युवाओं को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने सेवा न्यास की टीम की सराहना करते हुए कहा कि व्यस्तताओं के बावजूद डॉ. मिश्र द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य प्रेरणास्पद हैं।

कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी 'नीलू' ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन विजय सिंह पटेल द्वारा किया गया। इसके पूर्व श्री विनोद यादव, श्री राजाराम त्रिपाठी एवं श्रीमती सुष्मिता सिंह ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

**कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रही उपस्थिति :** श्री कृष्ण माहेश्वरी (पूर्व क्षेत्र संघचालक), योगेश ताम्रकार (महापौर), दुष्यंत सिंह (एम.डी., स्टार समूह), अजय मेहरोत्रा, विनोद यादव, विनोद पंडित, राजाराम त्रिपाठी, प्रो. एस.सी. राय, क्रांति मिश्रा, श्रीमती अनीता ताम्रकार, ददोली पाण्डेय, बी.डी. पाण्डे, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, ललित माहेश्वरी, सी.एम.एच.ओ. डॉ. मनोज शुक्ला, वर्षा त्रिपाठी, डॉ. नलिनी शुक्ला, शशिकान्त माहेश्वरी परिवार सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, छात्र छात्राएँ एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



*श्री दुष्यंत सिंह, श्री योगेश ताम्रकार जी, श्री महेन्द्र पाण्डे जी, श्री अजय मेहरोत्रा जी नाट्य मंचन में मंत्रमुग्ध*




चलता फिरता मुफ्त अस्पताल का अवलोकन करते हुए
श्री श्रीकृष्ण माहेश्वरी जी (पूर्व क्षेत्र संघ चालक) अपने परिवारजनों के साथ



दीप प्रज्जवलन करते हुए श्री अजय मेहरोत्रा,
श्री श्रीकृष्ण माहेश्वरी, श्री दुष्यंत सिंह जी, डॉ. राकेश मिश्र






*श्री दुष्यंत सिंह (स्टार ग्रुप), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर),*
*श्री अजय मेहरोत्रा, श्री श्रीकृष्ण माहेश्वरी*





*स्वामी विवेकानंद के रूप में मंचन*

## कार्यक्रम : 47वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 12 जनवरी, 2026**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर-2, दक्षिण पटरी, त्रिवेणी मार्ग संगम तट,**
**माघमेला परिसर प्रयागराज ( उ.प्र. )**

प्रयागराज माघ मेले के पावन अवसर पर गंगा तट स्थित मेला क्षेत्र में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्र जी की पुण्य स्मृति में 47वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर श्रद्धा, सेवा और सामाजिक दायित्व के भाव के साथ भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह आयोजन आचार्य श्री पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी (वृंदावन धाम) एवं श्री घनश्याम जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ, जिससे कार्यक्रम को विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्राप्त हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र एवं पं. आशुतोष ब्रह्मचारी जी की गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि माघ मेला केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि सेवा, स्वास्थ्य और संस्कारों का भी सशक्त संगम है।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ. एल.एस. ओझा एवं डॉ. शशांक ओझा के नेतृत्व में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों की नाक, कान एवं गला (ई.एन.टी.), ब्लड प्रेशर एवं शुगर की नि:शुल्क जाँच की गई। जाँच के उपरांत 250 मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया तथा नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिससे आयोजन अत्यंत सफल एवं सराहनीय सिद्ध हुआ।

### माघ मेला प्रयागराज में स्वास्थ्य, सेवा और सनातन विचारों का त्रिवेणी संगम : सुशील कटियार

इसी अवसर पर स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष वैचारिक सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री दामोदर रामदासी जी ने वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण की विस्तारपूर्वक व्याख्या की। उन्होंने कहा कि यह भाषण भारत की सनातन संस्कृति, वेदांत दर्शन, सार्वभौमिक भाईचारे और मानवता के संदेश का वैश्विक उद्घोष था, जिसने पूरे विश्व में भारत की आध्यात्मिक पहचान को सुदृढ़ किया। उन्होंने युवाओं से स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र एवं समाज सेवा में अग्रसर होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगत संत की स्मृति में उपस्थित जनसमूह द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उनके आध्यात्मिक योगदान को नमन किया गया। यह क्षण कार्यक्रम का अत्यंत गंभीर, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक पक्ष बनकर उभरा।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें श्री दामोदर रामदासी जी, श्री दयानंद जी (अपर मेला अधिकारी), श्री विवेक शुक्ला जी (उप मेला अधिकारी) एवं श्री अभिनव पाठक जी (उप मेला अधिकारी) प्रमुख रहे। साथ ही श्री सुधांशु श्रीवास्तव जी (सेक्टर मजिस्ट्रेट) की विशेष उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

सामाजिक संगठनों की सहभागिता भी उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर श्री सुशील कटियार जी (जोनल चेयरमैन, इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग (मध्य क्षेत्र)), ने कहा कि ऐसे सेवा शिविर समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करते हैं और जनस्वास्थ्य के साथ–साथ सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं। उनके साथ राजेश शुक्ला जी (जिलाध्यक्ष, यमुनापार प्रयागराज) सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त रमेश ओझा जी, सत्यम शुक्ला जी, राजन शुक्ला जी, दिलीप चौरसिया जी, विवेक स्वरूप जी, गणेश श्रीवास्तव जी, पुष्पेंद्र सिंह कुशवाहा जी, रिपुंजय पाण्डेय जी, विजय कुमार मिश्र जी, गुड़िया सिंह जी, कृष्णा केशवानी जी, गोपाल पाण्डेय जी, अखिलेश मिश्र जी, कुश श्रीवास्तव जी, राजेश पाण्डेय जी एवं पिंटू अग्रवाल जी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सभी चिकित्सकों, संतजनों, अतिथियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यास भविष्य में भी जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं सांस्कृतिक चेतना से जुड़े ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करता रहेगा।

माघ मेले में आयोजित यह 47वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वामी विवेकानंद जयंती कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य सेवा एवं वैचारिक प्रेरणा दोनों दृष्टियों से एक महत्त्वपूर्ण, प्रेरणादायी और स्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ।




*माघ मेला प्रयागराज में स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन अवसर पर श्री दयानंद जी (अपर मेलाधिकारी), श्री विवेक शुक्ला (उप मेलाधिकारी), श्री अभिनव पाठक (उप मेलाधिकारी) श्री दामोदर रामदास जी, श्री सुशील कटियार जी (पूर्व राज्य मंत्री) को शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान करते हुए सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*



*डॉक्टर द्वारा कान एवं नाक की जाँच कराते डॉ. राकेश मिश्र*







*स्वास्थ्य जाँच हेतु अपनी बारी की प्रतीक्षा में मरीज*




*प्रशासनिक अधिकारियों ने माघ मेला में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर व्यवस्थाओं में सहयोग किया*



*स्वामी विवेकानंद जयंती के वेश में कलाकार एवं प्रशासनिक मेला अधिकारी*




स्वास्थ्य जाँच कराते श्रद्धालु




माघमेला : 2026 का कथा पंडाल




माघ मेला 2026 का प्रवेश द्वार

## कार्यक्रम : 77वाँ गणतंत्र दिवस

**दिनांक : 26 जनवरी, 2026 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सेवा न्यास के मुख्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर राष्ट्रगान गाया तथा देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए संकल्प लिया।





*ध्वजारोहण करते श्री राजेश त्रिपाठी नील, श्री बलराम गुप्ता, श्री एस.एल. शुक्ला, अनुराग तिवारी, प्रिया त्रिपाठी, रश्मि सैनी, श्रीमती शीलम सैनी*



*श्री विमल नामदेवजी, अनुराग तिवारी, राजेश त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी,*
*श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती शीलम सैनी*



*रंगोली बनाती हुए श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री विजय पटेल जी*

## कार्यक्रम : गणतंत्र दिवस समारोह

**दिनांक : 26 जनवरी, 2026**
**कार्यक्रम स्थल : संगम तट, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर प्रयागराज में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के माघ मेला शिविर में पावन संगम तट पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मित्रजनों के साथ ध्वजारोहण कर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी।

यह गौरवपूर्ण अवसर हमारे संविधान की महानता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यबोध को पुनः स्मरण कराने वाला रहा।










*माघ मेला : 2026 में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, संबोधित करतीं श्रीमती मालती मिश्रा, श्री घनश्यामाचार्य जी, श्री राहुल शास्त्री जी, श्री विवेक स्वरूप जी, श्री रमेश ओझा जी एवं अन्य महानुभाव*

## कार्यक्रम : दंडी साधुओं का सम्मान

**दिनांक : 26 जनवरी, 2026**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला परिसर, संगम तट, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास शिविर में संगम तट पर दंडी साधुओं को कंबल, वस्त्र व दक्षिणा का वितरण, सनातन परंपरा के प्रति श्रद्धा प्रकट

पावन संगम तट पर सनातन धर्म की तपस्वी परंपरा के प्रतीक दंडी साधुओं को कंबल, वस्त्र, चित्र, कपड़े का थैला, चाबी के छल्ले एवं नगद दक्षिणा प्रदान कर सेवा एवं दान का पुण्य कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं आयोजकों ने दंडी साधुओं के प्रति गहरी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। सकल दंडी साधु अपने कठोर तप, अखंड ब्रह्मचर्य और संन्यास जीवन के लिए जाने जाते हैं। वे दंड धारण कर संयम, वैराग्य और आत्मसंयम का संदेश देते हैं। संगम तट पर गंगा–यमुना–सरस्वती के त्रिवेणी संगम में उनकी साधना को विशेष आध्यात्मिक महत्त्व प्राप्त है। न्यूनतम आवश्यकताओं में जीवन यापन करने वाले ये साधु भिक्षा पर निर्वाह करते हुए समाज को त्याग और साधना की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम के दौरान कंबल और वस्त्र जैसे आवश्यक सामग्री का वितरण शीत और दैनिक जीवन में सहायक सिद्ध हुआ, वहीं कपड़े के थैले एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं ने उनकी आवश्यकताओं को सरल बनाया। नगद दक्षिणा से साधुओं की औषधि, यात्रा और अन्य अनिवार्य जरूरतों में सहयोग मिला।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार संगम क्षेत्र में संन्यासियों और तपस्वियों को किया गया दान अक्षय पुण्य प्रदान करता है। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि दान से न केवल साधुओं की सेवा होती है, बल्कि दानकर्ता के जीवन में भी करुणा, विनम्रता और आत्मिक शांति का विकास होता है।

कार्यक्रम शांत, श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ और सनातन संस्कृति की सेवा एवं दान परंपरा को सशक्त संदेश देने में सफल रहा।

इस अवसर पर श्री संकल्प मिश्रा, श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं न्यास की उपाध्यक्ष श्रीमती मालती मिश्रा ने साधुओं को सामग्री वितरित की।






दंडी स्वामी साधुओं का सम्मान करतीं श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं श्रीमती मालती मिश्रा
श्री राहुल कृष्ण महराज जी, डॉ. राकेश मिश्र, संकल्प मिश्रा






## कार्यक्रम : एक शाम शहीदों के नाम

**दिनांक : 26 जनवरी, 2026**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला परिसर, प्रयागराज, ( उ.प्र. )**

भारत माता की जय

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के माघ मेला शिविर में राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत देशभक्ति के गीतों की गूँज ने समूचे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया।

जय हिंद!



*सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियाँ*



## कार्यक्रम : 48वाँ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 27 जनवरी, 2026**

**कार्यक्रम स्थल : माघ मेला परिसर, प्रयागराज, ( उ.प्र. )**

माघ मेला प्रयागराज में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी एवं श्रीमती शांति मिश्र जी की पुण्य स्मृति में 48वाँ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं भक्तमाल कथा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र द्वारा दद्दा जी एवं बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर "नर सेवा ही नारायण सेवा" के भाव से निरंतर सेवा का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में दिव्य प्रेम सेवा मिशन (हरिद्वार) के संस्थापक श्री आशीष गौतम जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री शिवाकान्त ओझा जी, पूर्व विधायक श्री उदयभान करवरिया जी, प्रयागराज के महापौर श्री गणेश केसरवानी जी एवं श्री दिलीप चौरसिया जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं, कल्पवासियों एवं आम नागरिकों की बड़ी संख्या में सहभागिता से आयोजन स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा।

### भक्तमाल कथा के दूसरे दिन भावविभोर हुए श्रद्धालु : धर्मेंद्र दुबे जी

भक्तमाल कथा के दूसरे दिन पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी ने अपनी मधुर, ओजस्वी एवं भावपूर्ण कथा प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके प्रवचनों से पंडाल में भक्ति, सेवा और संस्कारों का वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला मिश्र, संकल्प मिश्र एवं श्रीमती मालती मिश्र द्वारा पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी सहित विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर तथा माँ अन्नपूर्णा एवं भगवान धन्वंतरि जी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### डॉ. राकेश मिश्र श्रवण कुमार की तरह कर रहे सेवा कार्य प्रेरणादायी : प्रेम शुक्ला ( राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा )

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री प्रेम शुक्ला जी ने डॉ. राकेश मिश्र द्वारा किए जा रहे सेवा अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि यह वास्तविक मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य और सेवा पहुँचाने का यह प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। माघ मेला में 48वाँ स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गरीबों की सेवा प्रेरणा दायी है।

### नेत्र परीक्षण शिविर में 268 को मिले निःशुल्क चश्मे : रमेश ओझा जी

नेत्र परीक्षण प्रभारी रमेश कुमार ओझा ने बताया कि शिविर में 339 साधु–संतों एवं महंतों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 268 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। यह परीक्षण सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकी कुंड, चित्रकूट (सतना, मध्यप्रदेश) के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किया गया। साथ ही जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान की गईं।

### कान परीक्षण शिविर में 159 को मिले श्रवण यंत्र : विवेक स्वरूप

कान परीक्षण प्रभारी विवेक स्वरूप ने जानकारी दी कि एल्पस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली की विशेषज्ञ चिकित्सक टीम द्वारा 267 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 159 मरीजों को निःशुल्क श्रवण यंत्र प्रदान किए गए।

### माघ मेला में विशेष उपलब्धियों वाले सेवा कर्मियों का सम्मान : संकल्प मिश्र (एडवोकेट)

न्यास द्वारा माघ मेला क्षेत्र में सेवा दे रहे स्वच्छता कर्मी, विद्युत विभाग, पेयजल व्यवस्था, शौचालय निर्माण, पंडाल एवं अन्य व्यवस्थाओं से जुड़े महिला–पुरुष कर्मियों को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए शाल, टी–शर्ट, साड़ियाँ, अंगवस्त्र, कैलेंडर एवं नगद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से सेवा कर्मियों में उत्साह एवं आत्मबल का संचार हुआ।

### नौ वर्षों से निरंतर सेवा का संकल्प दद्दा जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि : आशीष गौतम जी

पूज्य गणेश प्रसाद मिश्र जी को याद करते हुए उन्होंने कहा कि हमको दद्दा जी ने महोबा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वयं सेवक बनाया। न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास विगत नौ वर्षों से माघ मेला प्रयागराज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करता आ रहा है। न्यास का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य एवं सेवा पहुँचाना है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी चिकित्सकों, पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

**इनकी रही उपस्थिति :** श्री आशीष गौतम जी, श्री प्रेम शुक्ला जी, श्री शिवाकान्त ओझा जी, श्री उदयभान करवरिया जी, श्री गणेश केसरवानी जी, श्री दिलीप चौरसिया जी, पं. घनश्याम पाण्डे जी, विवेक स्वरूप जी, संजय कुमार मिश्रा, पंकज त्रिपाठी, राम बाबू, आशीष गौतम, रवि श्रीवास्तव, सनी सिंह, उमेश चंदेल, जिला मुक्केबाजी संघ

अध्यक्ष सत्यम शुक्ला, सचिव मनीष जैसवाल, दीपक राजपूत, आशीष कुमार, बृजेश केसरवानी, आशुतोष ओझा, आनंद जैसवाल, विनय यादव, विवेक यादव, पिंटू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में बॉक्सिंग फेडरेशन के पदाधिकारी, न्यास के कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे।





*स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ लेते कल्पवासी*









*कान की मशीन पाकर प्रफुल्लित कल्पवशी परिवार*




*श्री आशीष गौतम जी (दिव्यप्रेम सेवा मिशन) कान की मशीन देते हुए*







*श्री प्रेम शुक्ला जी (राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा),*
*श्री आशीष जी (संस्थापक दिव्यप्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार)*
*श्री आसुतोष ओझा जी मरीजों को कान की मशीनें एवं चश्मा वितरण करते हुए।*










*आँख की जाँच कराती महिलाएँ*

## कार्यक्रम : महाशिवरात्रि (शिव-पार्वती विवाह)

**दिनांक : 15 फरवरी, 2026 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नीलकंठ धाम' धवर्रा ( नौगांव ), जिला-महोबा ( म.प्र. )**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नीलकंठ धाम में श्रद्धा और उत्साह के साथ शिव–पार्वती बारात का भव्य आयोजन किया गया। क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि एवं कल्याण की कामना के साथ दोपहर चार बजे शिव–पार्वती बारात नीलकंठ धाम से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में भ्रमण करती हुई पुनः मंदिर परिसर में सम्पन्न हुई।

बारात के दौरान ग्रामवासियों ने प्रत्येक द्वार पर श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं आरती उतारी, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

### भक्तों के लिए फलाहारी प्रसाद एवं ठंडाई की विशेष व्यवस्था : डॉ. राकेश मिश्र

इस पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं के लिए फलाहारी प्रसाद एवं ठंडाई की विशेष व्यवस्था पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा की गई, जिसका बड़ी संख्या में भक्तों ने लाभ लिया।

### श्रद्धालुओं ने किया भगवान भोलेनाथ का अभिषेक : आशा रावत

महाशिवरात्रि कार्यक्रम के दौरान सेवा न्यास की सचिव श्रीमती आशा रावत, डॉ. रचना मिश्रा, श्री दिव्यांशु मिश्रा, प्राची मिश्रा, केशव मिश्रा, साहित्य अंशू मिश्रा, सौरभ मिश्रा, गौरव मिश्रा, प्रवीण दुबे सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का विधि–विधान से अभिषेक कर सर्व–कल्याण की प्रार्थना की।

### सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं ग्रामवासियों का आभार : श्रीराम रिछारिया

इस अवसर पर अनूप मिश्रा एवं श्री राम रिछारिया ने उपस्थित श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए सफल शिव–पार्वती बारात आयोजन के लिए आयोजकों एवं समस्त ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।





शोभायात्रा का गाँव भर में स्वागत सम्मान





शिव पार्वती स्वरूपों की तैयारी एवं पूजन करते परिवार जन

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 18 फरवरी, 2026 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सिविल लाइन चौपाटी पार्क, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत श्रीमती राधा मिश्रा जी के द्वारा अपने पिता स्व. श्री रामभानु मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में कार्यक्रम किया जाएगा।




*श्रीमती राधा मिश्रा जी के द्वारा अपने पिता स्व. श्री रामभानु मिश्रा जी की पुण्य स्मृति वृक्षारोपण करते परिवार सहित*



## कार्यक्रम : स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल)

**दिनांक : 18 फरवरी, 2026 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शिव कॉलोनी गली नं. 04 जीनियस स्कूल के पास सिद्धार्थ नगर, सतना ( म.प्र. )**

नर सेवा को ही नारायण सेवा मानने वाले पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने जनसेवा की दिशा में एक और महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया है। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में संचालित 'आपका अस्पताल-आपके द्वार' योजना के अंतर्गत बुधवार को सिद्धार्थ नगर के शिव कॉलोनी स्थित जीनियस स्कूल परिसर में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस 'चलते-फिरते अस्पताल' ने क्षेत्र के उन जरूरतमंद परिवारों तक चिकित्सा सुविधा पहुँचाई, जो आर्थिक या शारीरिक कारणों से अस्पताल तक पहुँचने में असमर्थ थे। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस सघन चिकित्सा शिविर में नागरिकों का भारी उत्साह देखने को मिला। शिविर के दौरान कुल 123 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनकी अनुभवी चिकित्सकों द्वारा न केवल संपूर्ण स्वास्थ्य जाँच की गई, बल्कि उन्हें बीमारी के अनुरूप आवश्यक दवाएँ भी नि:शुल्क वितरित की गईं।





*जाँच कराते हुए सिद्धार्थ नगर सतना की महिलाएँ*



*'आपका अस्पताल-आपके द्वार' योजना के तहत*
*डॉ. राकेश मिश्र के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर संपन्न छाया चित्र*



## कार्यक्रम : स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल)

**दिनांक : 25 फरवरी, 2026 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : बाल्मीक कॉलोनी वार्ड नं. 20 सिंधी कैंप, सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि घर के पास इलाज मिलने से बुजुर्गों को भाग-दौड़ से मुक्ति मिली और समय की भी बचत हुई। अनु कुशवाहा और चित्रा सिंह ने इसे 'सच्ची जनसेवा' करार देते हुए कहा कि महिलाओं के लिए यह शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ है, जिससे उनका आर्थिक बोझ कम हुआ। शिविर की पूर्ण सफलता और न्यास कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को देखते हुए स्थानीय नागरिकों ने यह अपेक्षा जताई है कि सेवा न्यास द्वारा भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाना चाहिए।




*डॉक्टर से परामर्श लेते एवं निःशुल्क जाँच कराते ग्रामीण जन*




*ब्लडप्रेशर चेक कराते तथा निःशुल्क दवाई लेते ग्रामीण जन*






*सेवा न्यास की चिकित्सा वैन में मरीजों को निःशुल्क उपचार सेवा*

## कार्यक्रम : स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल)

**दिनांक : 17 मार्च, 2026 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शा. माध्यमिक विद्यालय के पास, बजरहा टोला, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा संचालित "चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल" अभियान के अंतर्गत बजरहा टोला की सेवा बस्ती में आज मंगलवार 17.03.2026 को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेवान्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की यह पहल गली-गली पहुँचकर जरूरतमंद लोगों को उनके द्वार पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है।

शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जाँचें की गईं तथा आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बड़े अस्पतालों से जोड़ने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर श्रीमती रश्मि सैनी, शीलम सैनी, प्रिया त्रिपाठी, श्री विजय सिंह पटेल, अनिल सैनी, विमल नामदेव सहित सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 90 मरीजों की संपूर्ण जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गईं।

स्थानीय नागरिकों ने डॉ. राकेश मिश्र द्वारा संचालित इस जनसेवा अभियान की सराहना की। महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया, जिसमें कई महिलाओं में शुगर की समस्या पाई गई, जिनके उपचार हेतु चिकित्सकों ने परामर्श दिया।

### महाकुंभ : 2025 का पवित्र गंगाजल वितरण कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया : विजय पटेल

विश्व के सबसे बड़े एवं पवित्र धार्मिक आयोजन से लाया गया पवित्र गंगाजल का सभी घरों में वितरण किया गया। श्रीमती शीलम सैनी ने बताया कि सभी महिलाओं ने गंगाजल प्राप्त कर अपने परिवार में स्थापित किया। सेवा न्यास द्वारा अपने पूज्य पिताजी की स्मृति में सतना जिले में निरंतर ऐसे जनकल्याणकारी आयोजन किए जा रहे हैं।

**शिविर में इनकी हुई जाँचें—**आज के इस शिविर में श्रीमती मीरा चौधरी, श्रीमती राजकली चौधरी, श्री तुलसी चौधरी, मोहनलाल महतों, राधा गुप्ता, सुमन प्रजापति, केसरिया प्रजापति, श्रीमती मानसी मेहता, श्री मनीष साकेत, श्रीमती श्याम कली चौधरी, श्री शंकर कोल, सोमवती गोटिया, सीता गोटिया, लक्ष्मी बुनकर, प्रेम जाटव, शोभित कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रकाश कुमार चौधरी, श्रीमती चंकी

कोल, श्यामकली चौधरी, श्री अश्विनी यादव, श्री अशोक सतनामी, श्रीमती सखिया प्रजापति, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, विमल जायसवाल, शिल्पा प्रजापति सहित सैकड़ों मरीजों ने अपने शरीर की संपूर्ण जाँच कराई।




*वृद्ध मरीजों की जाँच करते चिकित्सक गण*







*श्रीमती सीलम सैनी गंगाजल वितरण करती हुयी*

## कार्यक्रम : स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल)

**दिनांक : 19 मार्च, 2026 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : कंधा गली, बोरिंग चौराहा, टिकुरिया टोला, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा संचालित "चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल-आपका अस्पताल आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत नववर्ष के पहले दिन गुरुवार, 19 मार्च, 2026 को टिकुरिया टोला की कंधी गली, बोरिंग चौराहा, सेवा बस्ती में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के मार्गदर्शन में यह पहल गली-गली पहुँचकर जरूरतमंद लोगों को उनके द्वार पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है।

शिविर में 23 विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जाँचें की गईं तथा आवश्यक दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया गया। साथ ही गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को बेहतर उपचार हेतु बड़े अस्पतालों से जोड़ने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई।

इस अवसर पर नवरात्रि के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी मरीजों को जांच उपरांत प्रयागराज का पवित्र गंगाजल भी वितरित किया गया, जिससे कार्यक्रम में आध्यात्मिक भावनाओं का भी समावेश देखने को मिला।

न्यास द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। स्थानीय नागरिकों ने इस जनसेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा व्यक्त की।

इस अवसर पर श्रीमती रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी जी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नरेन्द्र जायसवाल, प्रदीप साहू सहित सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने सक्रियतापूर्वक सहभागिता निभाई।

स्थानीय नागरिकों ने इस जनसेवा अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग को बड़ी राहत मिल रही है। महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ भाग लिया, जिनमें कई महिलाओं में शुगर की समस्या पाई गई, जिनके उपचार हेतु चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श दिया गया।

न्यास द्वारा अपने पूज्य पिताजी की स्मृति में सतना जिले में निरंतर ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा सकें।

**टिकुरिया टोला शिविर में इनकी हुई जाँचें :** श्रीमती गायत्री सोनी, सुलेखा विश्वकर्मा, कुरैशी बेगम, अनीता रजक, चंदा साहू, पिंकी सोनी, कंचन खटीक, कमलेश जायसवाल, विमला मिश्रा, सरस्वती सेन, प्रदीप साहू, बिहारीलाल जायसवाल, हेमलता

गुप्ता, आशा सोनी, जवाहर कुशवाहा, गिरिजादेवी गुप्ता, सुनीता सिंह, संध्या पांडे, पुष्पेंद्र सेन, रामदास सिंह, प्रेमवती सेन, गायत्री साहू, रानीदेवी गुप्ता, प्राची पांडे, शुभद्रा विश्वकर्मा, दिनेश जायसवाल, सरोज कुशवाहा, केशव विश्वकर्मा, सुनील सोनी सहित कुल 128 मरीजों की स्वास्थ्य जाँच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गईं।





*टिकुरिया टोला बस्ती के मरीज अस्पताल की सेवायें लेते हुये*



*पवित्र गंगाजल पाकर महिलाओं की प्रसन्नचित मुद्रा*

## कार्यक्रम : स्वास्थ्य शिविर (चलता फिरता मुफ्त अस्पताल)

**दिनांक : 25 मार्च, 2026 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : वार्ड न. 36, कामता टोला, सतना ( म. प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के मार्गदर्शन में संचालित "आपका अस्पताल आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 36, कामता टोला में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर पार्षद श्री रमेश शुक्ला के निवास के सामने आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

न्यास कार्यकर्ता श्री कमलेश्वर अग्रवाल के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कुल 88 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

शिविर की विशेषता यह रही कि इसमें 23 प्रकार की आधुनिक व प्राथमिक चिकित्सीय जांचें की गईं, जिनमें शामिल हैं। इस व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण से लोगों को अपने शरीर की संपूर्ण स्थिति की जानकारी प्राप्त हुई, जिससे समय रहते बीमारियों की पहचान और उपचार संभव हो सका।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि "चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल" वास्तव में समाज के लिए अत्यंत उपयोगी और जनकल्याणकारी अभियान है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा न्यास के सभी कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

**इनकी रही उपस्थिति :** श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री विमल नामदेव, श्री अनिल सैनी, श्री नरेंद्र जायसवाल, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री विजय सिंह पटेल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे व नर सेवा नारायण सेवा के रूप में सेवा कार्य में लगे रहे।




*स्वास्थ्य परीक्षण कराते मरीज*



*न्यास कार्यकर्ता श्रीमती रश्मि सैनीजी पंपलेट वितरित करते हुए*




*श्री विमल नामदेवजी स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण करते हुए*



*स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण करती श्रीमती रश्मि सैनीजी, श्री नरेन्द्र जायसवाल करते हुए*




*स्वास्थ्य परीक्षण करती हुई महिला चिकित्सक*

## कार्यक्रम : श्रीरामनवमी शोभायात्रा

**दिनांक : 27 मार्च, 2026 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : गुरुद्वारा जनकपुरी से सुभाष पार्क सतना ( म.प्र. )**

### पर्यावरण, स्वास्थ्य व जागरूकता के संदेश से गूंजा सतना

हिन्दू पर्व समन्वय समिति सतना के तत्वावधान में श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर विगत 22 वर्षों से निकल रही भव्य शोभायात्रा में इस वर्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो जनजागरण रथों के माध्यम से समाज को महत्त्वपूर्ण संदेश दिए गए। धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सरोकारों का यह अद्‌भुत संगम देखने को मिला।

### नारों से गूंजा वातावरण, एकरूपता में दिखी शक्ति

सेवा न्यास के कार्यकर्ता भगवा वेशभूषा में हाथों में तख्तियां लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

"**पर्यावरण बचाना है, देश बचाना है**",
"**घटती सांसों में जान लाना है**",
"**पर्यावरण बचेगा तो हम बचेंगे**" जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा।

### ग्रीन एंबुलेंस से पर्यावरण संरक्षण का संदेश :

"अपना सपना-हरा भरा सतना" अभियान के अंतर्गत ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से वृक्षारोपण, संरक्षण एवं पोषण का संदेश दिया गया। पर्चा वितरण एवं संकल्प पत्र भरवाये गये।

### कैंसर जागरूकता अभियान बना आकर्षण का केंद्र : विजय पटेल

शोभायात्रा के दौरान सेवा न्यास द्वारा कैंसर जागरूकता को विशेष रूप से प्रमुखता दी गई। मातृशक्ति ने तख्तियां लेकर महिलाओं को जागरूक किया, वहीं पुरुषों में बढ़ते हुये मुंह एवं गले के कैंसर को लेकर भी गंभीर संदेश दिया गया।

### तंबाकू-मुक्त समाज का आह्वान :

सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्री विजय सिंह पटेल के नेतृत्व में जनजागरण अभियान चलाते हुए लोगों को तंबाकू, गुटखा, पान, बीड़ी और सिगरेट से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर संदेश दिया—

"**गुटखा छोड़ो, शरीर बनाओ**"
"**पान-गुटखा आधुनिक युग के भ्रम हैं**"

उन्होंने बताया कि इन पदार्थों के सेवन से मुंह, गले एवं फेफड़ों के कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं, विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र में इसके लक्षण अधिक देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरा परिवार इस बीमारी से प्रभावित होता है, इसलिए इससे बचाव ही सबसे बड़ा उपाय है।

### संकल्प के साथ आगे बढ़ा जनजागरण : सीलम सैनी

श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर नागरिकों से आह्वान किया गया कि वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए संकल्प लें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

### सेवा, स्वास्थ्य और जागरूकता का संगम

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास **"सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयः"** के भाव के साथ निरंतर समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय है।

### रामनवमी में विशेष उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साह :

श्री अजय मिश्रा, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री चंदन कश्यप, श्री शिवनारायण शुक्ला, श्रीमती क्रांति मिश्रा, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि होगी, श्री अनिल सैनी, श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती रेनू सिंह, सुश्री राखी परीहा, श्रीमती वंदना बागरी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, औ आदित्य पांडे, श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री नंदकिशोर मिश्रा, श्री विमल नामदेव, श्रीमती मधु वाल्मीक, श्री तरूणेन्द्र मिश्रा, श्री प्रदीप अवस्थी, श्री बलराम गुप्ता, सुमन सिंह बड़ीलिया, पूजा सिंह बढ़दौलिया, सुषमा सिंह बढ़ीलिया, सोनम गुप्ता, सोपवती कोल, सरोज खटिक, पूजा वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*श्री उत्तम बनर्जी (प्रांत कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ महाकोशल प्रांत), इजी. रमेश जैन, श्री हरिओम गुप्ता, डॉ. राकेश मित्र, श्री अजय सोनीजी (ए.के.एस विश्वविद्यालय)*



*श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, प्रो. सुश्री पूजा वर्मा, श्रीमती क्रांति मिश्रा, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती सुरेखा नामदेव 'चलता फिरता मुफ्त अस्पताल' के साथ*



*सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णनगर के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद मिश्र जी एवं समस्त आचार्य बंधु झाँकी के साथ डॉ. राकेश मिश्र*




*शोभा यात्रा में कैंसर से बचाव हेतु प्रचार की पट्टिका लेकर डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती नीलम कुशवाहा, प्रो. क्रांति मिश्रा, श्री अजय मिश्रा जी*





*ग्रीन एंबुलेंस के साथ पट्टिका लेकर चलती सेवा न्यास की बहिनें एवं कार्यकर्त्ता*

## कार्यक्रम : वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन (प्रथम दिवस)

**दिनांक : 28 मार्च, 2026 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तियारगंज, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सौजन्य से श्री व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तियारगंज में आयोजित बॉलीबाल टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ आज प्रात: भगवान श्री व्यंकटेश की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर शहर के गणमान्य जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### श्री योगेश ताम्रकार जी, महापौर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया शुभारंभ :

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस के माध्यम से प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सतना शहर खेलों की नई पहचान बनता जा रहा है और इस प्रकार के आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. राकेश मिश्रजी वॉक्सिंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष है। हर समय सतना के लिए कुछ नया करने की योजना बनाते हैं और उसे सफल भी करते हैं।

### नरेन्द्र त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष की भावुक स्मृतियाँ :

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री नरेंद्र त्रिपाठी जी ने अपने संबोधन में कहा कि वे स्वयं भी व्यंकटेश क्लब के टूर्नामेंट में भाग ले चुके हैं। आज इस आयोजन को भव्य और दिव्य स्वरूप में होते देख उन्हें अत्यंत सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने डॉ. राकेश मिश्र के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### व्यापार मंडल का सहयोग और खेलों को बढ़ावा देने सदैव तत्पर : सतीश सुखेजा

विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास लगातार नए-नए सामाजिक एवं खेल आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ रहा है। उन्होंने भविष्य में बड़े स्तर पर बॉक्सिंग टूर्नामेंट के आयोजन की भी बात कही और शहर में विकसित हो रहे खेल मैदानों के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### खिलाड़ियों को मिला मंच, सेवा न्यास का संकल्प : डॉ. राकेश मिश्र

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि संयोजक श्री रविशंकर द्विवेदी के नेतृत्व में जिले के बॉलीबाल खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य

से यह आयोजन किया गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं, आकर्षक ट्रॉफी, पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने सभी अतिथियों, कोच, रेफरी, जज एवं खिलाड़ियों से खेल भावना बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा कि अनुशासन और समर्पण से ही खिलाड़ी अपने क्षेत्र और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

### दो दिवसीय रोमांचक मुकाबले : रविशंकर द्विवेदी

यह प्रतियोगिता शनिवार प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 9 बजे तक चली। वहीं रविवार को प्रातः 10 बजे से मैच शुरू होकर सायं 5 बजे समापन समारोह के साथ सम्पन्न होंगे। समापन अवसर पर विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं सेवा न्यास द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे।

**विशेष उपस्थिति ने बढ़ाया उत्साह :** आज के कार्यक्रम में सेवा न्यास के खेल प्रमुख श्री अजय मिश्रा, श्री चंदन कश्यप, श्रीमती शीलम सैनी, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी, श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू', श्री विजय सिंह पटेल, श्री आनंद शुक्ला, श्री विवेक तिवारी, श्रीमती वंदना बागरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही जिला भर से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।




*श्री के.के. तिवारी (पार्षद), श्री सतीश सुखेजा (विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष), डॉ. राकेश मिश्र, योगेश ताम्रकार (महापौर, सतना), श्री नरेन्द्र त्रिपाठी (पूर्व जिलाध्यक्ष, भाजपा), प्रो. एस.सी. राय (प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, सतना), श्री अशोक गुप्ता (वरिष्ठ भाजपा नेता, सतना)*



प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करते श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री नरेन्द्र त्रिपाठी, प्रो. एस.सी. राय, डॉ. राकेश मिश्र



अतिथिगण एवं प्रतिभागी खिलाड़ी टीम प्रथम मैच का सामूहिक चित्र




अतिथि एवं सतना मैहर जिले की बालिका टीम के साथ



*श्री सतीश सुखेजा, श्री योगेश ताम्रकार (महापौर सतना),*
*डॉ. राकेश मिश्र, श्री रवि द्विवेदी, श्री नरेन्द्र त्रिपाठी, श्री अशोक गुप्ता टॉस करते हुए*




*खेलते हुए प्रतिभागी टीम व्यंकटेश क्लब एवं मैहर टीम*

## कार्यक्रम : वालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन (द्वितीय दिवस)

**दिनांक : 29 मार्च, 2026 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तियारगंज, सतना ( म.प्र. )**

सतना, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं श्री व्यंकटेश क्लब सतना के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में सतना एवं मैहर जिले की कुल 24 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न : डॉ. राकेश मिश्र

कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रातः न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों से इस प्रकार के वालीबाल खेल आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं और भविष्य में भी इन्हें जारी रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास खेल एवं युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए सतत कार्य कर रहा है। सतना हाफ मैराथन हो या वालीबाल प्रतियोगिता हो, यह दोनों बड़े आयोजन सतना के लिये स्वर्णिम अवसर बन चुके हैं। सतना जिले में इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। जो जिले की पहली प्रतियोगिता होगी।

### सतना की मेहुंती एवं नयागांव टीम का फाइनल शानदार प्रदर्शन : विष्णु नारायण पांडे जी

प्रतियोगिता को चार पूलों में विभाजित किया गया था, जिसमें विभिन्न गांवों एवं संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। पूल A में व्यंकटेश क्लब-A, सी.एम.ए.क्लब, हिंरौदीं, महुला, रामपुर एवं विट्स कालेज सतना की टीमें शामिल रहीं। जबकि पूल B में बरकला, खुटहा, पंदई, सिंहपुर, व्यंकटेश-B एवं रीवा विश्व विद्यालय की टीमों ने भाग लिया। पूल C में मेहुती B, कुलगढ़ी, सोनवर्षा, तिघरा, रामकृष्णा कॉलेज एवं मेंहुती-A की टीमें रहीं। पूल D में नयागांव, मढ़ी, बीरनई, किटहा, आईटीआई एवं चूंद की टीमों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

सभी मुकाबले निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। स्थानीय दर्शकों की बड़ी संख्या में उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही और प्रतियोगिता शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

## नयागांव की टीम बनी विजेता व मेंहुती बनी उपविजेता : रवि शंकर द्विवेदी

रविवार सायं 5 बजे समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें नयागांव एवं मेहुती की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। जिसमें नयागांव की टीम विजेता रही एवं विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। सभी खिलाड़ियों को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा स्मृति चिन्ह, दीवार घड़ी, कंबल एवं अन्य सामग्री कपड़े के विशेष थैले में प्रदान की गई। विजेता टीम को छह हजार रुपये नगद पुरस्कार एवं उप विजेता को चार हजार रूपये नकद पुरस्कार दिया गया। सभी खिलाड़ियों का अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया एवं माँ अन्नपूर्णा की प्रतिमा भेंट की गई।

## खेल प्रतिभाओं को उभारना डॉ. राकेश मिश्र का उत्तम प्रयास : श्री उत्तम बनर्जी ( प्रांत कार्यवाह )

समापन समारोह के अवसर सभी अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया एवं माँ अन्नपूर्णा का स्मृति चिह्न भेंट किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री उत्तम बनर्जी जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन जिले की खेल प्रतिभाओं को उभारने की दिशा में डॉ. राकेश मिश्रजी का अत्यंत सराहनीय प्रयास है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि जिले की दो महिला टीमों की भागीदारी इस बात का संकेत है कि अब खेलों में बेटियों को भी मंच मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसे आयोजनों को समाज और संगठनों का सहयोग मिलता रहे, तो जिले की प्रतिभाएं और अधिक निखरकर राष्ट्रीय स्तर पर सामने आएंगी। आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों को उन्होंने बधाई दी।

कार्यक्रम का सफल संचालन श्री विष्णु पांडे जी ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन श्री रविशंकर द्विवेदी जी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

**इनकी रही विशेष उपस्थिति :** समापन समारोह में विशेष अतिथि डॉ. संजय माहेश्वरी (निर्देशक, बिडला हॉस्पिटल सतना), श्रीमती ममता पांडे जी (पूर्व महापौर), डॉ. सुनील अग्रवाल (सार्थक हॉस्पिटल), डॉ. बी.के. गांधी जी (अध्यक्ष रोटरी क्लब), श्री अनंत कुमार सोनी जी (चेयरमैन, ए.के.एस. विश्वविद्यालय), श्री अजय अग्रवाल जी (डायरेक्टर दैनिक भास्कर), श्री जी.पी. रिछारिया, प्रो. एस.सी. राय (प्राचार्य), श्री अशोक गुप्ता जी, श्री संजय अग्रवाल, श्री एस.पी. पांडे जी, ,श्री आनंद नारायण शुक्ल (अध्यक्ष, व्यंकटेश क्लब), श्री अजय द्विवेदी, श्री नीरज गौतम, श्री शिवमोहन सिंह जी, प्रो. राजेंद्र त्रिपाठी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती नीता सोनी (पूर्व अध्यक्ष महिला मोर्चा), रश्मि सैनी, वर्षा शर्मा, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती राखी पांडे, श्रीमती पूनम मिश्रा, श्रीमती किरण दुबे, श्रीमती वर्षा सिंह, राजेश त्रिपाठी नीलू, विजय सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।




*डॉ. संजय माहेश्वरी (निर्देशक बिरला हास्पिटल), श्री अनंत सोनीजी (चेयरमैन, ए.के.एस. वि.वि.),*
*डॉ. सुनील अग्रवाल, डॉ. वी.के. गांधी, श्री रविशंकर द्विवेदी,*
*श्री अरुण सिंह (प्रांत अध्यक्ष, क्रीडा भारती महाकोशल)*




*मातृशक्ति को स्मृति चिह्न माँ अन्नपूर्णा का चित्र*


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
वालीबॉल टूर्नामेंट 2026
दिनांक: 28-29 मार्च
कार्यक्रम






पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
वालीबॉल टूर्नामेंट 2026
दिनांक: 28-29 मार्च
कार्यक्रम
उद्घाटन समारोह
समापन समारोह
स्थान: व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.) | आयोजक: श्री व्यंकटेश क्लब, सतना (म.प्र.)
आपका हार्दिक स्वागत ! वंदन !! अभिनंदन !!!
राकेश मिश्र

# मुद्रित सामग्री


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
अष्टम पुष्प : 2024-2025
(जन्म शताब्दी वर्ष)
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा वर्ष 2024-25 में किए गए
सामाजिक-सांस्कृतिक-सेवा कार्यक्रमों के संकलन
"अष्टम पुष्प"
के लोकार्पण में आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
अध्यक्षता : डॉ वीरेन्द्र कुमार जी
(केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार)
मुख्य अतिथि : श्री मानवेन्द्र सिंह
(सभापति, विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश)
कार्यक्रम विवरण
दिनांक : 17 अप्रैल, 2025 (गुरुवार) | समय : दोपहर 01:00 बजे
स्थान: नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव) जिला-महोबा (उ.प्र.)
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित
एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, नई दिल्ली और श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीटयूट
45 वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप
26 एवं 27 जुलाई 2025
के समापन समारोह में
आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक : 27 जुलाई, 2025 (रविवार) | समय : सायं 4 बजे
स्थान: सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना (म.प्र.) 485001
कार्यालय : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.)
संपर्क: 7415028096, 7000399718, 8109219020, 7000450628, (07672) 351005
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (म.प्र.)


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा
धार्मिक एवं सांस्कृतिक यात्रा
नौगांव से अयोध्या, वाराणसी, विंध्याचल (मिर्जापुर) तक
दिनांक : 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक
आपका हार्दिक स्वागत! वंदन!! अभिनंदन!!!
कार्यालय : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.)
संपर्क: (07672) 351005
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा प्रायोजित
वालीबॉल टूर्नामेंट 2026
दिनांक: 28-29 मार्च 2026
कार्यक्रम
उद्घाटन समारोह
शनिवार, 28 मार्च, 2026
प्रात: 10:00 बजे
समापन समारोह
रविवार, 29 मार्च, 2026
सायं: 05:00 बजे
स्थान: व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तियार गंज, सतना (म.प्र.)
आयोजक: श्री व्यंकटेश क्लब, सतना (म.प्र.)
आपका हार्दिक स्वागत ! वंदन !! अभिनंदन !!!
कार्यालय: 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) संपर्क: (07672) 351005
डॉ. राकेश मिश्र


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित
एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, नई दिल्ली और
श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीटयूट
45 वाँ मल्टी-स्पेशियलिटी हैल्थ चैक-अप कैंप
मेडीकल कैंप में उपलब्ध सुविधाएँ
बी.पी., शुगर, ई.सी.जी., पी.एफ.टी., बी.एम.डी. जाँच (बोन मैरो डैंसिटी),
महिलाओं के लिए पैप स्मीयर जाँच (गर्भाशय कैंसर की पूर्व जाँच),
पुरुषों के लिए पी.एस.ए. (प्रोस्ट्रेट कैंसर की पूर्व जाँच),
मुँह, गले एवं स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग
इन विशिष्ट सेवाओं के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श मिलेगा:
हृदय रोग, श्वसन चिकित्सा, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी (पेट संबंधी), स्त्री रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग,
नेफ्रोलॉजी (किडनी), डर्मेटोलॉजिस्ट (त्वचा विशेषज्ञ), कैंसर रोग विशेषज्ञ
एक्शन कैंसर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा।
दिनांक : 26 एवं 27 जुलाई, 2025 (शनिवार-रविवार)
समय : प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक
स्थान: सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णनगर, सतना (म.प्र.) 485001
पंजीयन: www.nyas.gpmsevanyas.org
यह पूर्णत: नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर है। ऑनलाइन पंजीयन के लिए 100/- रूपए जमा करने होंगे।
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना
कार्यालय : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.)
संपर्क: 7415028096, 7000399718, 8109219020, 7000450628, (07672) 351005
gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmsnyas


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा आयोजित
सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय, श्री सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट
जानकी कुंड चित्रकूट, सतना (म.प्र.) के सौजन्य से
श्रीमती शांति मिश्रा जी
की अष्टम् पुण्य स्मृति में चवालीसवां नि:शुल्क
स्वास्थ्य शिविर
कान परीक्षण
द्वारा
एल्पस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली
बधिर रोगियों की जांच
श्रवण यंत्र वितरण
कान के रोगों की जाँच
मुफ्त मशीनों का सुधार
नेत्र परीक्षण
द्वारा
सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय
जानकी कुंड, चित्रकूट (सतना) म.प्र.
नेत्र शिविर के दौरान जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवा वितरण किया जायेगा।
ऑपरेशन हेतु आधार कार्ड की फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है।
मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु रिजर्व वाहन से चित्रकूट ले जाया जायेगा एवं ऑपरेशन के पश्चात् पुन: धवर्रा तक भेजा जायेगा।
दिनांक: 17 अप्रैल 2025 (गुरुवार)
समय: प्रात: 09:00 से 1:00 बजे दोपहर तक
स्थान: 'नीलकंठ धाम' धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा (म.प्र.) 485001
संपर्क सूत्र: श्रीराम रिछारिया : 9424676146, श्री अनूप मिश्र : 9424922210
श्री रिंकू राठौर: 7898667226


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सतना
द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में
'दो दिवसीय भव्य समारोह'
एक पात्रीय नाट्य मंचन
(श्री दामोदर रामदासी, पुणे द्वारा मोनो प्ले)
10.01.2026 (शनिवार)
समय: दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक
आदि शङ्कराचार्य
सनातन धर्म की ललकार
11.01.2026 (रविवार)
समय: दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक
योद्धा सन्यासी
स्वामी विवेकानंद का गौरवशाली इतिहास
स्थानः टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना, (म.प्र.)
आपका हार्दिक स्वागत! वंदन!! अभिनंदन!!!
आयोजक : पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (म.प्र.), दूरभाष : (07672) 351005
gpmsevanyas.org gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas gpmsnyas
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (म.प्र.)


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
द्वारा प्रायोजित
जिला स्तरीय वॉलीबाल टूर्नमिन्ट : 2024
कार्यक्रम
उद्घाटन समारोह
शनिवार, 09 मार्च 2024 (प्रातः 10 बजे)
समापन समारोह
रविवार, 10 मार्च 2024 (सायं 5 बजे)
स्थानः व्यंकटेश मंदिर परिसर, मुख्तयारगंज, सतना (म.प्र.)
आयोजक : श्री व्यंकटेश क्लब, सतना (म.प्र.)
आपका हार्दिक स्वागत! वंदन!! अभिनंदन!!!
कार्यालयः 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) संपर्कः (07672) 351005
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (म.प्र.)


स्वस्थ नारी! सजग नारी!! सुखी नारी!!!
गर्भाशय एवं स्तन कैंसर जागरूकता
गर्भाशय कैंसर के लक्षण
संभोग के बाद खून आना
मेनोपॉज के बाद ब्लीडिंग होना
वजाइना से असामान्य खून आना
पीरियड्स के बीच स्पोटिंग या ब्लीडिंग
सामान्य से ज्यादा पीरियड्स होना
संभोग के दौरान दर्द
वजाइनल डिस्चार्ज
बचाव व इलाज
सर्जरी रेडिएशन थेरेपी
कीमोथेरेपी
स्तन कैंसर के लक्षण
बाहों के नीचे गांठ
स्तन में दर्द रहित गांठ
स्तन या निपल की त्वचा सिकुड़ना
स्तन में सूजन, स्तन में दर्द
निपल में बदलाव या उल्टा होना
स्तन की त्वचा का लाल होना
स्तन से खून बहना
बचाव व इलाज
स्तन की जांच करायें।
40 साल की उम्र में मेमोग्राफी करायें।
ब्रेस्ट स्क्रीनिंग के लिए एम.आर.आई, अल्ट्रासोनोग्राफी करायें।
(अधिक जानकारी के लिये अपने नजदीकी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें)
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (म.प्र.)
कार्यालयः 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) संपर्कः (07672) 351005



दैनिक भास्कर

बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया गया स्वागत

सतना। इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र के प्रथम नगर आगमन पर खिलाड़ियों द्वारा रेलवे स्टेशन में उनका भव्य स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन पर महापौर योगेश ताम्रकार, अशोक गुप्ता, संजय अग्रवाल, पन्नालाल अवस्थी, बालकृष्ण शुक्ल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर...

जन जन जागरण

janjanjagran@gmail.com

डॉ. राकेश मिश्र जी के प्रथम नगर आगमन पर जिले के खिलाड़ियों, गांव देहातों की युवा शक्ति ने सतना रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागतः योगेश ताम्रकार महापौर

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

डॉ. राकेश मिश्र जी के प्रथम नगर आगमन पर जिले के खिलाड़ियों, गांव देहातों की युवा शक्ति ने सतना रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागतः योगेश ताम्रकार महापौर

सर्व समाज, प्रिंटर एसोसिएशन, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स की सहयोगी संस्थाओं ने किया पुष्प वर्षाः कमलेश्वर अग्रवाल

सतना हाफ मैराथन, बॉक्सिंग व वॉलीबॉल टीम ने तिरंगा ध्वज लहराते हुए किया स्वागतः राजीव व्यास

नगर भ्रमण कार्यक्रम में उमड़ा खिलाड़ियों का हुजूमः विष्णु नारायण पांडे

जन जन जागरण

संस्कृति संवर्धन हेतु नृत्य कार्यशाला अभिनव प्रयोगः डॉ. राकेश मिश्र

सतना, शनिवार, 14 जून 2025 8

www.marutiexpress.com

संस्कृति संवर्द्धन हेतु नृत्य कार्यशाला का अभिनव प्रयोग

हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्नः ऋतंभरा

सतना (मारुति एक्सप्रेस)। विश्व गुरू भारत जो अपनी संस्कृति, धर्म और कला के लिए जाना जाता रहा है। वर्तमान में हमारी संस्कृति और धर्म को युवा पीढ़ी समझती तो है लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भ्रमित हो रही है।

...को भी आजीविका के रूप में चयनित कर सकते हैं।तनाव मुक्त जीवन के लिए नृत्य कला को भी अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक कु. ऋतंभरा सिंह ने विषय वस्तु में नृत्य का उद्भव, चारों वेदों में नृत्य का वर्णन एवं पंचम वेद का परिचय, रामायण, महाभारत, गीता, शिव पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण एवं अन्य पुराणों में नृत्य का वर्णन का सजीव चित्रण किया व छात्राओं को बारीकी से...

हमारी संस्कृति व नृत्य कला विषय पर त्रि-दिवसीय कार्यशाला संपन्न

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

संस्कृति संवर्द्धन हेतु नृत्य कार्यशाला अभिनव प्रयोगः डॉ. राकेश मिश्र

हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला सम्पन्नः ऋतंभरा

प्रशस्ति पत्र से सम्मान पाकर नृत्यांगना प्रसन्न हुईः नीलम कुशवाहा

प्रशस्ति पत्र से सम्मान पाकर नृत्यांगना हुई प्रसन्न

नव स्वदेश ■ सतना

विश्व गुरू भारत जो अपनी संस्कृति, धर्म और कला के लिए जाना जाता रहा है। वर्तमान में हमारी संस्कृति और धर्म को युवा पीढ़ी समझती तो है लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भ्रमित रही है।संस्कृति को आत्मसात् नहीं कर पा रही है। आवश्यकता है कि राष्ट्र की यह पीढ़ी पहले अपनी संस्कृति को जाने, समझे एवं इसको आत्मसात करे। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नेह निकुंज में आयोजित की गई। डॉ. राकेश मिश्र जी ने दीप प्रज्वलित कर सोमवार 9 जून को उद्घाटन किया। जिसमें नृत्य के माध्यम से राष्ट्र की सेवा, धर्म और संस्कृति के प्रति युवा पीढ़ी की जागरूकता बढे, जिससे वह कला को भी आजीविका के रूप में चयनित कर सकते हैं।तनाव मुक्त जीवन के लिए नृत्य कला को भी अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक कु. ऋतंभरा सिंह ने विषय वस्तु में नृत्य का उद्भव,चारों वेदों में नृत्य का वर्णन एवं पंचम वेद का परिचय, रामायण, महाभारत, गीता, शिव पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण एवं अन्य पुराणों में नृत्य का वर्णन का सजीव चित्रण किया व छात्राओं को बारीकी से प्रस्तुत किया।



# संस्कृति संवर्द्धन हेतु नृत्य कार्यशाला अभिनव प्रयोग : डॉ. राकेश मिश्र

हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न : ऋतंभरा

प्रशस्ति पत्र से सम्मान पाकर नृत्यांगना प्रसन्न हुइ : नीलम कुशवाहा

विंध्य भारत, सतना

जाता रहा है। वर्तमान में हमारी संस्कृति और धर्म को युवा पीढ़ी समझती तो है लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण भ्रमित हो रही है।संस्कृति को आत्मसात् नहीं कर पा रही है। आवश्यकता है कि राष्ट्र की यह पीढ़ी पहले अपनी संस्कृति को जाने, समझे एवं इसको आत्मसात करे। इन्हीं उद्देश्यों को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नेह निकुंज में आयोजित की गई। डॉ. राकेश मिश्र जी ने दीप प्रज्वलित कर सोमवार

जागरूकता बढे, जिससे वह कला के भी आजीविका के रूप में चयनित कर सकते हैं।तनाव मुक्त जीवन के लिए नृत्य कला को भी अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। हमारी संस्कृति एवं नृत्य कला विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला संपन्न- ऋतंभरा कार्यक्रम संयोजक कु. ऋतंभरा सिंह ने विषय वस्तु में नृत्य का उद्भव,चारों वेदों में नृत्य का वर्णन एवं पंचम वेद का परिचय, रामायण, महाभारत, गीता, शिव पुराण, श्रीमद्भागवत पुराण एवं अन्य पुराणों में नृत्य का वर्णन का सजीव चित्रण किया व छात्राओं को बारीकी से प्रस्तुत किया।

उन्होंने महाकवि कालिदास मीराबाई आदि की रचनाओं में नृत्य का वर्णन एवं नृत्य साधना पर युवा कलाकारों को जानकारी दी। प्रशस्ति पत्र से सम्मान पाकर नृत्यांगनायें प्रसन्न हुईं नीलम कुशवाहा बुधवार सायंकाल समापन के अवसर पर कलाकारों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर राजीव व्यास श्रीमती मनीषा सिंह, नीलम कुशवाहा सीलम सैनी, प्रिया त्रिपाठी, रेण

देशबन्धु

Influencing Public Opinion Since 1959

27 Jul 2025 - Page 5

## डॉ. राकेश मिश्र के कार्य से समाज में नई चेतना का जागरण

भोपाल/छतरपुर

न्यू साधना न्यूज

पहले दिन 566 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## डॉ राकेश मिश्र जी के द्वारा क्षेत्रवासियों की निःस्वार्थ की जा रही है सेवा : रमेश सिंह जी

भोपाल/छतरपुर

## राष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग को मिलेगा अवसरः डॉ राकेश मिश्र

■ न्यू साधना न्यूज, रायबरेली।

प्रथम राम कृष्ण स्मारक इलीट राष्ट्रीय चैंपियनशिपए रायबरेली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्र जी ने जानकारी दीं। डा मिश्र ने पत्रकार वार्ता में बताया की इस चैंपियनशिप में देश भर के 11 राज्यों से बॉक्सरों ने भाग लियाए जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग में आज समापन होने जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन देश भर के खिलाड़ियों को नीचे स्तर से लाकर उनके मुक़ाबले कराकर व उन्हें तराशने का काम कर रहा है। अगस्त माह में दो दिवसीय नाइट फाइट फिस्टा करायेगा।ऐसे आयोजन करके खिलाड़ियों को प्रोफ़ेशनल क्षेत्र में ले जाना है। आने वाले समय में इंडियन बाक्सिंग लीग की शुरुआत भी इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन करने जा रहा है। उस लीग का उद्देश्य देश के बॉक्सिंग खिलाड़ियों को एक बेहतर प्लेटफार्म देना होगा और देश के बाक्सिंग खिलाड़ियों को आर्थिक रूप से मजबूत करना है। प्रथम रामकृष्ण कटियार चैंपियनशिप में आज फाइनल मुक़ाबले में आठ मुक्केबाजों के रोचक प्रदर्शन होंगे।इस अवसर पर सेक्रेटरी जनरल राकेश ठाकुर ने सेंट्रल ज़ोन के अध्यक्ष सुशील कटियार जीए उत्तर प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी उपेंद्र पांडे जीए प्रो बॉक्सिंग के महासचिव ताबिश भाईए मनमोहन डबरालए पदम सिंह और बड़ी संख्या में बॉक्सिंग प्रेमी लोगों ने प्रयागराजए लखनऊए कानपुर और अमेठी आदि स्थानों से उपस्थिति दी।

## पहले दिन 566 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सतना 26 जुलाई । पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, नई दिल्ली द्वारा 45 वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य उद्घाटन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में हुआ।**

दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रमेश सिंह डायरेक्टर स्टार ग्रुप, विशिष्ट अतिथि योगेश कुमार ताम्रकार, महापौर नगर निगम सतना व संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष मणिकांत महेश्वरी एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने भारत माता व सेवा न्यास के मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर लोगों ने सेवा न्यास एवं डॉ. राकेश मिश्र के कार्यों की जमकर सराहना की। डॉ. राकेश मिश्र की सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'समिधा' की सराहना करते हुए विशिष्ट जनों ने कहा कि यह पुस्तक आने वाली पी?ी के लिए पथ प्रदर्शक सिद्ध होगी। पिछले 17 जुलाई को नई दिल्ली में सम्पन्न लोकार्पण समारोह में राष्ट्रीय स्तर

पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सेवाभाव को अतिथियों ने सराहा

## पहले दिन 566 मरीजों का परीक्षण

नगर | मारूति एक्सप्रेस

पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित एक्शन कैंसर हॉस्पिटल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

## सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान हम सबके लिए प्रेरणापुंजः महापौर

जबलपुर जनपक्ष | जबलपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

## पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का स्वास्थ्य शिविर उद्घाटित

सतना 26 जुलाई (जनपक्ष)। पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित एक्शन कैंसर हॉस्पिटल, नई दिल्ली द्वारा 45वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य उद्घाटन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में हुआ। दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर उद्घाटन के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री रमेश सिंह डायरेक्टर स्टार ग्रुप, विशिष्ट अतिथि श्री योगेश कुमार ताम्रकार, महापौर नगर निगम सतना व संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष मणिकांत

रहे हैं, उससे हमारे सतना एवं अन्य जिलों के लोगों को लाभ पहुंच रहा है।

सतना नगर निगम के महापौर श्री योगेश कुमार ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की लंबी श्रृंखला है। देश के कई प्रदेशों में अपने सेवा भाव के साथ हर क्षेत्र में नागरिकों की सेवा कार्य में हर क्षण लगे हुए हैं।


संस्कार भारती के प्रदेश अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ.

चलें हम पेड़ लगाएं... धरती पर हरियाली लाएं' पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना सपना- हरा भरा सतना अभियान के माध्यम से पेड़ लगाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जा रहा है।45 वें स्वास्थ्य शिविर में 566 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के अतिथियों के साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

# सेवा न्यास कार्यस्थल







पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
मुख्यालय भवन 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ,
रीवा रोड, सतना (म.प्र.)

'सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र'
'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगाँव),
जिला-महोबा (उ.प्र.) 471201

## विनम्र श्रद्धाजंलि! शत्-शत् नमन!!



पद्मश्री डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन जी
सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट चित्रकूट, म.प्र.



बैकुंठवासी श्री श्री 1008 स्वामी
शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड




॥ सेवा न्यास के पदाधिकारी गण ॥



डॉ. राकेश मिश्र
(अध्यक्ष)



श्रीमती मालती मिश्रा
(उपाध्यक्ष)



श्रीमती आशा रावत
(सचिव)



श्रीमती रेखा अवस्थी
(कोषाध्यक्ष)



डॉ. (श्रीमती) रचना मिश्रा
(सदस्य)



श्रीमती प्रमिला मिश्रा
(सदस्य)



श्री संकल्प मिश्र
(सदस्य)

प्रकाशक

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)

'नीलकंठ धाम' ग्राम-धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)

gpmsevanyas.org gpmsnyas@gmail.com

Pt. Ganesh Prasad Mishra Seva Nyas

gpmsevanyas gpmsnyas